डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

Join Telegram Channel
Search rojgaraurnirman

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 01.02.2021 से 07.02.2021

गणतंत्र दिवस समारोह

मध्यप्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिये प्रत्येक नागरिक का सहयोग जरूरी

रीवा, देश के हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाया जायेगा। इसके लिये सरकार और शासन के साथ-साथ प्रदेश के प्रत्येक नागरिक का सहयोग आवश्यक होगा। जब प्रदेश के आठ करोड़ लोग आगे कदम बढ़ायेंगे तो प्रदेश के विकास का पथ प्रशस्त हो जायेगा। राज्य सरकार मध्यप्रदेश के लोगों को स्व-रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिये लगातार प्रयास कर रही है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर रीवा के एसएएफ मैदान पर आयोजित समारोह में ध्वज फहराकर आमजन को संबोधित करते हुये कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने परेड की सलामी ली।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान रीवा में गणतंत्र दिवस परेड की सलामी लेते हुये।

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि रीवा प्रदेश का गौरवशाली जिला है। इसके विकास में किसी तरह की कोर-कसर नहीं रहेगी। कोरोना संकट में प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं का रिकॉर्ड उपार्जन हुआ। इसमें रीवा का बहुत बड़ा योगदान था। धान उपार्जन में भी रीवा प्रदेश के पांच प्रमुख जिलों में शामिल है। गेहूं तथा धान के लिये रीवा के किसानों को एक हजार करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है।

श्री चौहान ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को नमन कर रहा हूं। उन्होंने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा नारा देकर देश में आजादी की ज्योति जलाई। अंग्रेजों से अंडमान निकोबार द्वीप को आजाद कराकर नेताजी ने तिरंगा फहराया। आज उन वीरों को नमन किया जा रहा है जिनके त्याग और बलिदान से देश को आजादी मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमने कोरोना को हराने की निर्णायक लड़ाई लड़ी। प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर कोरोना वॉरियर्स का सम्मान तथा लॉकडाउन किया गया। लाखों प्रवासी मजदूरों को वाहन, भोजन और उपचार सेवाएं दी गईं। अब कोरोना संकट के बादल छट रहे हैं। कोरोना रिकवरी की दर 96.6 प्रतिशत हो गई है। कोरोना से संघर्ष का पराक्रम अतुलनीय है।

श्री चौहान ने कहा कि आयुष्मान योजना से दो करोड़ से अधिक हितग्राहियों को हर वर्ष पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क उपचार सहायता दी जा रही है। प्रदेश में 2024 तक हर गरीब को पक्के आवास की सुविधा दी जायेगी। प्रदेश में आगामी चार सालों में हर घर को नल से जलापूर्ति की व्यवस्था होगी। इसके लिये 12 हजार से अधिक गांवों में समूह नलजल योजना का कार्य शुरू हो गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन के लिये मोबाइल के माध्यम से आय तथा निवास प्रमाण पत्र की सुविधा दी जायेगी। प्रदेश में महिला स्व-सहायता समूह शानदार कार्य कर रहे हैं। उन्हें हाल ही में 900 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की गई है। लोकल को वोकल बनाने के हर संभव प्रयास किये जायेंगे। विन्ध्य में उन्नत सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है।

मनरेगा में हुआ रिकॉर्ड काम

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोरोना संकट में मनरेगा योजना से रिकॉर्ड काम हुआ। दिव्यांगजनों को पेंशन, खाद्यान्न तथा छात्रवृत्ति का नियमित वितरण किया गया। शासकीय सेवकों का वेतन नियमित किया गया। उनकी एरियर्स की राशि का भी पाई-पाई भुगतान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि रीवा सहित पूरे विन्ध्य क्षेत्र के विकास के प्रयास किये जायेंगे। इसके लिये कार्य योजना बना ली गई है जिस पर तेजी से काम किया जायेगा।

बेटियों को आगे बढ़ने का अवसर

श्री चौहान ने कहा कि बेटियों को आगे बढ़ने का पूरा अवसर दिया जायेगा। नारी सुरक्षा और सम्मान के लिये पंख अभियान शुरू किया गया है। किसानों को फसल बीमा तथा किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है। किसानों को एक वर्ष में 83 हजार करोड़ रुपये से अधिक का लाभ दिया जा चुका है। जीरो प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण की योजना पुनः शुरू हो गई है। इससे गरीबों को शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रसूति सहायता, बीमा सुरक्षा तथा अन्त्येष्टि सहायता का लाभ मिलेगा।

मध्यप्रदेश में

आठ मार्च और पांच जून को भी होंगी ग्रामसभाओं की बैठकें

भोपाल, राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि वर्ष में पूर्व से निर्धारित चार ग्रामसभाओं के अलावा प्रत्येक वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च एवं विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को भी ग्राम सभा की विशेष बैठक आयोजित की जायेंगी।

पंचायत राज संचालनालय द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं कि ग्रामसभाएं रोटेशन में ग्राम पंचायत के सभी ग्रामों में पृथक-पृथक आयोजित की जाएं। जब ग्राम पंचायत के मुख्यालय के गांव में ग्राम सभा का आयोजन हो तो सभी ग्रामों के लोग उपस्थित रहें। वर्तमान में प्रत्येक ग्राम सभा के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी सामान्यतः क्लस्टर/सेक्टर लेवल के होते हैं। कुछ चयनित ग्रामसभाओं में जिला या विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिये कहा गया है। कोरम की पूर्ति एक औपचारिकता का विषय नहीं। ग्राम सभा आयोजन का प्रचार-प्रसार किया जाये जिससे कोरम की पूर्ति हो सके। ग्राम सभा की वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिये गये हैं। ग्राम सभा की बैठक का कार्रवाई विवरण बैठक समाप्त होने के पूर्व पढ़कर सुनाया जाये।

संचालक पंचायत राज श्री बी.एस. जामोद ने कहा कि ग्रामसभाओं की बैठकों को आकर्षक तथा रोचक बनाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं अन्य विकास विभागों का आई.ई.सी. मटेरियल, दृश्य, श्रव्य माध्यमों से डिस्प्ले की व्यवस्था की जाये। ग्रामसभा की बैठकों में महिलाओं, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग, युवाओं तथा दिव्यांगों की उपस्थिति ग्रामसभाओं की जनसंख्या के अनुपात में सुनिश्चित की जाए। कोविड-19 के तहत शासन स्तर से जारी निर्देशानुसार प्रभावी कार्रवाई करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित हो।

खास खबर

हर साल पांच विद्यार्थियों को मिलेगा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस पराक्रम पुरस्कार

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपाल स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद कहा है कि पराक्रमपूर्ण तथा उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदेश के पांच विद्यार्थियों को प्रति वर्ष नेताजी सुभाष चन्द्र बोस पराक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

अंदर के पृष्ठों पर

- खेल चर्चा- प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- सामयिकी- देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- चर्चा में- प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- पिछला सप्ताह- देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

देवास में विकास कार्यों का लोकार्पण

महिला स्व-सहायता समूह को गेहूं खरीदी का अवसर दिया जायेगा

देवास, देवास जिले के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। इसके लिए पूरी कार्य योजना बनाई गई है। नये उद्योग जिले में खोले जायेंगे। यहां 2 हजार 167 करोड़ रुपये की राशि आगामी 5 वर्षों में उद्योगों की स्थापना में व्यय की जायेगी। इससे 30 हजार युवाओं को रोज़गार के अवसर मिलेंगे। साथ ही स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने देवास में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन करते हुये कहीं।

श्री चौहान ने कहा कि स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उन्हें स्व-रोज़गार से जोड़ा जायेगा। उन्हें समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का अवसर दिया जायेगा। प्रदेश की महिलाओं ने कोरोना काल में दो करोड़ मास्क और साबुन एवं पीपीई किट बनाए। स्व-सहायता समूह की महिलाओं को स्कूली बच्चों के गणवेश बनाने का अवसर दिया जा रहा है। आंगनवाड़ी केंद्रों का पोषण आहार बनाने के लिए जो कारखाने स्थापित किये जायेंगे, उनका संचालन स्व-सहायता समूह की महिलाएं ही करेंगी।

सिंगापुर जैसा हो जाएगा देवास

श्री चौहान ने कहा कि देवास के विकास के लिए क्लस्टर विकसित किया जायेगा। यहां 290 करोड़ रुपये की लागत से पश्चिमी क्षेत्र में सुपर कॉरिडोर बनाया जायेगा तथा 240 करोड़ रुपये की लागत से एबी रोड का कायाकल्प किया जायेगा। देवास का स्वरूप सिंगापुर जैसा हो जायेगा।

फिल्म शूटिंग हो सकेगी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देवास में अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड विकसित किया जायेगा। मीठा तालाब का सौंदर्यीकरण, माता की टेकरी का विकास और शंकरगढ़ पहाड़ी क्षेत्र को विकसित किया जायेगा। इससे एडवेंचर एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। ऐसा प्रयास किया जायेगा की यहां पर फिल्मों की शूटिंग शुरू हो सके। यहां 10 करोड़ रुपये की लागत से पार्क एवं खेल स्टेडियम भी बनाये जायेंगे।

निवेश के लिए मध्यप्रदेश से बेहतर कोई नहीं - मुख्यमंत्री

देवास, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने देवास के औद्योगिक क्षेत्र में बेयरलॉकर इंडस्ट्रीज के नए पॉलीमर एडिटिव प्लांट के शिलालेख का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार निवेश हितैषी सरकार है। निवेश के लिए मध्यप्रदेश से बेहतर कोई नहीं है। देवास में आने वाले सालों में लगभग 30 हजार लोगों को रोज़गार के अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से आह्वान किया कि वे आयें और मध्यप्रदेश में निवेश करें।

श्री चौहान ने कहा कि देवास के विकास के रोडमैप पर चर्चा की है। आने वाले समय में शीघ्र ही देवास देश के सबसे स्वच्छ और सुव्यवस्थित शहरों में शामिल होगा। यहां औद्योगिक विकास के लिए बहुत सम्भावनाएं हैं। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश निर्माण के लिए गुड गवर्नेंस और सुशासन की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद उद्योगपतियों से कहा कि यदि उन्हें नये उद्योग स्थापित करने हैं तो शासन द्वारा शीघ्र-अतिशीघ्र सरलता से क्लीयरेंस दिये जाने के प्रयास किये जायेंगे। आप लोगों को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवास में लैंड पूलिंग के माध्यम से उद्योग स्थापित किये जायेंगे। उद्योग के लिये प्लाट उपलब्ध कराये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने बेयरलॉकर इंडस्ट्रीज द्वारा प्लांट के विस्तारीकरण पर प्रसन्नता जतायी। उन्होंने कहा कि यह प्लांट पर्यावरण हितैषी है। यहाँ लगभग 350 करोड़ रुपये के निवेश का हम स्वागत करते हैं।

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने बेयरलॉकर इण्डस्ट्री के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि श्री चौहान द्वारा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं।

कार्यक्रम में पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से बेयरलॉकर इंडस्ट्रीज के नए पॉलीमर एडिटिव प्लांट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

किसान अधिक से अधिक जैविक खेती अपनायें

ग्वालियर, किसान जैविक खेती अपनाने के लिये आगे आएं और गौ-पालन से भी जुड़ें। उद्यानिकी फसलों एवं जैविक खेती के लिये सरकार अनुदान भी देती है। जैविक तरीके से पैदा किए अन्न से बीमारियां भी नहीं होतीं। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण एवं नर्मदा घाटी विकास राज्यमंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने ग्वालियर में रानीघाटी गौशाला में कहीं। श्री कुशवाह एकादश कुण्डीय रूद्र महायज्ञ में शामिल होने रानीघाटी गौशाला पहुंचे थे।

श्री कुशवाह ने कहा कि गौ-पालन से किसान आर्थिक रूप से सशक्त होंगे। गौ-पालन से दूध के साथ-साथ जैविक खाद का उत्पादन भी किया जा सकता है। रानीघाटी में गौशाला की स्थापना और कोरोना निवारणार्थ यज्ञ करने के लिये राज्यमंत्री श्री कुशवाह ने संत समाज की सराहना की। उन्होंने कहा कि रानीघाटी क्षेत्र में इस पुनीत कार्य के शुरू होने से समाज को सकारात्मक संदेश मिला है।

श्री कुशवाह ने यज्ञशाला में क्षेत्र के विकास एवं शांति के लिए संतजनों की उपस्थिति में पूजा अर्चना की। उन्होंने उपस्थित गुरुदेव सहित सभी संतजनों का माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

बुनियादी सुविधाओं के साथ नगरों को दें भव्य स्वरूप - मुख्यमंत्री

देवास, राज्य सरकार का उद्देश्य नगरों को भव्य स्वरूप देना है किंतु इसके साथ-साथ काम-धंधा और बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा। बड़े शहरों की तर्ज पर जिलों में नगर परिषदों की कार्य योजना बनाकर छोटे शहरों का विकास किया जाये। इसी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाबद्ध कार्य हो। देवास में मां चामुंडा एवं तुलजा भवानी के मंदिरों के विकास में जो बेहतर होगा वह करेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने देवास जिले में नगर निगम देवास के पंचवर्षीय रोडमैप देवास विजन-2021-26 का प्रजेंटेशन देखने के बाद कहीं।

मुख्यमंत्री ने बैठक में देवास विकास योजना में 718 हेक्टेयर के नए औद्योगिक क्षेत्र के विकास तथा 390 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 5.6 किलोमीटर लंबे मिनी सुपर कॉरिडोर को मंजूरी दी। मिनी कॉरिडोर उज्जैन रोड को टाटा एक्सपोर्ट इंदौर रोड तक जोड़ेगा। कॉरिडोर 45 मीटर चौड़ा तथा 6 लेन का होगा। इसके दोनों ओर 150 मीटर क्षेत्र को विकसित करते हुए पूर्व दिशा में अतिरिक्त 150 मीटर चौड़ी आवासीय पट्टी विकसित की जाएगी।

65 करोड़ 90 लाख रुपये के प्रोजेक्ट स्वीकृत

श्री चौहान ने देवास विकास के लिए 4 प्रोजेक्ट की स्वीकृति दी। इनमें एमआर-1 से मिनी सुपर कॉरिडोर को जोड़ने वाला फ्लाय ओवर, कैला देवी चौराहे से मिनी सुपर कॉरिडोर को जोड़ने वाला फ्लाय ओवर तथा मिसिंग लिंक को जोड़ने वाले शेष कार्य शामिल हैं।

कलेक्टर श्री चंद्रमौली शुक्ला ने बताया कि मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के सहयोग से नए औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जाएगा। इस नए औद्योगिक विकास में 400 छोटी-बड़ी कंपनी आएंगी, जिसमें 20 हजार व्यक्तियों को पूर्णकालिक रोज़गार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने पूरी योजना को स्वीकृति प्रदान करते हुए कहा कि देवास निवेश के लिए आदर्श स्थान है।

सिरसौदा में बनेगा पोटेटो क्लस्टर

प्रजेंटेशन में एक जिला एक उत्पाद के तहत सिरसौदा पोटेटो क्लस्टर विकसित करने की योजना प्रस्तुत की गई। इसके तहत 4 लाख 95 हजार 600 वर्ग मीटर में 62 आलू उत्पादक किसानों को भूखंड अपनी इकाई स्थापित करने के लिए दिए जाएंगे।

कलेक्टर ने बताया कि रेलवे लाइन के बायीं तरफ का स्थान खाली पड़ा है, जिसको विकसित करने का प्लान बनाया गया है। इस क्षेत्र में 43 मीटर चौड़ा कॉरिडोर विकसित किया जाएगा।

बैठक में औद्योगिक नीति संवर्धन एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, सांसद श्री महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक श्रीमती गायत्री राजे पवार, विधायक श्री मनोज चौधरी, विधायक श्री आशीष शर्मा, विधायक श्री पहाड़ सिंह कनोजे और जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह राजपूत सहित अन्य जन-प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष-सदस्य चयन समिति पुनर्गठित

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति के चयन के लिये समिति का पुनर्गठन किया गया है।

समिति के सदस्यों में आदिम जाति कल्याण एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री कु. मीना सिंह मांडवे और स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार शामिल किये गये हैं। समिति का मंत्रालयीन कार्य अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा किया जाएगा।

मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक एवं म.प्र. की विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी करें .....
प्रतियोगिता निर्देशिका
ऑनलाइन, मासिक पत्रिका
विख्यात शिक्षाविद् डॉ. जयंतीलाल भण्डारी के मार्गदर्शन में
मात्र ₹15
लॉग-इन करें : www.pratiyogitanirdeshika.com
111, गुमाश्ता नगर, इन्दौर
☎ 0731- 2482060, 2480090
R-45034/2021

अल्पसंख्यक वर्ग के लिये 4 परियोजनाओं को स्वीकृति

भोपाल, केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य विभाग द्वारा प्रदेश में अल्पसंख्यक वर्ग के कल्याण के लिये 4 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गयी है। इसके लिये केंद्र सरकार द्वारा प्रथम किस्त के रूप में 107 करोड़ 49 लाख रुपये की राशि जारी की गयी है।

प्रदेश में अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के शैक्षणिक सुधार के लिये मेरिट-कम-मीन्स छात्रवृत्ति के लिये विभाग द्वारा 1523 विद्यार्थियों के आवेदन स्वीकृति के लिये ऑनलाइन केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को भेजे गये हैं। प्रदेश में प्रधानमंत्री जन-विकास कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित 5 अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में छात्रावास समेत अन्य विकास कार्य पूर्ण कर संचालित किये जा रहे हैं। इनमें कन्याओं के लिये तीन पचास सीटर छात्रावास, एक 100 सीटर बालक छात्रावास भोपाल जिले में पूर्ण किये जाकर संचालित किये जा रहे हैं। इसके अलावा एक-एक 100 सीटर कन्या छात्रावास और कौशल विकास केंद्र श्योपुर, खरगोन, बुरहानपुर में पूर्ण किये जा चुके हैं।

APPOINTMENTS
SHRI UMIYA KANYA MAHAVIDYALAYA
Affiliated to DAVV, Indore & Recognised by DHE, Bhopal, Govt of MP
Umiya Dham, Rangwasa – Rau, Indore – 453331
Contact: 9425347336, 9926500234, 9179625998
Email : principal.sukm@gmail.com,
FACULTY REQUIRED For B. Ed DEPARTMENT
(Under college code 28)
Principal/HOD –1Post, Assistant Professor–Perspectives in Education- 4 Post, Pedagogy Subjects- 8 Post (Mathematics, language, Science and Social Science) Health and Physical Education–1Post, Fine Arts –1 Post, Performing Arts (Music/ Dance/Theatre)– 1 Post
Lab Assistant, Office Assistant Accountant, Peon
* Appointment shall be done as per NCTE/UGC Norms and College Code 28.
* Ph.D, Net/Slet qualified and female candidate will be given first priority.
* Interested candidate may apply at mail within 10 days along with application, CV and self attested copies of all testimonials.
Principal
neelsun
R-45032/2021

आजाद पी 3 एकेडमी
सपनों की उड़ान आप भरें, उन्हे साकार हम करें।
UPSC | MPPSC | MPSI | PATWARI | SAMVIDA 1,2,3
प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सेवा हेतु सम्मानित
MPPSC
PRE + MAINS (HINDI MEDIUM) NEW BATCH START 1 FEB'21
SPECIAL BATCH FOR UPSC (3 YEAR PROGRAM) (HINDI MEDIUM) NEW BATCH START 22 FEB'21
MPSI | SSC | BANK
2 FEB'21 NEW BATCH START
हेड ऑफिस : वेदा बिल्डिंग द्वितीय मंजिल, एप्पल हॉस्पिटल के पास, भंवरकुंआ, इंदौर
0731-4966653 / 54, 97559-16644, 70244-86260, 91092-57973
GANGA
R-45033/2021

तथागत
BEST INSTITUTE FOR UPSC & MPPSC
Separate Batches for English & Hindi Medium
Effort is important, but knowing where to make an effort makes all the difference.
MPPSC 2017 & 2018 Performers
2nd RANK Shivangi Agrawal DEPUTY COLLECTOR
3rd RANK Juhi Gupta DEPUTY COLLECTOR
7th RANK Bhavya Tripathi DEPUTY COLLECTOR
24th RANK Vijay Yadav DEPUTY COLLECTOR
MPPSC 2020-21 Target & Fouundation Batch
नये सिलेबस पर आधारित
● अत्याधुनिक कक्षाएं
● नए पाठ्यक्रम के अनुसार उत्तरलेखन शैली पर विशेष ध्यान
● लाईब्रेरी की सुविधा
● साप्ताहिक मध्यप्रदेश के समसायिक घटनाक्रम की विशेष कक्षाएं
● विषय विशेषज्ञों एवं चयनित अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन
● प्रतिदिन क्लास टेस्ट (पिछले दिन के क्लास लेक्चर पर आधारित)
125+ Students qualify for MPPSC Mains-2019
Limited Seats
ADMISSION OPEN
First come first served basis
अपनी सफलता सुनिश्चित करें।
Vedant ADVT
Top Floor, Orange Business Park, Near Apple Hospital, Bhavar Kuan, Indore
Mob.: 8839177961, 8435181328
R-45031/2021

प्रयासKSG
An institute for MPPSC Examination
Build Your Own Success Story
UPSC में 2000 से अधिक सलेक्शन देने के बाद MPPSC को समर्पित KSG का प्रतिबद्ध संस्थान
प्रयासKSG
Our Proud Achievers (MPPSC)
Rachna Sharma 2nd Rank
Gagan Bisen 7th Rank
Tanmay 15th Rank
MPPSC
SPECIAL PRELIMS OFFLINE BATCH
Both English and Hindi Medium
DEMO CLASS AVAILABLE
TEST SERIES AVAILABLE
Admission Open
दिल्ली एवं म.प्र. के अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन
Convenience through Online mode with the same quality of Offline Classes
93029 63679, 72239 01339, 0755-4940022
R-45035/2021

सम्पादकीय

मध्यप्रदेश में 'पंख' अभियान

बेटियों की सुरक्षा, जागरुकता, पोषण, ज्ञान तथा स्वास्थ्य का अनूठा अभियान है 'पंख'। मध्यप्रदेश में बेटियों और महिलाओं के विकास की राह की सभी बाधाओं को दूर किया जायेगा। बेटियां आकाश से आगे जाकर अंतरिक्ष तक उड़ान भरें। इसके लिये पूरी ताकत से 'पंख' अभियान का संचालन मिशन मोड पर किया जायेगा। बेटियों के साथ अपराध करने वाले तत्वों को सरकार 'क्रश' कर देगी। ऐसे अपराधियों की संपत्ति नष्ट कर दी जायेगी। सजा भी ऐसी देंगे की जमाना याद रखेगा। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। श्री चौहान भोपाल स्थित मिंटो हॉल में पंख अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिशु के कोख में आने से लेकर मृत्यु के बाद तक परिवार की सहायता के लिये मध्यप्रदेश में अनेक योजनायें चल रही हैं। सभी योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान लाना है। यह हम सभी का दायित्व भी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सार्वजनिक जीवन में कार्य प्रारंभ करने के साथ ही उन्होंने बालिका और महिला कल्याण को प्राथमिकता दी है। वर्ष 1990 में विधायक बनने के बाद और वर्ष 1991 से सांसद के रूप में मित्रों के सहयोग से अभावग्रस्त कन्याओं के विवाह के लिये सहायता देने का कार्य शुरू किया था। वर्ष 2005 में मुख्यमंत्री बनने के बाद मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना और गांव की बेटी योजना के क्रियान्वयन पर फोकस किया। आज सुखद अनुभव हो रहा है जब इतनी बड़ी संख्या में लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ कन्याओं को मिल रहा है। श्री चौहान ने बताया कि प्रदेश में महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और आर्थिक लाभ दिलवाने का कार्य भी काफी सफल रहा है। पुलिस बल में बेटियों की भर्ती के लिये प्रावधान कर उन्हें सशक्त बनाने की ठोस पहल की गयी है। बेटियां लंबी उड़ान उड़ें, इसके लिये हम सभी को जुटना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के कल्याण के लिये अनेक योजनायें संचालित हैं। इन्हें गति प्रदान की जायेगी। प्रदेश में शुरू हुआ 'पंख' अभियान अनूठा है, जो बालिकाओं के संरक्षण, जागरण, पोषण, ज्ञान, स्वास्थ्य और स्वच्छता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंख अभियान के लिये हिंदी में अभिप्राय पावक (अग्नि), अंतरिक्ष, नीर (पानी), क्षितिज और हवा से है। यह अभियान बालिकाओं और महिलाओं की निराशा को दूर करेगा। भारत सरकार की 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना किशोरियों को चहुंमुखी विकास के लिये मदद करती है। मध्यप्रदेश में इसे नया स्वरूप दिया गया है। 'पंख' अभियान भी इसी योजना का हिस्सा है। जिसके अंतर्गत अगले दो महीनों की गतिविधियों का कैलेंडर तैयार किया गया। अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के सहयोग से किशोरियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा को सुनिश्चित किया जायेगा। किशोरियों का डाटा-बेस तैयार किया जायेगा। इससे उनके विकास में सहयोग मिलेगा। जनप्रतिनिधियों और अशासकीय संस्थाओं को भी अभियान से जोड़ा जायेगा। बालिका जन्म को प्रोत्साहन, बाल-विवाह प्रतिषेध अधिनियम, पाक्सो एक्ट, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्रचार-प्रसार, किशोरियों और उनके अभिभावकों को कुप्रथाओं की समाप्ति के लिये जागरूक करना, किशोरियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना, उनके पोषण के स्तर को सुधारना, पंचायत स्तर पर वोकेशनल ट्रेनिंग देना और उनकी नेतृत्व क्षमता विकसित करना अभियान के अंग हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में गांवों की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, मातृ-वंदन योजना, उदिता योजना, वन स्टॉप सेंटर का संचालन और लाडो अभियान के संचालन का उद्देश्य किशोरियों और महिलाओं की ताकत बढ़ाना है। उल्लेखनीय है मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं के लिये अनेक योजनाओं का संचालन कर रही है। इन योजनाओं के सफलतापूर्वक संचालन का ही परिणाम है कि प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं की स्थिति दिनोंदिन बेहतर होती जा रही है।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

जल चक्र - जल जीवमंडल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह जीवन के सभी रूपों, पौधों, प्राणियों और मनुष्य के लिये आवश्यक है। जल चक्र की दो स्पष्ट शाखाएं हैं- वायुमंडलीय शाखा और पार्थिव शाखा। वायुमंडल में पानी मुख्यतः गैसीय रूप में होता है। पृथ्वी पर यह अधिकांशः तरल रूपों में और ठोस (हिम) रूपों में है। जीवमंडल के लिये पानी महत्वपूर्ण है, क्योंकि पानी से ही जीवमंडल अपने सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व हाइड्रोजन को प्राप्त करता है। कार्बोहाइड्रेट के रूप में हाइड्रोजन सभी जीवन प्राणियों के लिये ऊर्जा के अत्यधिक महत्वपूर्ण स्रोत का निर्माण करता है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व कैंसर दिवस 4 फरवरी

कैंसर से बचना कठिन है, मगर नामुमकिन नहीं

कैंसर और उसके उपचार को लेकर जो एकाधिक जुमले प्रचलन में हैं उसमें यह जुमला कि- कैंसर से बचना कठिन है, मगर नामुनकिन नहीं ज्यादा सटीक और उपयुक्त लगता है। वैसे कैंसर को लेकर सबसे प्रचलित जुमला तो यह है कि- 'कैंसर से डरिये नहीं, कैंसर से लड़िये'। यह बात कहने-सुनने में जितनी सहज है उस पर अमल करना उतना ही कठिन है। इतना भयावह होता है कैंसर का होना और उसका उपचार कि कैंसर के होने का पता चलते ही मरीज को लगता है कि उसके जीवनकाल की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। मरीज को लगने लगता है कि काल उसके सिराहने खड़ा है और उससे कह रहा है - 'तुम्हारा समय शुरू होता है अब'। ऐसे भयोत्पादक माहौल में कुछ मरीज अपने भय को भुलाने का उपक्रम करते हैं मगर एक स्थिति में सब कुछ रेत के माफिक हथेलियों से रिस जाता है। कभी-कभी तो कैंसर पीड़ितों के मृत्यु के चौकाने वाले आंकड़े देखकर डर लगता है। कैंसर के सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल भी कैंसर पीड़ितों के जीवनकाल को कुछ साल बढ़ाने के निमित्त ही हैं। इस सबके बावजूद जब हम यह कहते हैं कि कैंसर से बचना कठिन है मगर नामुमकिन नहीं तो हम वस्तुतः कैंसर का उपचार कर रहे और इस रोग के लिये अनुसंधान कर रहे चिकित्सकों और चिकित्सा विशेषज्ञों की कोशिशों पर विश्वास जता रहे होते हैं। कैंसर चिकित्सा के सघन अनुसंधान में जुटीं एक डॉक्टर कहती हैं कुछ अनुसंधान केवल अकादमीय प्रयोजन से नहीं मानव सेवा के निमित्त होते हैं और कैंसर की रोकथाम के लिये शोध एवं अनुसंधान को इसी श्रेणी में रखा जाता है।

पिछले लगभग चार साल से मीडिया में छप रही कैंसर से जुड़ी खबरों पर नजर रखने वाले एक मीडियाकर्मी बताते हैं कि कैंसर से जुड़ी खबरें सभी समाचार-पत्रों और पत्रिकाओं में एक नियत अंतराल से छपती रहती हैं। वर्गीकरण के लिहाज से इन खबरों को तीन भागों में बांटा जा सकता है। पहले भाग में कैंसर की पड़ताल और उसके उपचार से जुड़ी शोध एवं अनुसंधान से जुड़ी खबरें आती हैं। इस भाग में ऐसी खबरें प्रमुखता के साथ छपती हैं जैसे किसी यूनिवर्सिटी में हुए अनुसंधान की खबर, जिसमें वहां के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा टेस्ट विकसित किया है जो सभी तरह के कैंसर में पाये जाने वाले डी.एन.ए. के आधार पर जांच कर इलाज को सुगम बना देता है या लॉस एंजेलिस की यूनिवर्सिटी ऑफ कैलीफोर्निया द्वारा कैंसर की वापसी की रोकथाम के लिये एक ग्रे के ईजाद की खबर या फिर एम्स-भोपाल में आयोजित पैथोलॉजिस्ट के वैश्विक समागम में दी गई यह खबर कि एम्स भोपाल में कैंसर का पर्सनलाइज्ड मेडिसिन से कारगर इलाज संभव है या फिर मैसाच्युएट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में विकसित सैंसरयुक्त उस टेबलेट की खबर जो पेट के कैंसर का पता लगा सकेगी। इस समय विश्व में प्रतिवर्ष लाखों मरीजों में कैंसर के होने की पहचान हो रही हो और हर साल विश्व में लाखों मरीजों की कैंसर से मृत्यु हो रही हो तो ऐसी खबरें कैंसर पीड़ितों के लिये उम्मीद की एक किरण के सादृष्य होती हैं। ऐसी खबरों के साथ एक बड़ी खामी उसके ठीक से फॉलोअप (अनुगमन) न होने की होती है और ऐसे शोध का लाभ कहां मिल रहा है इसकी ठीक-ठीक खबर कई बार कैंसर पीड़ितों को नहीं मिल पाती है।

एम्स, भोपाल में सम्पन्न इन्टरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ मेडिकल एक्सपर्ट्स इन पैथोलॉजी में जब एम्स की डॉक्टर ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में सबसे ज्यादा लैक्चर और केस डिस्कशन कैंसर पर हुए, क्योंकि

कैंसर की जांच आज भी एक चुनौती है तब लगा मामला वाकई गंभीर है। डॉ. कपूर के इस कथन की पुष्टि भी तब हुई जब इस कॉन्फ्रेंस में कैंसर की पड़ताल को लेकर व्यापक विमर्श हुआ। विश्व कैंसर दिवस, 4 फरवरी के आसपास तो कैंसर को लेकर चर्चाएं काफी बढ़ जाती हैं। इजरायल से आई यह खबर भी कि वहां की एक कंपनी से जुड़े वैज्ञानिक अपने परीक्षण के अंतिम चरण में हैं और अगर वे सफल हो जाते हैं तो वह पहली ऐसी दवा बना लेंगे, जिससे कैंसर को मरीज के शरीर से जड़ से खत्म किया जा सकेगा, वो भी बिना किसी साइड इफेक्ट के। वैज्ञानिकों के अनुसार जल्दी ही इस दवा से कैंसर को जड़ से मिटाना अब मुमकिन हो जायेगा। इस एक खबर से भी कैंसर से ग्रस्त लाखों मरीजों में उम्मीद का संचार तो होता है मगर क्या ऐसा वाकई सम्भव हो पायेगा? यह संशय भी साथ-साथ घनीभूत होने से बात बनती नजर नहीं आती है। ऐसे एक नहीं बीसियों खोज की खबरें रोज किसी न किसी अखबार या पत्रिका में छपती हैं और इस खोज के बाद क्या हुआ इसका जिक्र कहीं देखने को नहीं मिलता है। वस्तुतः कैंसर ही नहीं दुनिया में कई ऐसी जानलेवा बीमारियां हैं, जिनसे बचाव या जिनके उपचार के सफल अनुसंधान की खबरें तो खूब छपती हैं मगर उनके माध्यम से सफल उपचार की खबर सतह पर कम ही आ पाती है।

कोरोना के संक्रमण काल में कैंसर पीड़ितों का जोखिम

कोरोना संक्रमण काल में कैंसर के मरीजों की देखभाल में डॉक्टर्स और कैंसर अस्पतालों को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें कैंसर सर्जरी, कीमोथैरेपी और रेडिएशन के बारे में मुश्किल फैसले लेना शामिल है, खासकर उन मरीजों के मामले में जो अपनी बढ़ती उम्र के कारण अतिसंवेदनशील हैं या फिर कई दूसरी बीमारियों जैसे- हृदय रोग, डायबिटीज, किडनी की बीमारी आदि से पीड़ित हैं। कोविड-19 रोगियों के इलाज के लिए अस्पतालों में बिस्तर की बढ़ती मांग और घर या अस्पताल में क्वारेंटीन को लेकर उत्पन्न भ्रम की स्थिति ने भी कई तृतीयक देखभाल यानी टर्शियरी केयर अस्पतालों को दुविधा में डाल दिया है। कोविड-19 के लिए इस्तेमाल होने वाले बेड्स, उन बेड्स की कीमत पर आ रहे हैं जो अन्यथा कैंसर रोगियों के लिए आरक्षित होते हैं। इस वैश्विक महामारी के बीच, कैंसर के मरीज खुद भी एक मुश्किल या असंभव सी दिखने वाली दुविधा का सामना कर रहे हैं। कैंसर की बीमारी, कीमोथैरेपी, रेडिएशन और इलाज के कई दूसरे तरीकों की वजह से कैंसर के मरीजों का इम्यून सिस्टम बेहद कमजोर हो जाता है और ऐसे लोगों को कोविड-19 का संक्रमण और फिर मौत का खतरा भी काफी अधिक होता है। ऐसे समय में चेकअप, सर्जरी और अन्य कैंसर उपचारों को स्थगित करने का जोखिम कैंसर के मरीजों के दीर्घकालिक अस्तित्व के लिए भी एक बड़ा खतरा है मगर परिस्थिति के आगे वे भी असहाय हैं।

समाचार पत्रों में ऐसी खबरें भी होती हैं, जिसमें दावे के साथ गैर एलोपैथिक उपायों से कैंसर के इलाज का दावा किया जाता है। ऐसी तमाम खबरों की विश्वसनीयता की पड़ताल बड़ी कठिन होती है और पीड़ित के परिजन बड़ी उम्मीद से इन खबरों के प्रति आकर्षित होते हैं और ज्यादातर मामलों में उन्हें निराशा ही हाथ लगती है। एक नहीं बहुतेरे मामले हैं, जहां कैंसर के इलाज के बड़े-बड़े दावे छपते हैं और कैंसर पीड़ितों के परिजन छले जाते हैं। इस एक विडम्बना के बीच कैंसर पीड़ितों और उनके परिजन के बीच 'किसे सच मानें और किसे नहीं' के असमंजस को समाप्त करने के लिये भी मुकम्मल कदम उठाए जाने चाहिए।

कैंसर से जुड़ी खबरों के वर्गीकृत स्वरूप के तीसरे भाग में कैंसर से बचाव के लिये संतुलित जीवनशैली की बात बड़े जोर-शोर से की जाती है। कैंसर से बचाव के लिये खानपान में बदलाव कर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की बात भी की जाती है। हाल ही में एक प्रतिष्ठित हॉस्पिटल की चीफ डायटीशियन ने इस सम्बन्ध में एक आलेख लिखकर कैंसर से बचाव के लिये टमाटर, ब्रोकली, लहसुन, गाजर खाने और कॉफी पीने की सलाह दी है। वैसे क्या खाने से कैंसर की आशंका घटती है इसकी भी बड़ी लम्बी फेहरिस्त है, जिसमें हल्दी से लेकर विदेशी फल कीवी तक और ज्वारे (गेहूं के पौधों) के रस से लेकर कई ऐसी खाद्य वस्तुएं शामिल हैं, जिनमें कुछ महंगे ड्राय फ्रुट से लेकर कुछ दुर्लभ खाद्य पदार्थ भी शामिल हैं। वस्तुतः ऐसे खानपान के सुझाव में ज्यादा जोर इस बात पर दिया जाता है कि इन खाद्य पदार्थों में कैंसररोधी तत्व होते हैं मगर क्या इसमें कुछ निषेध या वर्जनाएं भी हैं इसका कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं होता है। क्या ऐसे खाद्य पदार्थों की कोई व्यक्ति सापेक्षता भी होती है इसका उल्लेख भी उसमें नहीं होता है। इसी परिप्रेक्ष्य में जीवन शैली में बदलाव की बात भी कही जाती है मगर क्या किसी चिकित्सा विशेषज्ञ की सलाह के बिना किसी लेख को पढ़कर ऐसे बदलाव जोखिम भरे नहीं होंगे? वस्तुतः आज से चार-पांच दशक पहले तक धूम्रपान और तम्बाकू और उससे बने उत्पादों और शराब को ही कैंसर का कारण माना जाता था। बाद में इस फेहरिस्त में गर्म-गर्म चाय और प्रदूषित खाद्य पदार्थ सहित बीसियों चीजें और आदतें उसमें शामिल हो गयीं और अब तो हाल यह है कि किसी को कैंसर क्यों होता है, कहना मुश्किल हो गया है और बात जीन्स के परीक्षण तक पहुंच गई है।

कैंसर के खिलाफ लड़ने के लिये रणनीति बनाने और सरकारी और गैर-सरकारी स्वास्थ्य संगठनों, संयुक्त राष्ट्र, डब्ल्यूएचओ द्वारा सभी प्रयासों को समन्वित करने के लिये पूरे विश्व में 4 फरवरी को हर साल विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। इसे कुछ नयी रणनीतियों की योजना के साथ ही कुछ नये कार्यक्रमों को लागू करने के लिये मनाया जाता है जो इस बीमारी के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने में मदद करता है। यू.आई.सी.सी. (अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ) के साथ विमर्श और कैंसर के खिलाफ काम करने वाले दूसरे शोध संस्थानों, उपचार केन्द्रों और संगठनों की सहायता के साथ विश्व कैंसर दिवस को मनाने की योजना की शुरुआत की गई थी। इस घातक बीमारी को नियंत्रित करने और लड़ने के लिये सभी जरूरतों को पूरा करने के लिये विश्व कैंसर दिवस के आयोजन की परम्परा भी आरम्भ की थी। आज यदि किसी बीमारी पर सबसे ज्यादा शोध हो रहा है तो वह बीमारी है- कैंसर। मगर जरूरत है किसी भी कैंसर पीड़ित को यह विश्वास दिलवाने की कि - 'हां कैंसर से मुक्ति संभव है'।

राजा दुबे

(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

(फोटो गूगल से साभार)

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जबलपुर परिक्षेत्र, जबलपुर

ई-मेल : sepheprocjbp@mp.gov.in, दूरभाष क्रमांक : 0761-2347195, 2344457

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 02/नि.प्र./मु.अ./लोस्वायांवि/2020-21 जबलपुर, दिनांक : 21.01.2021

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई हैं। ऑनलाइन निविदा विक्रय करने की **अंतिम तिथि 06.02.2021 सायं 5.00 बजे** तथा निविदा खुलने की तिथि 08.02.2021 है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं।

Name of Work : Piped Water Supply Scheme for Village Keolari & Bineki of Block - Keolari District - Seoni, Including installation of unconventional water treatment plant intake arrangement at source, electrical substation at intake and water Treatment Plant Location, providing laying and Jointing of Rising main, Feeder Main and Distribution Pipeline System, Household Connection Construction of RCC Over Head Tank 225 KL 12m. staging, 175 KL 15m. staging, 175K KL 20 m. staging RCC OHT (M.B.R.) and Sumpwell 125 KL and Pumphouse including cost of all material and labour with testing and commissioning and 90 Days of successfull trial Run of entire scheme under Jal Jeevan Mission (JJM) for Quality affected areas.

S. No.	Tender ID	Name of Division	Name of Village/Block	PAC (Rs. in Lakhs)	e-EMD in Rs.	Cost of Tender in Rs.
1.	2021_PHED_125093_1	Seoni	Keolari & Bineki	715.42	715420/-	20000/-

जी-18004/45110/2021 कार्यपालन यंत्री (प्रोक्योरमेंट)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालाघाट
ई-टेंडरिंग निविदा आमंत्रण

बालाघाट जिले के विकासखण्ड लालबर्रा के ग्रामों में स्कूल एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में पेयजल व्यवस्था हेतु मुहरबंद निविदा प्रपत्र "अ 2.10" (प्रतिशत दर) में एम.पी. टेण्डर्स पद्धति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, जो कि एम.पी. टेण्डर्स सिस्टम पोर्टल के **http://mptenders.gov.in** द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदा प्रक्रिया की जावेंगी।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

ई-टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक	निविदा क्रमांक/ आमंत्रित दिनांक	कार्य की अनुमानित लागत (राशि रु. लाख में)	धरोहर राशि अर्नेस्ट मनी (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	निविदा प्रपत्र क्रय करने की एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	ऑनलाइन खुलने की तिथि	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
2021_PHED_124684_1	108/ 19.01.2021	393.58	393580/-	15000/-	3 माह	02.02.2021	04.02.2021	लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन

निविदा आमंत्रण सूचना, विस्तृत विवरण एवं Key dates की जानकारी वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

नोट - 1. सभी इच्छुक ठेकेदार ई-टेंडरिंग पोर्टल **(http://mptenders.gov.in)** में पंजीयन करायें। 2. निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। यह संशोधन केवल **http://mptenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किये जायेंगे निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क क्रेडिट कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाइन पर ही क्रय किये जा सकते है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
जी-18014/45111/2021 बालाघाट (म.प्र.) फोन - 07632-241131

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बड़वानी (म.प्र.)

E-mail : eephedbar@mp.nic.in, Tel & Fax : 07290-224203

नि.आ.सू.क्र./50/निविदा/का.यं./लोस्वायां/2021 बड़वानी, दिनांक : 20.01.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://mptenders.gov.in/** पर बड़वानी जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग कार्य अंतर्गत पाइप लाइन, घरेलु नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं :

सिस्टम टेण्डर क्रमांक	विकास खण्ड	ग्राम का नाम	निविदा की कुल लागत (PAC) रु. लाख में	धरोहर राशि (EMD) रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
2020_PHED_124983_1	राजपुर	संगवी नीम	90.58	90580/-	10000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत
2020_PHED_124984_1	राजपुर	जलगांव	144.134	144134/-	12500/-	04 माह वर्षाकाल सहित	
2020_PHED_124985_1	ठीकरी	लफनगांव, मेहगांव डेब, अभली, कापलियाखेड़ी, अजंदी, गलवा	329.001	329001/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
2020_PHED_124986_1	ठीकरी	वांदरकच्छ सेमलदा डेब, हटोला, रणगाँव, नंदगाँव	418.801	418801/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
2020_PHED_124987_1	ठीकरी	मोहपुरा, उमरदा, कोडिया, टीटगारिया	170.73	170173/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित	

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - 04.02.2021 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 04.02.2021 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि - 06.02.2021 12.00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर जरूर देखें।

कार्यपालन यंत्री
जी-18141/45021/2021 लो.स्वा.यां. खण्ड, बड़वानी

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम् मण्डल होशंगाबाद

office E-mail ID : seresnarmda@mp.gov.in, office Phone No. : 07574-250166

क्र. 63/निविदा/ग्रायांसे/2021 होशंगाबाद : 12.01.2021

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 03/2020-21 (प्रथम आमंत्रण)

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से ऑनलाइन मोहरबंद प्रतिशत दर पर निविदायें फार्म "ए" (Appendix 2.10) पर ग्रायांसे संभाग होशंगाबाद की म.प्र. लोक निर्माण विभाग के केंद्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य/सक्षम श्रेणी में पंजीकृत सी श्रेणी ठेकेदारों से 2 कवर पद्धति में **ग्रायांसे में प्रचलित एस.ओ.आर. दिनांक 04.01.2019 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) दर** के आधार पर अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम मंडल होशंगाबाद के कार्यालय में ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं।

क्र.	सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य का नाम	निविदा की अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	कार्य अवधि वर्षाकाल सहित (माह में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	2021_RES_123058	शा. हाईस्कूल डांडीवाड़ा विकासखण्ड केसला में वाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य। (163 मीटर)	691423/-	14000/-	03 माह	2000/-
2.	2021_RES_123059	शा. हाईस्कूल सहेली विकासखण्ड केसला में वाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य। (401 मीटर)	1649553/-	33000/-	06 माह	2000/-
3.	2021_RES_123060	शा. हाईस्कूल जमानी विकासखण्ड केसला में वाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य। (360 मीटर)	1391487/-	28000/-	06 माह	2000/-
4.	2021_RES_123062	शा. हाईस्कूल सुखतवा विकासखण्ड केसला में वाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य। (164 मीटर)	687271/-	14000/-	03 माह	2000/-
5.	2021_RES_123063	शा. हाईस्कूल घाटली विकासखण्ड केसला में वाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य। (232 मीटर)	903228/-	18100/-	04 माह	2000/-
6.	2021_RES_123064	शा. हाईस्कूल भट्टी विकासखण्ड केसला में वाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य। (120 मीटर)	477712/-	9600/-	03 माह	2000/-
7.	2021_RES_123065	शा. हाईस्कूल झुनकर विकासखण्ड केसला में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। (360 मीटर)	594123/-	12000/-	03 माह	2000/-
		योग	**6394797/-**	**(शब्दों में तिरेसठ लाख चौरानवे हजार सात सौ संतानवें रुपये मात्र।)**		

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्य की निविदा आमंत्रण की निम्नानुसार तिथियां निर्धारित की जाती हैं :-

क्र.	विवरण	तिथि	समय
1.	निविदा ऑनलाइन प्रकाशित होने के तिथि	18.01.2021	17.30
2.	निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की प्रारंभिक तिथि	19.01.2021	17.30
3.	ऑनलाइन बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि	20.01.2021	17.30
4.	ऑनलाइन बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	01.02.2021	17.30
5.	ऑनलाइन निविदा खुलने की तिथि	02.02.2021	17.30

निविदा प्रपत्र (Tender Document) वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन प्रकाशित एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किए जाएँगे। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
जी-18031/45112/2021 नर्मदापुरम् मण्डल होशंगाबाद

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड शहडोल, पाण्डव नगर शहडोल (म.प्र.)

Website : www.mpphe.gov.in, E-mail : eephedshd@mp.nic.in
Phone No. : 07652-240307, Fax No. : 07652-240307

निविदा विज्ञप्ति सूचना

निम्नलिखित कार्यों की निविदा ई-टेंडरिंग पद्धति से **Website http://mptenders.gov.in** निविदा प्रारूप एपेन्डिक्स 2.10 पर आमंत्रित की जाती हैं। जिसमें ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय की अंतिम तिथि 04.02.2021 सायं 5.30 बजे तक नियत है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

निविदा क्र.	ऑनलाइन निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र की राशि (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा आमंत्रण संख्या
166	125168	शहडोल जिले के विकासखण्ड सोहागपुर के ग्राम बरतरा में नलजल योजना के रेट्रोफिटिंग का कार्य।	59.79	59790/-	10000/-	09 माह	द्वितीय
167	125169	शहडोल जिले के ग्राम देवगवां नलजल योजना विकासखण्ड सोहागपुर की रेट्रोफिटिंग का कार्य।	39.22	50000/-	5000/-	03 माह	तृतीय
168	125170	शहडोल जिले के विकासखण्ड बुढार के ग्राम चंगेरा में नलजल योजना के रेट्रोफिटिंग का कार्य।	54.62	54623/-	10000/-	09 माह	द्वितीय
169	125171	शहडोल जिले के विकासखण्ड बुढार के ग्राम गिरवा में नलजल योजना के रेट्रोफिटिंग का कार्य।	47.35	50000/-	5000/-	09 माह	द्वितीय

1. यह संक्षिप्त निविदा है विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी **Website http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. सभी शर्तें विस्तृत निविदा की लागू होंगी।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड
जी-18145/45022/2021 शहडोल (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, परियोजना खण्ड कटनी
निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 98-105/2020-21

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं सूचना क्रमांक 98-105/2020-21 ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर कटनी जिले के विभिन्न विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत आर.सी.सी. ओवर हैड टैंक निर्माण, सी.सी. सम्पवेल निर्माण मोटर पंप स्थापना, पंप हाउस/सम्पवेल निर्माण पाइप लाइन बिछाने का कार्य, घर-घर कनेक्शन एवं योजना का 90 दिन ट्रायलरन सफल संचालन एवं संधारण कार्य हेतु निम्नानुसार आमंत्रित है।

निविदा क्रमांक	सिस्टम निविदा क्र.	विकास खण्ड	ग्राम की संख्या	निविदा की कुल लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
98/20_21	2021_PHED_124299	BADWARA	3	239.28	239280	15000	6 माह	Registered under M.P. PWD New centralized registration Scheme
99/20_21	2021_PHED_124300	BADWARA	3	279.30	279300	15000	6 माह	
100/20_21	2021_PHED_124301	BADWARA	2	201.87	201870	15000	6 माह	
101/20_21	2021_PHED_124302	BADWARA	3	252.79	252790	15000	6 माह	
102/20_21	2021_PHED_124303	RITHI	3	167.29	167290	12500	6 माह	
103/20_21	2021_PHED_124304	RITHI	3	135.52	135520	12500	6 माह	
104/20_21	2021_PHED_124305	RITHI	2	151.69	151690	12500	6 माह	
105/20_21	2021_PHED_124349	RITHI	2	124.32	124320	12500	6 माह	

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - 06.02.2021 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - **06.02.2021 17.30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि - 08.02.2021 12.00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जी-18044/45013/2021 परियोजना खण्ड कटनी, फोन नं. - 07622-225752

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड शिवपुरी, म.प्र.

दूरभाष क्रमांक 07492-223269

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण के अपेण्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर ई-निविदायें Online आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का नाम :- शिवपुरी जिले की निम्नानुसार नलजल प्रदाय योजनाओं के अंतर्गत उच्च स्तरीय टंकी, सम्पवेल निर्माण, पाइप लाइन बिछाना, घरेलू नल कनेक्शन इत्यादि कार्य।

क्र.	निविदा सूचना क्रमांक	सिस्टम टेंडर क्रमांक	विकास खण्ड	ग्राम का नाम	कार्य की अनु. लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	170/2020-21	2021_PHED_124412_1	पिछोर	बिरोली	366.39	366500	15000
			खनियाधाना	नोहरा, कालीपहाड़ी, सिलपुरा, पोठियाई, मनका			
2.	171/2020-21	2021_PHED_124417_1	खनियाधाना	रही, पुरा, पिपरा, मुहांसा	276.97	277000	15000

निविदा क्रय/डाउनलोड दिनांक - 22.01.2021 समय 10.30 बजे से 06.02.2021 समय 17.30 तक
विड सबमिशन प्रारंभ दिनांक - 22.01.2021 समय 10.30 बजे से
विड सबमिशन अंतिम दिनांक - **06.02.2021 समय 17.30 बजे तक**
तकनीकी विड खोलने का दिनांक - 08.02.2021 समय 11.30 बजे

नोट - यह निविदा का संक्षिप्त भाग है। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। समस्त संशोधन उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित किये जावेंगे। संशोधनों का पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

सदस्य सचिव डी.डब्ल्यू.एस.एम. एवं कार्यपालन यंत्री
जी-18055/45014/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, खण्ड शिवपुरी, म.प्र.

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय
खण्ड-घ प्रथम तल विन्ध्याचल भवन भोपाल, मध्यप्रदेश
विज्ञापन

'विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस' दिनांक (15 मार्च 2021) के अवसर पर उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागृति उत्पन्न करने एवं विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश में **mp.mygov.in** के माध्यम से ऑनलाइन राज्य स्तरीय पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया जाना है। जिलों से प्राप्त उत्कृष्ट पोस्टर एवं निबंध प्रविष्टियों में से चयनित सर्वश्रेष्ठ 3-3 प्रविष्टियों पर पृथक-पृथक निम्नानुसार राज्य स्तरीय पुरस्कार दिये जावेंगे :-

1. प्रथम पुरस्कार मय प्रशस्ति पत्र रुपये 6,000/-
2. द्वितीय पुरस्कार मय प्रशस्ति पत्र रुपये 4,000/-
3. तृतीय पुरस्कार मय प्रशस्ति पत्र रुपये 2,000/-

प्रतियोगिता हेतु आवेदन संबंधी जानकारी :-

1. पोस्टर फुलस्केप चार्ट पेपर पर बनाया जावे।
2. पोस्टर का शीर्षक - **'नवीन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019'।**
3. निबंध लेखन का शीर्षक - **'नवीन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के मुख्य प्रावधान एवं महत्व'** शब्द-सीमा-1500, शब्द-सीमा का विशेष ध्यान रखा जावे।
4. **mp.mygov.in** पर विद्यालयीन छात्र अपना पंजीयन कर पोर्टल पर दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए प्रतियागिता में भाग ले सकेंगे।
5. जिले के समस्त विद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता में अपनी प्रविष्टि **6 फरवरी 2021 तक** पूर्ण कर ली जावे।
6. प्रविष्टियां सब्मिट करते समय सबसे पहले मुख्य विषय का नाम, प्रतिभागी का नाम, कक्षा, विद्यालय का नाम, जिले का नाम, पता, ई-मेल एड्रेस और मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।
7. प्रतिभागी प्रविष्टि को पोर्टल पर अपलोड करने के बाद मूल प्रति को जिला स्तरीय चयन हेतु कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा के पते पर **9 फरवरी तक** अनिवार्य रूप से जमा करें।
8. विद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता में अथवा निबंध प्रतियोगिता में अथवा दोनों में प्रतिभागिता की जा सकती है।

संचालक
जी-18099/45017/2021 खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मध्यप्रदेश

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इंदौर परिक्षेत्र, इंदौर

फोन - 0731-2541498, फैक्स : 0731-2536575
(Email ID cephedind@nic.in & cephedind@gmail.com)

निविदा सूचना क्रमांक - 28/2020-21 दिनांक 21.01.2021

इंदौर परिक्षेत्र के अंतर्गत अलीराजपुर खण्ड में जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों की नलजल योजनाओं के क्रियान्वयन कार्य हेतु निम्नानुसार निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-टेण्डर पोर्टल **(http://www.mptenders.gov.in/nicgep/app)** पर निविदा प्रपत्र "अपेडिक्स-2.10" प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम टेंडर क्रमांक	जिले/खण्ड का नाम	विकास खण्ड	योजनाओं/ग्रामों की संख्या	आमंत्रण का प्रकार	कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि रु.	निविदा विक्रय एवं जमा की जाने की अंतिम तिथि
1.	2020_PHED 124972_1	Alirajpur	Sondwa	03	प्रथम आमंत्रण	623.12	623200/-	**04.02.2021**
2.	2020_PHED 124973_1	Alirajpur	Katthiwada	05	प्रथम आमंत्रण	570.38	570400/-	04.02.2021
3.	2020_PHED 124974_1	Alirajpur	Alirajpur	03	प्रथम आमंत्रण	622.55	622600/-	04.02.2021
4.	2020_PHED 124975_1	Alirajpur	Jobat	05	प्रथम आमंत्रण	729.63	729700/-	04.02.2021
5.	2020_PHED 124976_1	Alirajpur	Udaigarh	06	प्रथम आमंत्रण	596.26	596300/-	04.02.2021
6.	2020_PHED 124977_1	Alirajpur	Chandra Shekhar Azad Nagar	08	प्रथम आमंत्रण	749.96	750000/-	04.02.2021

नोट :- 1. निविदा के अन्य विवरण की विस्तृत जानकारी **http://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. उपरोक्त निविदाओं में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। उक्त संशोधन केवल उपरोक्त वेवसाइट पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

अधीक्षण यंत्री (प्रोक्योरमेंट)
जी-18077/45015/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इंदौर परिक्षेत्र, इंदौर

कार्यालय अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम् मण्डल होशंगाबाद

Office Email ID - seresnarmda@mp.gov.in, Office Phone No. 07574-250166
क्र. 100/निविदा/ग्रावांसे/2021 होशंगाबाद, 19.01.2021

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 04/2020-21 (प्रथम आमंत्रण)

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से ऑनलाइन मोहरबंद प्रतिशत दर पर निविदायें फार्म "ए" (Appendix 2.10) पर ग्रावांसे संभाग वैतूल की म.प्र. लोक निर्माण विभाग के केन्द्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य/सक्षम श्रेणी में पंजीकृत सी श्रेणी ठेकेदारों से 2 कवर पद्धति में ग्रावांसे में प्रचलित एस.ओ.आर. दिनांक 04.01.2019 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) दर एवं विद्युतीकरण हेतु लोक निर्माण विभाग में प्रचलित एस.ओ.आर. दिनांक 01.04.2014 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) दर के आधार पर अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम् मंडल होशंगाबाद के कार्यालय में ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य का नाम	निविदा की अनुमा. लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	कार्य अवधि वर्षाकाल सहित (माह में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	2021_RES_124322	पशु औषधालय निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण सहित ग्राम वारव्दी, वि.ख. वैतूल, जिला वैतूल	866206/-	17500/-	04 माह	2000/-
2.	2021_RES_124323	पशु औषधालय निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण सहित ग्राम केरपानी, वि.ख. भैंसदेही, जिला वैतूल	866206/-	17500/-	04 माह	2000/-

योग - 1732412/-
शब्दों में - सत्रह लाख बत्तीस हजार चार सौ बारह रुपए मात्र।

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्य की निविदा आमंत्रण की निम्नानुसार तिथियां निर्धारित की जाती हैं :-

क्र.	विवरण	तिथि	समय
1.	निविदा ऑनलाइन प्रकाशित होने की तिथि	27.01.2021	17.30
2.	निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की प्रारंभिक तिथि	28.01.2021	17.30
3.	ऑनलाइन विड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि	29.01.2021	17.30
4.	ऑनलाइन विड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	**08.02.2021**	17.30
5.	ऑनलाइन निविदा खुलने की तिथि	09.02.2021	17.30

निविदा प्रपत्र (Tender Document) वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन प्रकाशित एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किए जाएंगे। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

अधीक्षण यंत्री
जी-18098/45016/2021 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम् मण्डल होशंगाबाद

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 768/2020-21/प्रमुख अभियंता/ई-टेण्डरिंग/भोपाल, दिनांक 18.01.2021

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 09.02.2021** को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2021_WRD_124392	मण्डवाझरी लघु जलाशय योजना के बांध एवं नहर में विशेष मरम्मत कार्य।	बालाघाट	29.24
2.	2021_WRD_124393	कदवाली खुर्द तालाब का विशेष मरम्मत कार्य।	इन्दौर	38.46

जी-18159/45023/2021 अधीक्षण यंत्री (प्रोक्योरमेंट)

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग मण्डला (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सुचना क्रमांक 15/2020-21 **मण्डला, दिनांक : 22.01.2021**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है -

ग्रुप क्र.	टेण्डर आई.डी.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)
1.	2021_PWDRB_124172_pack1	मण्डला	निर्माण कार्य	घाघा मुख्य मार्ग से मोहनटोला मार्ग (लं. - 1.00 कि.मी.) एवं खापाकला से मड़ई मार्ग (लं. - 1.50 कि.मी.) का शेष निर्माण कार्य (कुल लंबाई - 2.50 कि.मी.)।	प्रथम	143.12
2.	2021_PWDRB_125342_pack1	मण्डला	मजबूतीकरण कार्य	टिकरिया-पद्नीखैरी-परतला-मझगांव-सिघनपुरी लं.- 1.00 कि.मी., झॉजनगर-मानेगांव-घोटखेड़ा-समनापुर लं. 3.00 कि.मी. एवं टाटीघाट से कुड़ा मार्ग लं. - 1.80 कि.मी. (कुल लं. - 5.80 कि.मी.) के मजबुतीकरण का शेष कार्य।	प्रथम	80.06
					योग रु.	**223.18**

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 10.02.2021, (17.30) बजे तक** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। सभी दस्तावेज ऑनलाइन ही स्वीकार किये जावेंगे। अलग से कोई भी दस्तावेज कार्यालय में प्राप्त नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-18162/45024/2021 **लो.नि.वि. संभाग (भ/स) संभाग मण्डला**

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, पश्चिम परिक्षेत्र, इंदौर
गायत्री मंदिर के पास, ओल्ड पलासिया, इंदौर

E-mail ID : cepwdwest@mp.nic.in, Phone No. 0731-2491825

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 06/सा/40/निविदा/2020-21 **इंदौर, दिनांक : 21.02.2021**

"निविदा आमंत्रण सूचना"

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा तीन लिफाफा पद्धति में आमंत्रित की जाती है, उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

क्र.	पोर्टल क्रमांक	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र की राशि (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि
1.	2021_PWDRB_125151	धार	फोरलेन मुलथान से धमाना-वैगन्दा-मियाखेड़ी-जवासिया-जस्साखेड़ी मार्ग लंबाई 8.80 कि.मी. का निर्माण कार्य।	727.44	727440/-	20,000/-	12 माह वर्षाकाल सहित

निविदा प्रपत्र उपरोक्त दर्शित वेबसाइट से निविदा का निर्धारित मूल्य ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय **दिनांक 10.02.2021, 17.30 तक** निर्धारित है। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं नियम उपरोक्त दर्शित पोर्टल पर देखी जा सकती है।
निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, यदि हो तो उसे समाचार-पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाकर केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जावेगा। सभी दस्तावेज केवल ऑनलाइन वेबसाइट पर ही प्रस्तुत करें। भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में न भेजें जावें।

मुख्य अभियंता
जी-18122/45020/2021 **लो.नि.वि. पश्चिम परिक्षेत्र, इंदौर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड शिवपुरी, म.प्र.

दूरभाष क्रमांक - 07492-223269

क्रमांक 172-176/2020-21/लोस्वायांवि/खण्ड शिवपुरी **दिनांक : 21.01.2021**

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण के अपेण्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर ई-निविदायें On-line आमंत्रित की जाती हैं।
कार्य का नाम - शिवपुरी जिले की निम्नानुसार नलजल प्रदाय योजनाओं के अंतर्गत उच्च स्तरीय टंकी, सम्पवेल निर्माण, पाइप लाइन बिछाना, घरेलू नल कनेक्शन इत्यादि कार्य।

क्र.	निविदा सूचना क्रमांक	सिस्टम टेंडर क्रमांक	विकास खण्ड	ग्राम का नाम	कार्य की अनु. लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	172/2020-21	2021_PHED_125177_1	बदरवास	रत्नोद, अकाझिरी, खरेड़	354.67	355000	15000
2.	173/2020-21	2021_PHED_125178_1	बदरवास	मथना, बीजरी, बारई	269.95	270000	15000
3.	174/2020-21	2021_PHED_125179_1	करैरा	सिरसोद, डावरदेही, खिरियापुनावली, डामरोनकलां, टीला	359.37	359500	15000
4.	175/2020-21	2021_PHED_125180_1	नरवर	रामनगर, थरखेड़ा, सीहोर	280.15	280500	15000
5.	176/2020-21	2021_PHED_125181_1	नरवर	दिहायला, छितरी, सुनारी	223.23	223500	15000

निविदा क्रय/डाउनलोड दिनांक - 27.01.2021 समय 10.30 बजे से 12.02.2021 समय 17.30 तक
विड सबमिशन प्रारंभ दिनांक - 27.01.2021 समय 10.30 बजे से
विड सबमिशन अंतिम दिनांक - **12.02.2021 समय 17.30 बजे तक**
तकनीकी विड खोलने का दिनांक - 15.02.2021 समय 11.30 बजे
नोट - यह निविदा का संक्षिप्त भाग है। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। समस्त संशोधन उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित किये जावेंगे। संशोधनों का पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

सदस्य सचिव डी.डब्ल्यू.एस.एम. एवं कार्यपालन यंत्री
जी-18120/45019/2021 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, खण्ड शिवपुरी, म.प्र.**

SAINIK SCHOOL, REWA (MP)

(Functioning under Sainik Schools Society, Ministry of Defence, New Delhi)

RECRUITMENT OF EMPLOYEES ON CONTRACTUAL BASIS FOR A PERIOD OF ONE YEAR FROM THE DATE OF APPOINTMENT

NOTE : THIS IS NOT A STATE OR CENTRAL GOVERNMENT JOB

1. Sainik School Rewa invites applications for the following posts on contractual basis for a period of one from the date of appointment year. Start date of contractual period will be linked with date of opening of school. Contractual period will be preferable for one year in case of no interruption due to COVID-19. In case of interruption contractual period may get shortened :-

Heads	PEM/PTI Cum Matron	Female General Employee (Ayah)	Nursing Sister (Female)
No of Post(s)	01	02	01
Gender	Female	Female	Female
Reservation	UR	UR	OBC (NCL)
Essential Academic Qualification	Bachelor of Physical Education (B.P.Ed) - FourYears Degree Course **Or** Three Years Gradation + One Year B.P.Ed. Diploma **Or** B.Sc. Physical Education; Health Education & Sports + One Year B.P.Ed Diploma	Matriculation Pass.	(i) Nursing diploma/ Degree. (ii) 5 years experience.
Desirable Qualification	Working experience in Residential Schools.	Working experience in Residential Schools.	Working experience in Residential Schools.
Age (on 01 Oct 20)	21 to 35 Yrs	18 to 50 Yrs	18 to 50 Yrs
Consolidated Pay	Rs. 18,000/- Per Month	Rs. 18,000/- Per Month	Rs. 18,000/- Per Month

2. **Structure of Selection Process: -**

Phase	Examination
1st Phase	Written Test
2nd Phase	Practicle Test / Physical Test
3rd Phase	Interview

3. **How to Apply -** Desirous candidates should apply to the **Principal, Sainik School, Rewa (MP) 486001** in prescribed format available in school website **www.sainikschoolrewa.ac.in** along with attested copies of certificates and testimonials. Please super scribe the envelope with the name of post applied for. Applications received late/without deposition of application fee/not in prescribed format will be rejected without any intimation.
4. **Application Fee -** Application fee (non-refundable) of Rs. 500/- to be deposited in the School's Bank Account **(i.e. Bank - Punjab National Bank, Branch - Sainik School Rewa, IFSC Code - PUNB0629300, Account Number – 0491012100000017).** Proof of deposition of Application Fee required to be attached with Application.
5. Last Date for submission of Application is **27 Feb 2021.** The school will not be responsible for any postal delay and no claim will be entertained. Applications received after last date will not be entertained.
6. **Call letters -** Call letters will be issued to all eligible candidate by Regd/Speed Post/email. Candidates are required to submit self-addressed envelope size 9'x4' along with application form for sending call letters.
7. The school administration reserves the right to increase/decrease/cancel the vacancy due to administrative/ policy reasons. No formal intimation will be given to applicants.

R-45025/2021 **Principal, Sainik School, Rewa**

कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
भोपाल मंडल भोपाल पुराना सचिवालय भोपाल

दूरभाष - 0755-2738774, E-Mail_ID - seresbhopal@mp.gov.in

निविदा विज्ञप्ति क्र. - 05/2020-21

क्रमांक - 160 **दिनांक : 22.01.2021**

मंडल अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	ग्रायांसे संभागीय कार्यालय	सिस्टम टेण्डर नम्बर	आमंत्रण का क्रम	कार्य का प्रकार	निर्माण कार्यों की अनु. लागत (लाख में)
1.	परियोजना संभाग भोपाल	2021_RES_125303	प्रथम	विकास भवन सह ई-गवर्नेंस सेंटर, अरेरा हिल्स भोपाल में DG Sets, Main Panel, Distribution Panel एवं Parking Ventilation Panel कार्य।	149.00
2.	सीहोर	2021_RES_125304	प्रथम	शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल कन्या रेहटी में 05 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य विकासखण्ड रेहटी।	18.91
3.	सीहोर	2021_RES_125305	प्रथम	शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल कन्या आष्टा में 07 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य विकासखण्ड आष्टा।	25.94
4.	सीहोर	2021_RES_125308	प्रथम	शासकीय माध्यमिक शाला धवोटी में 05 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य विकासखण्ड सीहोर।	18.34
5.	सीहोर	2021_RES_125309	प्रथम	जावर रोड से भाटीखेड़ा ग्रेवल मार्ग के चैनेज क्र. 180 मी. पर रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य।	58.52

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट), वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय प्रारंभ करने की तिथि 30.01.2021 समय 18.00 बजे है। निविदा (विड) प्रपत्र प्रस्तुत करने का **अंतिम दिनांक 15.02.2021** समय 17.00 बजे तक है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। संशोधन संबंधी सूचनाएं केवल वेबसाइट पर दी जावेगी। पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अधीक्षण यंत्री
जी-18175/45026/2021 **ग्रामीण यांत्रिकी सेवा भोपाल मण्डल भोपाल**

मध्यप्रदेश में चरणबद्ध क्रियान्वित होगा ऑर्गेनिक मिशन

भोपाल, संपूर्ण प्रदेश में ऑर्गेनिक मिशन के संचालन की आवश्यकता है। प्रदेश के प्राकृतिक स्वरूप को देखते हुए इसका हरसंभव विस्तार किया जाना चाहिए। ये बातें राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में ऑर्गेनिक मिशन पर केंद्रित प्रस्तुतिकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

प्रस्तुतिकरण के दौरान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि में ऑर्गेनिक उर्वरकों के उपयोग से कृषि लागत कम कर कृषकों की आय में वृद्धि पर केंद्रित ऑर्गेनिक मिशन अभिनंदनीय है। मध्यप्रदेश में पशुधन, देश में सर्वाधिक है, दुग्ध उत्पादन में हम तीसरे नंबर पर हैं। अतः यह मिशन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप राज्य शासन द्वारा विकसित आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप के लक्ष्यों को पूर्ण करने में सहायक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने प्रारंभिक चरण में आगर-मालवा स्थित सालरिया गौ-शाला में प्रोजेक्ट क्रियान्वित करने पर सहमति दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अन्य गौ-शालाओं में चरणबद्ध रूप से मिशन क्रियान्वित किया जाएगा। प्रदेश के कुछ गांवों को आदर्श ऑर्गेनिक ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे ग्रामीणों को ऑर्गेनिक प्रक्रियाएं अपनाने में मदद मिलेगी और वे इसके लाभ से भी परिचित हो सकेंगे। श्री चौहान ने आदिवासी तथा वन क्षेत्रों में रासायनिक खाद तथा कीटनाशक के प्रयोग को हतोत्साहित करने के लिये जन-जागरण अभियान चलाने की आवश्यकता बताई।

अहमदाबाद के डॉ. भरत जे. पटेल द्वारा ऑर्गेनिक उर्वरकों के उपयोग से कृषि की लागत कम करने तथा कृषकों की आय बढ़ाने पर केंद्रित प्रोजेक्ट संबंधी प्रस्तुतिकरण दिया गया। डॉ. पटेल द्वारा रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों का उपयोग कम कर ऑर्गेनिक उर्वरक के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए गुजरात और उत्तरप्रदेश में परियोजना संचालित की जा रही है। मृदा तथा वन संरक्षण, हरित एवं नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन तथा स्वच्छ दुग्ध कार्यक्रम भी इस परियोजना के अंग हैं। यह परियोजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उन्नयन के साथ जीवन-शैली से संबंधित रोगों जैसे रक्तचाप, मधुमेह आदि के नियंत्रण में सहायक है।

दिव्यांगजनों के जीवन में बेहतरी लाने में कोई कमी नहीं छोड़ी जायेगी

दिव्यांगजन कृत्रिम अंग के साथ उत्साह से जियेंगे जीवन

रीवा, दिव्यांगजन हमारे समाज के अभिन्न अंग हैं। अगर कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जाये तो ये भी नये उमंग एवं उत्साह के साथ अपना सामान्य जीवन जी सकते हैं। दूसरों की सेवा और सहायता करना बहुत बड़ा मानव धर्म है। इसे रीवा के जिला प्रशासन ने चरितार्थ कर दिया है। शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग, उपकरण प्रदान कर इनका जीवन बदल दिया है। दिव्यांगों के कल्याण के क्षेत्र में रीवा जिले को अग्रणी जिला बनाना है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रीवा जिले में आयोजित दिव्यांगजन उपकरण वितरण शिविर में कहीं।

दिव्यांगता शिविर के माध्यम से 5057 दिव्यांगों को चिन्हित कर चार करोड़ 81 लाख रुपये के 8081 सहायक उपकरण वितरित किये गये। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिये कि दिव्यांगजनों को शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ देकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाये। नर सेवा नारायण सेवा से बड़ी सेवा है, इसके लिये उन्होंने जिला प्रशासन एवं समस्त विधायकों को हार्दिक धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री ने वितरित की मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कनौजी के राजनाथ साकेत, नवल किशोर कुशवाहा, महेश कोल, विनोद पटेल, लालमणि मिश्रा, विनोद पटेल, रावेन्द्र सिंह को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल की चाबी प्रदान की। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने हेतु नवाचार प्रारंभ कर नवजीवन अभियान के तहत माण्डवी चौधरी, संतोषी बहेलिया, सृष्टि चौधरी, आनंदी वैरिया एवं दिशा शिल्पकार को पोषण आहार, स्वच्छता एवं दवाई की किट वितरित की।

आहार अनुदान योजना

सहरिया, बैगा तथा भारिया महिलाओं को जारी की गई आहार भत्ते की राशि

सिंगल क्लिक से 2 लाख 19 हजार महिलाओं के खातों में पहुंची राशि

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आहार अनुदान योजना के अंतर्गत राशि अंतरित करने के बाद महिला हितग्राहियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करते हुये।

भोपाल, जो विकास में सबसे पीछे और सबसे नीचे हैं, उनका कल्याण राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। सरकारी खजाने पर भी पहला हक इन वर्गों का है। जनजातीय समाज मूलतः सीधे-सरल लोगों का समाज है, जो विकास की दौड़ में पीछे रह गए। धरती के हर संसाधन पर जितना हक दूसरों का है, उतना ही पिछड़ी जनजातियों का भी है। इसीलिए आपके हक का पैसा आपके खाते में भेज रहा हूं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में सहरिया, बैगा तथा भारिया जनजातियों की महिलाओं को आहार अनुदान योजना के अंतर्गत आहार भत्ते की राशि सिंगल क्लिक से अंतरण के कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा संबोधित करते हुये कहीं।

श्री चौहान ने सिंगल क्लिक से 2 लाख 19 हजार 258 हितग्राहियों के खाते में 21 करोड़ 92 लाख 58 हजार रुपयों की राशि अंतरित की।

अब प्रतिमाह जारी होगी राशि

श्री चौहान ने कहा कि पिछली सरकार द्वारा अति पिछड़ी जनजातियों को आहार अनुदान राशि का भुगतान नहीं किया गया था। हमने सरकार का गठन होते ही सहरिया, बैगा और भारिया जनजाति की महिलाओं को आहार अनुदान की राशि उनके खाते में जारी करना आरंभ कर दिया है। इस वर्ष अब तक 2 लाख 22 हजार से अधिक महिलाओं के खातों में 226 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की जा चुकी है। अब प्रतिमाह इन खातों में राशि जारी की जाएगी।

विशेष पिछड़ी जनजातीय वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाये

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार को जनजातीय भाइयों और बहनों की विशेष चिंता है। हमें गरीब के लिए रोटी, कपड़ा और मकान की व्यवस्था करनी है। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई हो या दवाई की व्यवस्था, रोज़गार के अवसर हों या राशन की व्यवस्था या फिर सबके लिए पक्के मकान बनाने का विषय हो, राज्य सरकार हर पहलू पर लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को जेईई, नीट और क्लेट जैसी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग और चयन पर आर्थिक सहायता की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए।

स्व-सहायता समूहों से जुड़ें भारिया, बैगा, सहरिया बहनें

श्री चौहान ने कहा कि अगले कुछ वर्षों में हर घर में नल से जल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने भारिया, बैगा और सहरिया बहनों को स्व-सहायता समूहों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इससे आय में वृद्धि के रास्ते खुलेंगे, जिसका उपयोग बहनें अपने परिवार के बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा में कर सकती हैं।

श्री चौहान ने कहा कि जनजातीय परिवारों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए लघु वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई है। साहूकारों के शोषण से मुक्त कराने के लिए कानून बना दिया गया है। प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों में साहूकारों द्वारा जनजातीय भाइयों-बहनों को नियमों और प्रक्रियाओं का पालन किए बिना जो ऋण दिए गए हैं उन्हें अब नहीं चुकाना होगा। मुख्यमंत्री ने आहार अनुदान राशि का अपने और अपने परिवार के लिए सदुपयोग करने का आह्वान किया।

हितग्राहियों से किया संवाद

श्री चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शिवपुरी, मण्डला, छिंदवाड़ा जिले के हितग्राहियों से बातचीत की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं सहरिया बहुल ग्राम सेसई सड़क भी गया हूं, बैगाचक भी गया हूं और पातालकोट भी। बैगाओं की संवेदनशीलता अद्भुत है। वे इसलिए हल नहीं चलाते कि पृथ्वी मां के सीने में घाव न हो जाए।

लोकरंग समारोह

प्रदेश में कला और कलाकारों को पूरा संरक्षण दिया जाएगा - मुख्यमंत्री

भोपाल, कोरोना के कारण प्रदेश की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है परन्तु प्रदेश में कला और कलाकारों को पूरा संरक्षण दिया जाएगा तथा इनका निरंतर संवर्धन किया जाएगा। प्राकृतिक संपदा से भरपूर मध्यप्रदेश कला और संस्कृति का खजाना है। प्रदेश की जनजातीय कला एवं संस्कृति हमारी अमूल्य धरोहर है। जनजातीय कला के 'लोकरंग' जैसे आयोजनों के लिए संस्कृति विभाग बधाई का पात्र है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनजातीय और लोक कलाओं के छत्तीसवें राष्ट्रीय समारोह 'लोकरंग' का शुभारंभ करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में राष्ट्रीय समारोह लोकरंग को संबोधित करते हुये।

बिखर रहे हैं लोकरंग के रंग

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है कि हम कोरोना पर प्रभावी नियंत्रण कर विभिन्न आयोजन कर पा रहे हैं। बहुत दिनों बाद लोकरंग के रंग बिखर रहे हैं। हम अपने कोरोना वॉरियर्स को शत्-शत् नमन करते हैं, जिनके कारण हम इस उत्सव का आयोजन कर पा रहे हैं।

बुंदेली लोकनृत्य 'बोध' का आनंद लिया

श्री चौहान ने दर्शकों के बीच बैठकर बुंदेली लोकनृत्य 'बोध' का आनंद लिया तथा कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। बुंदेली संस्कृति को उसके संपूर्ण रंगों के साथ प्रदर्शित करने वाली इस प्रस्तुति ने सभी को अभिभूत कर दिया।

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्रीमती उषा ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन, होम स्टे, रूरल एवं एग्रो स्टे जैसे नवाचार किए जा रहे हैं।

'प्रणति प्रदर्शनी' का अवलोकन किया

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई जनजातीय कला प्रदर्शनी 'प्रणति' का अवलोकन किया तथा प्रदर्शित कलाकृतियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रदर्शनी में प्रसिद्ध जनजातीय कलाकार स्व. पेमा फत्या और गौण चित्रकार स्व. कला बाई की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया। जनजातीय प्रदर्शनी में जनजातीय अनुष्ठानों, जनजातीय जीवन, खेत-खलिहान, विवाह रस्मों, धार्मिक आयोजनों, नर्मदा उद्गम आदि का बखूबी से चित्रण किया गया है।

बांस मिशन से मिल रहा है लोगों को रोज़गार

बालाघाट राज्य बांस मिशन द्वारा बालाघाट जिले के आदिवासी बहुल बैहर परिक्षेत्र में संचालित सामान्य सुविधा केंद्र के माध्यम से लोगों को रोज़गार उपलब्ध कराया जा रहा है। बांस शिल्पी राजू बंजारा अपने समूह के साथ जुड़कर लाभ कमा रहे हैं, वहीं अन्य बांस शिल्पियों और आदिवासियों को प्रशिक्षित कर उनकी आर्थिक समृद्धि में अहम भूमिका भी निभा रहे हैं। इन शिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों का विक्रय प्रदेश के साथ ही देश भर में हो रहा है।

बैहर में सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) की स्थापना 30 साल पहले कुटीर उद्योग के रूप में हुई थी। तब सुमघार रस्सी और बांस कोशा बाड़ी के लिये बांस की चटाई बनाई जाती थी। इसके लिये उपयुक्त घास की कमी के कारण इसे वर्ष 1995-96 में बंद करना पड़ा।

वन विभाग एवं राज्य बांस मिशन द्वारा पांच साल पहले 2016 में इस उद्योग को पुनः नया स्वरूप देकर चालू कराया गया। इस सामान्य सुविधा केंद्र में बांस आधारित मशीनें उपलब्ध हैं। यहां कच्चे माल एवं निर्मित बांस उत्पादों के लिये बाजार भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

बांस शिल्पी राजू बंजारा ने बांस से निर्मित सामग्री फर्नीचर, टेबल सेट कुर्सी, सजावट के सामान आदि का प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने बनांचल स्व-सहायता समूह गठित कर बांस शिल्प की विभिन्न सामग्री का निर्माण शुरू किया। बनांचल स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के मेलों में प्रदर्शित किया जाएगा।

राजू बंजारा द्वारा तकरीबन 50 लोगों को बांस शिल्प कला का प्रशिक्षण दिया गया। इससे 100 से अधिक परिवारों को रोज़गार मिला है। इस प्रकार से यह वन समितियों की आमदनी का एक अच्छा जरिया बन चुका है। स्व-सहायता समूह में बांस भिरें की गुणवत्ता के तहत 50 हजार रुपये प्रति भिर्रा का भुगतान किया जा रहा है।

सामान्य सुविधा केंद्र में बांस आधारित आधुनिक मशीन जैसे लेथ मशीन, सेंडर मशीन, नॉट रिमूवल मशीन उपलब्ध हैं। इसके अलावा न्यूमेटिक नेल मशीन, वैक्यूम प्रेशर एण्ड इम्प्रेगनेशर और क्रॉस कर मशीनों को निकट भविष्य में खरीदा जाएगा।

सामान्य सुविधा केंद्र बैहर में बांस आधारित शिल्प उद्योग में लोगों के लिये अधिक रोज़गार के अवसर सृजित होंगे और बांस उत्पादों की गुणवत्ता भी बढ़ेगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सी.एम. सेवा 181 से फोन पर ही मिलेगी खसरे और खतौनी की नकल

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान लोक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को सम्मानित करते हुये।

भोपाल, नागरिकों को दफ्तरों में बिना लिए-दिए और बिना चक्कर लगाए निश्चित समय-सीमा में सेवा प्राप्त हो, यही सुशासन है। इसी उद्देश्य से दस वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश में लोक सेवा प्रबंधन विभाग गठित कर नागरिकों को सेवाओं का प्रदाय शुरू किया गया। इससे नागरिकों के समानता के अधिकार की भी रक्षा हुई है। उन्हें किसी कार्य के लिए परेशान नहीं होना पड़ता है। मध्यप्रदेश से अन्य राज्य भी प्रेरणा लेकर ऐसा कार्य कर रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मिंटो हॉल में लोक सेवा एवं सुशासन के क्षेत्र में बढ़ते कदम कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सी.एम. सेवा 181 के माध्यम से फोन द्वारा ही सेवाएं प्रदाय की जा रही हैं। इसका विस्तार करते हुए अब तीन और सर्वाधिक जन-उपयोगी सेवाएं खसरा, खतौनी एवं नक्शे की प्रतिलिपि सी.एम. जनसेवा (Beta Version) के माध्यम से प्रदाय की जाएगी। इसके साथ प्रदेश में वॉट्सएप चैटबॉट सर्विस भी शुरू की जा रही है। गत 8-10 माह में भी अनेक नई सेवाएं शुरू की गई हैं। इस व्यवस्था की जानकारी जन-प्रतिनिधियों द्वारा भी प्रचारित की जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग सेवाओं का लाभ ले सकें।

श्री चौहान ने कहा कि लोकतंत्र में सबसे बड़ी जनता है। मध्यप्रदेश मेरा मंदिर है और यहां की जनता मेरे लिए भगवान है। इस मंदिर का पुजारी शिवराज सिंह चौहान है। मुख्यमंत्री ने श्रेष्ठ कार्य के लिए पुरस्कृत अधिकारियों को बधाई देते हुए अधिकारी वर्ग से आह्वान किया कि वे उपलब्ध सेवाओं के संबंध में नागरिकों को अवगत करवायें। पूरी क्षमता के साथ टीम भावना से कार्य कर आमजन को ईंधन, ऊर्जा, समय, राशि आदि के अपव्यय से बचाकर बिना परेशान हुए आवश्यक सेवाएं प्रदान करवाई जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों से व्यवस्था दुरुस्त हो जाती है। जनता को दिक्कत - परेशानी देने वाले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। इस उद्देश्य से ही पब्लिक सर्विस डिलेवरी गारंटी कानून बनाया गया है। यह भी व्यवस्था की गई कि तय वक्त में काम न करने वाले अधिकारियों पर जुर्माना किया जाए। श्री चौहान ने अधिकारियों से कहा कि इस व्यवस्था की निरंतर मॉनीटरिंग करने से आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं दी जा सकेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में सेवा भाव सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। मध्यप्रदेश में जब लोक सेवाओं का प्रदाय प्रारंभ किया गया, तब कुछ ही सेवाएं प्राप्त हो पाती थीं। आज इनकी संख्या बढ़कर करीब 500 हो गई है। लोक सेवा गारंटी अधिनियम आमजन के लिए कारगर सिद्ध हुआ है। लोक सेवा केंद्र समय-सीमा में कार्यों का निपटारा कर रहे हैं। समाधान ऑनलाइन की व्यवस्था भी पुनः प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत चिन्हित समस्याओं का राज्य स्तर के अधिकारियों और संबंधित जिले के अधिकारियों की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से निराकरण किया जाता है। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि कलेक्टर्स सुशासन के लिए इन सभी व्यवस्थाओं को पुख्ता बनाए रखें। सी.एम. डैशबोर्ड के माध्यम से अब एक नया माध्यम आमजन को उपलब्ध होगा। श्री चौहान ने इंदौर नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा प्रसव के कुछ दिन पहले तक और प्रसव के दस दिन बाद ही अपने दायित्व के निर्वहन के लिए सजग और सक्रिय रहने की प्रशंसा की।

लोक सेवा प्रबंधन और सहकारिता मंत्री श्री अरविन्द सिंह भदौरिया ने कहा कि देश के 24 राज्यों ने मध्यप्रदेश को आदर्श मानकर लोक प्रबंधन विभाग का गठन किया है। दस वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश में लोक सेवा और सुशासन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल की गई। आज इस क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाले राजधानी और जिलों में सम्मानित किए जा रहे हैं। करीब सात करोड़ समस्याओं का समाधान किया जा चुका है। पंडित दीनदयाल जी के दर्शन के अनुरूप समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

मास्टर प्लान बनाकर हर गांव का होगा सुनियोजित विकास

सतना, राज्य सरकार के खजाने में गरीबों के कल्याण के लिये धन की कोई कमी नहीं होगी। सरकारी खजाने पर सबसे पहला हक गरीबों का है। गरीबों के कल्याण की महत्वाकांक्षी संबल योजना पुनः प्रारंभ की गई है। नगरीय क्षेत्रों की तरह ग्राम पंचायतों का मास्टर प्लान तैयार कर हर गांव का सुनियोजित विकास किया जायेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सतना में हितग्राही लाभ वितरण कार्यक्रम में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता का प्यार और आशीर्वाद ही मेरी ताकत है। विन्ध्य की धरती ने सरकार को असीम आशीर्वाद दिया है। इस प्यार और विश्वास को कभी टूटने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने सभा में कहा कि गणतंत्र का मतलब है, तंत्र आम जनता की सेवाओं और सुविधाओं का ख्याल रखे। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में 37 लाख गरीबों के नाम राशन की पात्रता सूची में जोड़े गये हैं। बीमारी में निःशुल्क इलाज के लिये 2 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 4 साल में मध्यप्रदेश में सभी गरीबों को पक्के मकान मुहैया करा दिये जायेंगे। इसी प्रकार जल-जीवन मिशन के तहत वर्ष 2024 तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के हर घर में नल कनेक्शन देकर पेयजल उपलब्ध करवाया जायेगा।

कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सभी के सहयोग से मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सुशासन, रोज़गार, कृषि, उद्योग सहित सभी क्षेत्रों में विकास का रोडमैप बनाकर क्रियान्वयन प्रारंभ किया गया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रदेशवासियों के सहयोग से मध्यप्रदेश देश में सबसे पहले आत्मनिर्भर बनेगा।

कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सतना जिले को स्मार्ट सिटी, मेडिकल कॉलेज और बाणसागर का पानी जैसी अमूल्य सौगातें दी हैं। उन्होंने बताया कि सतना को विन्ध्य क्षेत्र का सबसे सुन्दर शहर बनाने के लिये 2 हजार 38 करोड़ की पंचवर्षीय योजना पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने गंभीरता से समीक्षा की है।

मध्यप्रदेश में दो करोड़ पात्र परिवारों के बने आयुष्मान कार्ड

भोपाल, आयुष्मान भारत निरामयम योजना में मध्यप्रदेश ने रिकॉर्ड दो करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाने की उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कार्ड बनाने के अभियान से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी पात्र परिवारों के कार्ड बनने तक अभियान जारी रहेगा।

डॉ. चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुसार, आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप पर बढ़ते हुए आयुष्मान योजना में दो करोड़ कार्ड बनाने की उल्लेखनीय उपलब्धि विभाग ने प्राप्त की है। उन्होंने प्रदेश के सभी जिलों में आयुष्मान योजना में पात्रता रखने वाले परिवारों के कार्ड बनाने के अभियान में उल्लेखनीय योगदान पर सभी जिलों के कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को और अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई दी।

इन्दौर में बने सर्वाधिक कार्ड

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इन्दौर जिले ने सर्वाधिक 8 लाख 87 हजार 647, जबलपुर जिले ने 6 लाख 99 हजार 90 और भोपाल जिले ने 6 लाख 68 हजार 500 पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड बना कर उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कार्ड बनाने का कार्य नवम्बर 2020 से अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। इसके पूर्व लगभग एक करोड़ 40 लाख कार्ड बनाए गए थे। अभियान अन्तर्गत दो माह 25 दिन में लगभग 60 लाख कार्ड बनाए गए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। आयुष्मान कार्ड धारकों को योजना में चिन्हित आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त निजी और शासकीय अस्पतालों में निशुल्क उपचार की सुविधा भी मिल रही है।

राष्ट्रीय पर्यटन दिवस

रूपे कार्ड और ई-टिकिटिंग से जुड़ने वाला मध्यप्रदेश पहला राज्य बना

भोपाल, राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने मिंटो हॉल में रूपे कार्ड और ई-टिकिटिंग का लोकार्पण किया। इसके साथ मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य बन गया जहाँ संग्रहालयों और स्मारकों में प्रवेश के लिये ई-टिकिटिंग व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब पर्यटक रूपे कार्ड का उपयोग कर सकेंगे।

सुश्री ठाकुर ने कहा कि साथियों ने बड़ी मेहनत से काम कर यह मुकाम हासिल किया है। इसके लिये विभागीय अधिकारी और कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन और संस्कृति विभाग के अधिकारियों ने सकारात्मक सोच के साथ इस उपलब्धि को हासिल किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रदेश के बाहर से आने वाले पर्यटकों के बीच अब मध्यप्रदेश और अधिक लोकप्रिय होगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सोच के अनुरूप लोकल के लिये वोकल बेहद महत्वपूर्ण है। पूरी प्रक्रिया इलेक्ट्रॉनिक होने से बेहतर संभावनाएं उभरकर सामने आयेंगी। पर्यटन के लिये आने वाले सैलानियों के लिये यह प्रगतिशील कदम है।

कार्यक्रम में प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं पुरातत्व श्री शिवशेखर शुक्ला ने कहा कि कोरोना काल के मद्देनजर पर्यटकों के लिये प्रदेश के म्यूजियम और स्मारकों के ई-टिकिट घर बैठे मिल जाना काफी सुविधा-जनक साबित होगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही यह व्यवस्था प्रदेश के 28 स्मारकों में भी लागू की जावेगी। श्री शुक्ला ने विश्वास व्यक्त किया कि इस परियोजना पर अमल करने से प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संस्कृति और पर्यटन के बीच पारस्परिक समन्वय और सामंजस्य की संकल्पना को साकार करने की दिशा में ठोस कदम उठाये जा रहे हैं।

प्रबंध संचालक पर्यटन विकास निगम श्री एस. विश्वनाथन ने कहा कि हमारा समृद्ध इतिहास है। कोरोना के चलते पर्यटन प्रभावित जरूर हुआ है पर शीघ्र ही स्थितियां बेहतर होंगी। प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने की कोशिशों में नागरिकों की भागीदारी की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि रूपे कार्ड के लोकार्पण से प्रदेश में पर्यटन और अधिक लोकप्रिय बनेगा।

राष्ट्रीय बालिका दिवस

नारी सशक्तिकरण के लिए कोई कोर-कसर नहीं रखेंगे - गृह मंत्री

दतिया, महिलाओं एवं बालिकाओं से दुर्व्यवहार करने वालों तथा कानून को अपने हाथ में लेने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। नारी सशक्तिकरण तथा उनके सम्मान और सुरक्षा के लिए सभी संभव उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे। ये बातें गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग द्वारा दतिया के वृन्दावन धाम में आयोजित संयुक्त कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुये कहीं।

राज्य सरकार ने बालिकाओं की सुरक्षा के लिये उठाये कई कदम

गृह मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन बालिकाओं को समर्पित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा प्रदान करने के कई कदम उठाये हैं। बालिकाओं या महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार का प्रयास करने वालों की शिकायत के लिये 100 नम्बर पर डायल करें। पांच मिनिट में पुलिस का सहायता वाहन पहुंचकर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही करेगा। समाज में महिलाओं के प्रति गलत सोच रखने वालों की सोच में परिवर्तन लाना जरूरी है। इसके लिए जागरुकता लानी होगी तभी महिलाओं के प्रति सम्मान बढ़ेगा। डॉ. मिश्रा ने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं संस्कृति का उत्थान होता है। जिस घर में नारी की पूजा होती है, उस घर में देवताओं का भी वास होता है। इस बात को सभी को समझना होगा। हमारे देश की संस्कृति भी यही है। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत ही ऐसा राष्ट्र है जहां हम जन्मभूमि का भारत माता के रूप में पूरे सम्मान के साथ नाम लेते हैं। मां के रूप में ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश तीनों के एक साथ दर्शन होते हैं।

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा दतिया में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करते हुये।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली बालिकाओं को किया सम्मानित

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने महिला जागरुकता अभियान के तहत सम्मान कार्यक्रम में विद्यालय और जिला स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता बालिकाओं को सम्मानित किया। इसी प्रकार अन्य प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सुभाष चन्द्र बोस के नाम पर होगा कन्वेन्शन सेन्टर का नाम

जबलपुर, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का जबलपुर से संबंध रहा है। नेताजी इस शहर में न केवल आये, बल्कि 6 माह से अधिक अवधि तक वे जेल में देश की आजादी की लड़ाई के लिये रहे भी थे। जबलपुर में बन रहे कन्वेन्शन सेन्टर का नाम नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के नाम पर रखा जायेगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर में नगरीय क्षेत्र के विकास कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास एवं हितग्राही लाभ वितरण कार्यक्रम में की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेताजी की जबलपुर से बहुत-सी स्मृतियां जुड़ी हुई हैं। यहां उनकी स्मृतियों को संवारने का काम करेंगे। एक चित्र प्रदर्शनी बनाई जाये, जिसमें नेताजी के जन्म से लेकर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को संजोया जाये। उनके जीवन को दर्शाती हुई एक डॉक्युमेन्ट्री फिल्म का निर्माण भी कराया जायेगा।

श्री चौहान ने जबलपुर शहर को 238 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात भी दी। उन्होंने विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान श्री चौहान ने कहा कि संस्कारधानी को उसके अनुरूप विकसित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जबलपुर के बिना मध्यप्रदेश की कल्पना नहीं की जा सकती। हम इसकी विशेषता को ध्यान में रखते हुये इसे विकसित करेंगे। मैं आज जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जबलपुर के विकास की योजना बनाकर जाऊंगा। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर नगरीय क्षेत्र में नगर निगम द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी मुख्यमंत्री ने किया।

श्री चौहान ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद के तहत जबलपुर जिले के लिये मटर का चयन किया गया है। इसके अन्तर्गत जिले में मटर की प्रोसेसिंग यूनिट्स लगाई जायेंगी। इस दिशा में वैल्यु एडिशन किया जायेगा। हमारा प्रयास है कि मटर की फूड प्रोसेसिंग करके बेहतर उत्पाद बनायें, ताकि उत्पादकों को अधिक से अधिक लाभ दिलाया जा सके।

प्रदेश सरकार द्वारा माफिया के खिलाफ छेड़े गये अभियान में जबलपुर की जनता का समर्थन भी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मांगा। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई बिना जनता की ताकत के नहीं जीती जा सकती। श्री चौहान ने कहा कि इस समय अपन कुछ अलग मूड में हैं। जितने माफिया, बदमाश, गुण्डे हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जायेगा। अफसरों को सीधे आदेश हैं कि गुण्डे, बदमाश और दादा को तबाह कर दें। हमने सिर्फ जबलपुर में 116 करोड़ रुपये की जमीन भू-माफिया से मुक्त कराई है।

श्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर जिला प्रशासन द्वारा माफिया के विरुद्ध की गई कार्यवाहियों की सराहना की। माफियाओं के विरुद्ध छेड़े गये अभियान को सतत जारी रखने के निर्देश भी मंच से ही अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने दिये। उन्होंने कहा कि इस कार्यवाही को बंद न करें। यह भी सुनिश्चित करें कि इस कार्यवाही की आड़ में किसी गरीब को परेशान न किया जाये। उन्होंने बताया कि प्रलोभन देकर अवैध रूप से धन एकत्र करने वाली चिटफंड कंपनियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाहियाँ की जा रही हैं। अब तक ऐसी कई कंपनियों की संपत्ति जप्त कर नीलाम की है और 800 करोड़ रुपये का भुगतान भी प्रभावित लोगों को कराया है। मध्यप्रदेश की धरती पर किसी माफिया को नहीं छोड़ा जायेगा, यह मेरा संकल्प है।

मुख्यमंत्री ने ऐसे गरीब, जिनके पास जमीन नहीं है, उन्हें पट्टा देकर मालिक बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खजाने पर पहला हक हमारे गरीब भाईयों और बहनों का है। हमने संबल योजना फिर से प्रारंभ की है। यह गरीबों की ताकत और उनका संबल है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करते हुये।

सालरिया एवं रायसेन में

गोबर एवं पराली से बनाए जाएंगे सी.एन.जी. एवं फर्टिलाइजर्स

भोपाल, गोबर एवं पराली दोनों ही अत्यंत उपयोगी हैं तथा इनके उपयोग से मध्यप्रदेश में बायो सीएनजी तथा ऑर्गेनिक सॉलिड एवं लिक्विड फर्टिलाइजर्स के उत्पादन के लिए योजना बनाई जा रही है। पहले चरण में इसके लिए सालरिया गौ-अभ्यारण्य एवं कामधेनु रायसेन को चुना गया है। यहां भारत बायोगैस एनर्जी लिमिटेड के माध्यम से प्रोजेक्ट बनाए जाकर उस पर कार्य किया जाएगा। हमारे पड़ोसी राज्य गुजरात में इन दोनों पर ही सफलतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश भी गोबर तथा पराली से सीएनजी तथा बायो-फर्टिलाइजर्स उत्पादन के क्षेत्र में तेजी से कार्य करेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में भारत बायोगैस एनर्जी लिमिटेड, आनंद गुजरात के पदाधिकारियों के साथ बैठक के दौरान कहीं।

परियोजना संचालित करेंगे, प्रशिक्षण भी देंगे

बैठक में भारत बायोगैस के चेयरमैन श्री भरत पटेल ने कहा कि भारत बायोगैस द्वारा इन दोनों स्थानों पर बायो सीएनजी एवं बायो सॉलिड तथा लिक्विड फर्टिलाइजर की पूरी योजना बनाई जाएगी, जिसे 3 से 5 वर्ष तक चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस पर प्रारंभिक स्वीकृति देते हुए अधिकारियों को आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए।

3000 किलोग्राम सीएनजी प्रतिदिन

श्री पटेल ने बताया कि सालरिया गौ-अभ्यारण्य में प्रतिदिन 70 मीट्रिक टन रॉ-मटेरियल, जिसमें गोबर, पराली, घास तथा ग्रामीण कचरा शामिल है, से लगभग 3 हजार किलोग्राम बायो सीएनजी का प्रतिदिन उत्पादन किया जाएगा। इसी के साथ लगभग 25 मीट्रिक टन सॉलिड ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर तथा लगभग 7 हजार लीटर लिक्विड ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर का प्रतिदिन उत्पादन किया जाएगा। इसी के साथ वहां विभिन्न प्रजातियों का पौधारोपण, बांस रोपण, ड्रैगन फ्रूट प्लांटेशन आदि भी किए जाएंगे।

रायसेन में बनाएंगे मॉडल प्लांट

श्री पटेल ने बताया कि रायसेन में खेत की पराली एवं गोबर के मिश्रण से बायोगैस एवं फर्टिलाइजर्स बनाने का मॉडल प्लांट लगाए जाने की योजना बनाई जा रही है। इस प्लांट में रॉ-मटेरियल के रूप में प्रतिदिन लगभग 10 मीट्रिक टन गोबर एवं पराली के मिश्रण से प्रतिदिन 400 किलोग्राम बायो सीएनजी लगभग 3 मीट्रिक टन सॉलिड ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर तथा लगभग 1 हजार लीटर प्रतिदिन लिक्विड ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर बनाने की योजना है।

विदेशों में भी करेंगे मार्केटिंग

श्री पटेल ने बताया कि भारत बायोगैस द्वारा इन स्थानों पर बनाए गए बायो सीएनजी तथा सॉलिड एवं लिक्विड फर्टिलाइजर की देश-विदेश में ब्रांडिंग और मार्केटिंग भी की जाएगी। इनका अच्छा मार्केट है। इस क्षेत्र में स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को रोज़गार मिलेगा।

गो-ग्रीन की दिशा में बिजली कंपनी ने बढ़ाए कदम

भोपाल, मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने गो-ग्रीन की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। अब कंपनी के मुख्य अधिकारी ई-व्हीकल का इस्तेमाल करेंगे। इससे पेट्रोल, डीजल की बजाए बिजली का उपयोग होगा। साथ ही धुएं, धूल एवं ध्वनि प्रदूषण से भी मुक्ति मिलेगी। बिजली कंपनी के पोलोग्राउंड मुख्यालय में ई-व्हीकल योजना एवं अत्याधुनिक चार्जिंग स्टेशन का शुभारंभ प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने किया।

श्री तोमर ने कहा कि पेट्रोल, डीजल की बजाए बिजली के वाहनों का उपयोग हर दृष्टि से समय की मांग व बचत को बढ़ावा देने वाला है। इससे कार्बन उत्सर्जन घटेगा, हरियाली संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। यहां 7 वाहन तेजी से चार्ज हो सकेंगे। कार मात्र 45 मिनट में चार्ज हो सकेगी और 450 किमी तक दूरी तय कर सकेगी। चार्जिंग स्टेशन को सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

आइये, इस गणतंत्र दिवस पर प्रदेशवासियों की सहभागिता की सुदृढ़ बुनियाद पर हम
ऐसे आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण का संकल्प लें, जो देश में समानता, सद्भाव और सबसे तेज प्रगति की मिसाल बने।
देश के लिए बलिदान होने वाले वीर सपूतों को शत्-शत् नमन।
शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री
आत्मनिर्भर हों जन-जन
नवचेतना नवऊर्जा का
गणतंत्र
प्रदेशवासियों को
72वें गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ
श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
श्री शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री
खुशहाल जीवन और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम...
आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का रोडमैप जारी। यह पहल करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य। नीति आयोग ने की इस पहल की प्रशंसा।
मनरेगा योजना में अब तक 86 लाख 37 हजार मजदूरों को रोज़गार, इनमें 36 लाख 87 हजार महिलाएं। प्रतिदिन लगभग 20 लाख श्रमिकों का नियोजन। देशभर में सर्वाधिक।
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश प्रथम।
कृषि क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश का "मोस्ट इम्प्रूव" राज्य।
सुशासन को मूर्तरूप देने के लिए एकल नागरिक डेटाबेस।
कोविड-19 का टीकाकरण अभियान शुरू।
मिलावटखोरी अब संज्ञेय अपराध।
'वन नेशन-वन राशन कार्ड' योजना शुरू, 21 राज्यों की उचित मूल्य की दुकानों पर राशन उपलब्ध।
781 करोड़ की अटल प्रोग्रेस-वे परियोजना का क्रियान्वयन।
प्रदेश के इतिहास में 2789.55 लाख यूनिट बिजली सप्लाई का नया रिकार्ड।
प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये पर्यटन कैबिनेट का गठन।
ग्वालियर और ओरछा यूनेस्को की ऐतिहासिक शहरी परिदृश्य (Historical Urban Landscape) की ग्लोबल रिकमेन्डेशन योजना के तहत चयनित।
शंकर शाह और रघुनाथ शाह की स्मृति में जबलपुर में स्मारक निर्माण की कार्यवाही प्रगति पर।
धार्मिक स्वातंत्र्य अब बना कानून।
D-11160/45018/2021

निखिल श्रीवास्तव

भारतीय गणितज्ञ ने जीता माइकल एण्ड शीला हेल्ड अवॉर्ड

भारतीय गणितज्ञ निखिल श्रीवास्तव को 2021 के

'माइकल एण्ड शीला हेल्ड' अवॉर्ड का संयुक्त विजेता घोषित किया गया है। निखिल ने दो अन्य विजेताओं के साथ मिलकर कैडिसन सिंगर प्रॉब्लम और रामानुजन ग्राफ पर लंबे समय से चले आ रहे सवालों को हल करने में सफलता हासिल की है। विजेताओं को एक पदक और एक लाख डॉलर मिलेंगे। निखिल वर्तमान में कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में गणित के एसोसिएट प्रोफेसर हैं।

बियरेबल एक्सपो में

टोयोबो ने पेश की विशेष ड्रेस

पिछले दिनों जापान की राजधानी टोक्यो में आयोजित

बियरेबल एक्सपो में टोयोबो कंपनी ने विशेष 'कोकोमी' ड्रेस पेश की है। यह ड्रेस पहनने वाले के शरीर का जरूरी डेटा (हार्ट रेट और टेम्प्रेचर) डिजिटल रूप में बताएगी। इसके लिये इसमें बाकायदा सेंसर लगे हैं। जिसके जरिये शरीर की बायोलॉजिकल स्थिति की जानकारी मिल पाएगी और बीमार होने की दशा में तुरंत चिकित्सकीय मदद उपलब्ध करवा दी जायेगी।

यूएई में

दो इमारतों के बीच बन रहा सस्पेंशन ब्रिज

यूएई में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अल

मरजान द्वीप पर रिसॉर्ट की दो इमारतों के बीच सस्पेंशन ब्रिज बनाया जा रहा है। यह ब्रिज 36 मीटर लंबा होगा। जमीन से 44.2 मीटर की ऊंचाई पर बन रहे इस ब्रिज में 8 कमरे भी होंगे। जिन्हें पर्यटक बुक भी कर सकेंगे। ब्रिज को बनाने इंजीनियर और कारीगर दिन-रात काम कर रहे हैं। इसमें 310 टन स्टील इस्तेमाल किया जायेगा। दावा है कि यह 65 दिन के भीतर तैयार हो जायेगा।

इटली में

चोरी हुई पेंटिंग मिली

500 साल पुरानी ईसा मसीह की पेंटिंग को पुलिस ने

खोज निकाला है। पिछले दिनों यह पेंटिंग इटली के शहर नेपल्स के संग्रहालय से चोरी हो गई थी। हाल ही में यह पेंटिंग एक शख्स के घर से बरामद हो गई है। यह पेंटिंग लियोनार्डो द विंची की मशहूर पेंटिंग साल्वातोर मुंडी की एक नकल है। 2017 में यह पेंटिंग करीब 45 करोड़ डॉलर में अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित क्रिस्टी नीलाम घर में बिकी थी।

वर्क ऑन व्हील

वैन में लग्जरी ऑफिस

जापान की कंपनी निसान ने सबसे बड़े कस्टम कार शो में लग्जरी वैन में ऑफिस तैयार कर वर्क ऑन व्हील कॉन्सेप्ट लॉन्च किया है। इसमें लग्जरी ऑफिस है जहां

टे वाला, कुर्सी, कम्प्यूटर, फोन, चार्जिंग प्वाइंट और कॉफी मशीन भी है। खुली हवा में काम करना चाहते हों तो वैन में बने ऑफिस को बाहर निकाल सकेंगे। थक जाने पर इस वैन की छत पर आराम फरमा सकते हैं। छत पर जाने के लिये वैन के भीतर से जाने का रास्ता दिया गया है। यह वैन मोबाइल से ऑपरेट हो सकेगी।

मेक इन इंडिया

पांच हजार किलो का लोगो तैयार

मेक इन इंडिया के लोगो वाले शेर का विशालकाय



स्कल्पचर वडोदरा में बनकर तैयार हुआ है। पांच हजार किलो लोहे से बनाये गये स्कल्पचर को तैयार करने में 40 दिन लगे और 11 लाख रुपये लागत आयी। इसे एमएस यूनिवर्सिटी के फाइन आर्ट्स विभाग के पूर्व छात्र और वडोदरा के आर्ट असेंबल ग्रुप के 12 सदस्यों ने मिलकर तैयार किया है। टीम का दावा है कि शेर का यह स्कल्पचर एशिया का सबसे बड़ा और विश्व के तीसरे नंबर पर है।

जनरल लॉयड ऑस्टिन

अमेरिका के पहले अश्वेत रक्षा मंत्री नियुक्त

अमेरिकी सीनेट ने पहले अश्वेत रक्षा मंत्री 67 वर्षीय

जनरल लॉयड ऑस्टिन की नियुक्ति पर मुहर लगा दी। सेना से रिटायर ऑस्टिन के पक्ष में 93 वोट पड़े जबकि विरोध में दो रिपब्लिकन सांसदों ने वोट दिये। रक्षा मंत्री का पद संभालने के लिये कम से कम सात साल पहले रिटायर होने की शर्त में छूट को संसद ने मंजूरी दे दी। वे वर्ष 2016 में सेना से रिटायर हुये थे।

सुलोस्जोव विलेज

दुनिया का सबसे लंबा गांव

पोलैंड का सुलोस्जोव गांव दुनिया का सबसे लंबा गांव

बन गया है। यह 9 किलोमीटर की लंबाई और करीब 150 मीटर की चौड़ाई में बसा है। इस गांव में करीब 1600 घर हैं, जो एक सड़क के दोनों तरफ बने हैं। इनमें करीब 6200 लोग रहते हैं। वर्ल्ड अर्बन प्लानिंग की रिपोर्ट के मुताबिक यह गांव क्राकोव शहर से 30 किलोमीटर दूर है। यह 14वीं शताब्दी में बसा था। उस वक्त इसका दायरा करीब 500 मीटर था। लेकिन धीरे-धीरे इसकी बसाहट लंबाई में बढ़ती गई।

स्पेन में

रिकॉर्ड बर्फबारी हुई

स्पेन में बर्फीले तूफान फिलोमेना के चलते मैड्रिड में बर्फ

की चादर 20 इंच तक बिछ गयी है। मैड्रिड में बर्फबारी से 12 हजार करोड़ रुपये का अब तक स्पेन को नुकसान झेलना पड़ा है। इस बर्फ को पिघलाने के लिये अब तक 7 हजार टन नमक का इस्तेमाल किया जा चुका है। मैड्रिड में इमरजेंसी जैसे हालात हैं।

ग्रो प्रोजेक्ट

नीदरलैंड्स में फसल पैदावार बढ़ाने किया जा रहा एलईडी बल्ब का उपयोग

नीदरलैंड्स के रॉटरडैम शहर में एलईडी बल्ब के जरिये

फसलों की पैदावार बढ़ायी जा रही है। इसके लिये ग्रो प्रोजेक्ट नाम का अभियान चलाया गया है। इसके तहत 5 एकड़ में ड्रैगन फ्रूट की खेती की जा रही है। किसानों के अनुसार सर्दियों में धूप की कमी होने के कारण फसलों को ऊर्जा कम मिल पाती है, जिसकी भरपाई के लिये रात में एलईडी बल्बों से रोशनी की जाती है।

मध्य फ्रांस में

बच्चे के दो हजार साल पुराने अवशेष मिले

मध्य फ्रांस के ओवेर्निया में पुरातत्वविदों को एक बच्चे

के दो हजार साल पुराने अवशेष मिले हैं। उनका मानना है कि बच्चे की उम्र तकरीबन एक साल रही होगी। बच्चे के अवशेषों के नजदीक ही खोजकर्ताओं को पालतू कुत्ते के अवशेष भी मिले हैं। साथ ही कब्र के पास से एक टेराकोटा और काँच के बर्तन सहित अन्य चीजें मिलीं हैं। इसमें तांबे की सजावटी पिन भी मिली है।

चीन

चांद से सैंपल जुटाकर आया अंतरिक्ष यान

हाल ही में चीन का अंतरिक्ष यान चेंग ई-5 चांद की यात्रा

कर वापस लौटा है। चीन ने इसकी धरती पर लैंडिंग की तस्वीर भी जारी की है। चीन ने यह दावा किया है कि उसका यह मिशन पूरी तरह सफल रहा है और वह 2022 में चांद पर इंसानों की मौजूदगी वाला अंतरिक्ष यान भेजेगा।

जे वाय ली

सैमसंग के वाइस चेयरमैन को कैद

दक्षिण कोरिया की एक कोर्ट ने रिश्वत देने के मामले में

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के वाइस चेयरमैन जे वाय ली को ढाई साल कैद की सजा दी है। ली पर पूर्व राष्ट्रपति पार्क ग्यून हे के सहयोगी को घूस देने का आरोप है। इस वजह से वह 2017 में भी जेल जा चुके हैं। हालांकि अपील के बाद उनकी सजा कम कर दी गई। लेकिन यह केस सियोल हाईकोर्ट पहुंचा है। कोर्ट ने ली को दोषी पाया।

बिल गेट्स

अमेरिका के सबसे बड़े किसान बने

माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक और दुनिया के सबसे अमीर

लोगों में से एक बिल गेट्स ने अमेरिका में बड़े पैमाने पर खेती की जमीन खरीदी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बिल गेट्स अमेरिका में कुल 2 लाख 42 हजार एकड़ खेती की जमीन के मालिक हो गये हैं। उन्होंने बड़े पैमाने पर जमीन में निवेश किया है।

लॉर्ड मेघनाद देसाई

लेबर पार्टी से दिया इस्तीफा

भारतीय मूल के अर्थशास्त्री, लेखक लॉर्ड मेघनाद

देसाई ने ब्रिटेन के विपक्षी दल लेबर पार्टी पर नस्लीय भेदभाव से प्रभावी तरीके से निपटने में विफल रहने का आरोप लगाते हुये उसकी सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि वह हमेशा से लेबर पार्टी के समर्थक थे लेकिन सदस्यता लेने के 49 वर्षों बाद उन्होंने कुछ कारणों से सदस्यता रद्द कराने का निर्णय लिया। माना जा रहा है कि जेर्मी कॉर्बिन का निलंबन रद्द होना ही लॉर्ड को खल गया।

जन कुबिस को

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने लीबिया के लिये विशेष दूत बनाया

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने जन कुबिस को लीबिया के लिये अपना विशेष दूत नियुक्त किया है। कुबिस इससे पहले लेबनान के

लिये वर्ष 2019-2021 संयुक्त राष्ट्र के विशेष समन्वयक और वर्ष 2015 से 2018 में इराक तथा वर्ष 2011 से 2015 में अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर चुके हैं।

स्मृति शेष

भजन गायक नरेन्द्र चंचल का निधन

भजन गायक नरेन्द्र चंचल का 80 वर्ष की उम्र

में निधन हो गया है। वे पिछले कुछ माह से बीमार थे। चलो बुलावा आया है, तूने मुझे बुलाया जैसे प्रसिद्ध देवी भजनों को अपनी आवाज देने वाले नरेन्द्र ने कई फिल्मों के लिये भी गीत गाये। उनके निधन पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है। नरेन्द्र चंचल को भजन सम्राट कहा जाता था। उन्होंने गुजराती, मराठी और बांग्ला भाषा में भी गीत और भजन गाये हैं। 1973 में फिल्म बॉबी ने उन्हें घर-घर लोकप्रिय बना दिया था।

ख्यात भारतीय शास्त्रीय संगीतज्ञ और पद्म विभूषण से सम्मानित गुलाम मुस्तफा का निधन

ख्यात भारतीय शास्त्रीय संगीतज्ञ और पद्म

विभूषण से सम्मानित उस्ताद गुलाम मुस्तफा का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्हें 1991 में पद्मश्री, 2006 में पद्म भूषण और 2018 में पद्म विभूषण से नवाजा गया था। आशा भोसले, शान, सोनू निगम आदि गायक उन्हें अपना गुरु मानते थे। उन्होंने संगीत की तालीम अपने पिता उस्ताद वारिस हुसैन खान से हासिल कि थी। उनके निधन पर लता मंगेशकर ने शोक व्यक्त किया।

उड़िया फिल्मों के अभिनेता रबी मिश्रा का निधन

उड़िया फिल्मों के अभिनेता रबी मिश्रा का 64

वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने उड़िया फिल्मों के अलावा टेली सीरियल्स में भी काम किया था। वे 'गोपाल रहस्य' टेली श्रृंखला के लिये जाने जाते हैं। इस सीरियल ने उन्हें घर-घर लोकप्रिय बना दिया था।

ऑन्कोलॉजिस्ट डॉक्टर वी. शांता का निधन

पद्म विभूषण से सम्मानित अद्यार कैंसर

संस्थान की वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट 93 वर्षीय डॉक्टर वी. शांता का हृदयघात से निधन हो गया। वे कैंसर विशेषज्ञ के रूप में लोकप्रिय थीं। उनके निधन पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया। उन्हें 2005 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वे गरीबों और वंचितों कि सेवा करने में हमेशा आगे रहती थीं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

धैर्य जीवन में हमेशा सफलता के भेष में आता है – नीतिवचन

कार्यालय प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पं. खुशीलाल शर्मा, शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान

(साइन्स हिल्स, मैनिट के पीछे, कोलार-नेहरू नगर रोड, भोपाल 462003)

Website : www.klsgaci.edu.in, E-mail : Principal@Klsgaci.edu.in, दूरभाष क्र. - 0755-2970310

क्रमांक/2021/छात्रकक्ष/129 भोपाल, दिनांक : 18.01.2021

पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश

डिप्लोमा इन फार्मेसी (आयुर्वेद)- (02 वर्षीय) एवं पंचकर्म टेक्नीशियन (01 वर्षीय)

पं. खुशीलाला शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल में सत्र 2020-21 के लिए निम्नानुसार पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर "प्रथम आओ प्रथम पाओ" के आधार पर प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आज दिनांक से दिनांक 19.02.2021 तक आमंत्रित किये जाते हैं।

क्र.	पाठ्यक्रम	उपलब्ध सीट की श्रेणीवार संख्या									कुल सीट संख्या	पाठ्यक्रम की अवधि	न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता
		प्रदेश के बाहर हेतु सीट	अना.		अ.जा.		अ.ज.जा.		अ.पि.वर्ग				
			ओपन	महिला	ओपन	महिला	ओपन	महिला	ओपन	महिला			
1.	डिप्लोमा इन फार्मेसी (आयुर्वेद) 02 वर्षीय	06	12	06	02	02	07	02	01	01	39	02 वर्षीय	10+2 (भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान) अथवा समकक्ष
2.	पंचकर्म टेक्नीशियन (सर्टिफिकेट कोर्स) 01 वर्षीय	06	13	02	05	02	07	03	03	02	43	01 वर्षीय	10+2 बारहवीं किसी भी (संकाय) विषय से उत्तीर्ण अथवा समकक्ष

आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी व निर्धारित शुल्क संस्थान की वेबसाइट **www.klsgaci.edu.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। यदि आवेदन पत्र संस्थान से ही प्राप्त करना चाहे तो हस्ते प्राप्त करने हेतु अनारक्षित वर्ग के आवेदन के लिए राशि रुपये 200/- मात्र तथा आरक्षित वर्ग के आवेदन के लिए राशि रुपये 100/- का बैंक ड्राफ्ट जो कि प्रधानाचार्य, पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान, भोपाल के नाम देय हो, का निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालयीन समय में प्राप्त कर काउन्सिलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। काउंसिलिंग में भाग लेने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

जी-18255/45029/2021 प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)

नि.सू.क्र./147-160/ब.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./2021 डिण्डौरी, दिनांक : 20.01.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑनलाइन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Scaled) डिण्डौरी जिले के अंतर्गत 1) Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme all Under JJM. Distt. Dindori 2) Work of Water Supply Arrangement In Rular Goverment Institute (Like's School & Anganwadi) 3) Preparation of detailed Project reports for piped water supply Scheme. हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका अवलोकन https://www.mptenders.gov.in वेबसाइट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित वेबसाइट से ऑनलाइन क्रय किये जा सकते हैं। जिसके मूल्य का भुगतान कैश कार्ड, एटीएम., कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा प्रपत्र (निविदा सूचना क्र. 147 से 158 तक) दिनांक 22.01.2021 को प्रातः 11.00 बजे से (निविदा सूचना क्र. 159) दिनांक 22.01.2021 सायं 3.30 से एवं (निविदा सूचना क्र. 160) सायं 6.00 बजे से **दिनांक 05.02.2021** सायं 17.30 बजे तक ऑनलाइन प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में उक्त वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र. एवं विवरण :- 1. Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme all Under JJM. Distt. Dindori.

ई-निविदा क्र.	नि.सू. क्र.	वि.ख.	अनु. लागत (PAC) (रु. लाख में)	धरोहर राशि (PAC) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	रिमार्क
2021_PHED_124679_1	147	ग्राम- धोपतपुर वि.ख.- बजाग	78.13	78130/-	10000/-	प्रथम आमंत्रण
2. Work of Water Supply Arrangement In Rular Government Institute (Like's School & Anganwadi) From Existing Source at 33 villages in 51 no. In Govt. Institue.						
2021_PHED_124680_1	148	विकासखण्ड अमरपुर	199.75	199750/-	12500/-	प्रथम आमंत्रण
3. Work of Water Supply Arrangement In Rular Government Institue (Like's School & Anganwadi) From Existing Source at 6 villages in 6 no. In Govt. Institue.						
2021_PHED_124681_1	149	विकासखण्ड अमरपुर	37.69	50000/-	5000/-	प्रथम आमंत्रण
4. Preparation of detailed project reports for piped water supply Scheme. Under JJM Various Village in District Dindori.						
2021_PHED_124682_1	150	जिला डिण्डौरी	17.65	35300/-	2000/-	प्रथम आमंत्रण
5. Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme all Under JJM. Distt. Dindori.						
2021_PHED_124825_1	151	ग्राम- बजाग माल, बजाग रैयत, पड़रिया डोंगरी विकासखण्ड बजाग	253.30	253300/-	15000/-	प्रथम आमंत्रण
6. Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme all Under JJM. Distt. Dindori.						
2021_PHED_124826_1	152	ग्राम- गाड़ासरई, गन्नागुढ़ा विकासखण्ड बजाग	253.28	253280/-	15000/-	प्रथम आमंत्रण
7. Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme all Under JJM. Distt. Dindori.						
2021_PHED_124827_1	153	ग्राम- सड़वाछापर, मोहतरा वि.ख. करंजिया	182.68	182680/-	12500/-	प्रथम आमंत्रण
8. Retroftting work of Existing Piped Water Supply Scheme all Under JJM. Distt. Dindori.						
2021_PHED_124828_1	154	ग्राम- सैलबार माल वि.ख. करंजिया	102.15	102150/-	12500/-	प्रथम आमंत्रण
9. Work of Water Supply Arrangement In Rular Government Institute (Like's School & Anganwadi) From Existing Source at 25 villages in 120 no. In Govt. Institue.						
2021_PHED_124829_1	155	विकासखण्ड मेंहदवानी	182.61	182610/-	12500/-	प्रथम आमंत्रण
10. Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme all Under JJM. Distt. Dindori.						
2021_PHED_125162_1	156	ग्राम- बुल्दा, हर्रा वि.ख. मेंहदवानी	125.89	125890/-	12500/-	प्रथम आमंत्रण
11. Work of Water Supply Arrangement In Rular Government Institute (Like's School & Anganwadi) From Existing Source at 28 villages in 98 no. In Govt. Institue.						
2021_PHED_125167_1	157	विकासखण्ड डिण्डौरी	148.28	148280/-	12500/-	प्रथम आमंत्रण
12. Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme all Under JJM. Distt. Dindori.						
2021_PHED_125172_1	158	ग्राम- सरसा, जरगुढ़ा, भलवारा वि.ख. मेंहदवानी	159.43	159430/-	12500/-	प्रथम आमंत्रण
13. Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme all Under JJM. Distt. Dindori.						
2021_PHED_125272_1	159	ग्राम- देवरीकलां, पड़रियाखुर्द वि.ख. शहपुरा	111.90	111900/-	12500/-	प्रथम आमंत्रण
14. Work of Water Supply Arrangement In Rular Government Institute (Like's School & Anganwadi) From Existing Source at 33 villages in 189 no. In Govt. Institue.						
2021_PHED_125331_1	160	विकासखण्ड मेंहदवानी	215.51	215510/-	15000/-	प्रथम आमंत्रण

सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन

जी-18186/45027/2021 कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड डिण्डौरी (म.प्र.)

Notice Inviting e-Tenders
Government of Madhya Pradesh
Public Health Engineering Department

NIT No. 38, 39, 40, 41, 42/EE/PHED/2020-21/ **Satna, Dated : 12.01.2021**

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria :

Name of Work - Retrofitting in Different Villages of Block Nagod & Block Sohawal under District Satna. Detailed Tender Information is available online.

NIT No. & Name of Village :- 38. Rahikwara, Kacloha and Madhikala.

E-Tender No.	Block	PAC (in Lakh)	EMD (Rupees)	Document Fee (Rupees)	Time Limit	Tender Invitation
2020_PHED_122163_1	Nagod	401.47	4,02,000	15000	9 Months Including Rainy Season	First Call
NIT No. & Name of Village :- 39. Shivrajpur, Kota No.1, Usrar and Mahtain.						
2020_PHED_122164_1	Nagod	421.08	4,22,000	15000	9 Months Including Rainy Season	First Call
NIT No. & Name of Village :- 40. Basudha, Itma, Mahkouna, Rajarwara, Katkon Kala, Khamrchi, Dudaha, Kapuri and Pawaiya.						
2020_PHED_122165_1	Nagod	407.03	4,08,000	15000	9 Months Including Rainy Season	First Call
NIT No. & Name of Village :- 41. Bathiyakala, Phutaundha and Rampur Chaurasi.						
2020_PHED_122166_1	Sohawal	381.04	3,82,000	15000	9 Months Including Rainy Season	First Call
NIT No. & Name of Village :- 42. Hati, Bhumkahar, Kushiyara, Poindha Khurd, Puraini and Jamunhai.						
2020_PHED_122167_1	Sohawal	295.04	2,96,000	15000	9 Months Including Rainy Season	First Call

1. Interested bidders can view the NIT on website http://www.mptenders.gov.in.
2. Bid Document Can be Seen and downloaded from the website http://www.mptenders.gov.in from **13.01.2021 to 06.02.2021, 05.30 PM**
3. The bid can be submitted in electronic format on the website http://www.mptenders.gov.in. **The deadline for submission of the bid is upto 06.02.2021 05.30 PM.**
4. Amendments to NIT, if any, would be published on website http://www.mptenders.gov.in only, and not in newspapers.

Executive Engineer

G -18282/45030/2021 **PHE Division Satna Mob. No. - 9479989357**

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 32/मु.अ. (सेतु परिक्षेत्र)/वर्ष 2021-22 **भोपाल, दिनांक : 23.01.2021**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. नरसिंहपुर जिले के मुआर उमरधा मार्ग में दूधी नदी पर पहुंच मार्ग सहित वाक्स टाईप जलमग्नीय पुल का शेष कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु।
2020_PWDRB_125275_1	नरसिंहपुर	पुल कार्य	प्रथम	886.60	केवल ऑनलाइन
		कुल योग		**886.60**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 12.02.2021**, (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता

जी-18188/45028/2021 लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट

(शासन द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान)

तृतीय मंजिल, महाराजा कॉम्पलेक्स, कोठारी मार्केट के पास, इन्दौर

प्रवेश सूचना

छात्रवृत्ति उपलब्ध

स्वच्छता निरीक्षक डिप्लोमा कोर्स

नई बैच शीघ्र प्रारंभ

अवधि - 1 वर्ष, योग्यता-हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण, माध्यम-हिन्दी/अंग्रेजी

सफल उम्मीदवारों हेतु सार्वजनिक व निजी क्षेत्रों के विभागों जैसे नगर निगम, स्वास्थ्य, रेलवे, बहुउद्देशीय कंपनियों में रोजगार के अवसरों की संभावना

स्वच्छता निरीक्षक/स्वास्थ्य निरीक्षक पद के लिये अनिवार्य योग्यता शासकीय कर्मचारियों के लिये हॉलिडे बैच की सुविधा

लॉकडाउन के दौरान ऑनलाईन कक्षा की सुविधा

लोकल सेल्फ गवर्नमेंट डिप्लोमा (पत्राचार) LSGD(DLP)

नगरीय निकायों में राजस्व निरीक्षक पद के लिये अनिवार्य योग्यता

नई बैच शीघ्र प्रारंभ

अवधि - 1 वर्ष, योग्यता-हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण, माध्यम-हिन्दी/अंग्रेजी

अधिक जानकारी एवं प्रवेश हेतु संपर्क करें

Ph.: 0731-2540101

Mo.: 98260-78003 7000990610

E-mail : indore@aiilsg.org Website : www.aiilsg.org

Aiilsg Indore

R-45039/2021

PEOPLE'S UNIVERSITY

(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)

Limited Seats **ADMISSION OPEN - PARAMEDICAL**

MPT	Masters of Physiotherapy - (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT	
BPT	Bachelor of Physiotherapy*	4½ yrs Degree Course
BMLT	Bachelor of Medical Lab Technology*	3 yrs Degree Course
DMLT	Diploma in Medical Lab Technology*	2 yrs Diploma Course
DDT	Diploma in Dialysis Technology*	2 yrs Diploma Course

*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology

Limited Seats **NURSING**

M.Sc. Nursing	Med Surg. / Psychiatric/ Obg & Gyn/ Paediatric Community Health. Duration - 2 Years , Eligibility : B. Sc.(N)/P.B.B.Sc.(N) with 1yr exp.
G.N.M. Nursing (Diploma)	Duration - 3 Years , Eligibility: 10+2 with 40% marks (Course under M.P. Nurses Registration Council, Bhopal)

1800 120 800 005, 098262 44676

People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.)

R-45036/2021

REQUIREMENT

For Institutions at INDORE & BARWANI

1. Compfeeders AISECT College of Professional Studies, Indore
2. Compfeeders Takniki Prashikshan Sansthan, Indore
3. Madhuban Institute of Professional Studies, Indore & Barwani
4. Madhuban College of Management, Barwani

Affiliated to DAVV Indore, RGPV Bhopal. Approved by AICTE/PCI/NCTE New Delhi, H.E. Govt. of MP

APPLICATION FOR FOLLOWING POSTS

PRINCIPAL, PROFESSOR, ASSOCIATE PROFESSOR, ASSISTANT PROFESSOR

Qualification as per UGC/AICTE/DAVV/RGPV under Code 28 & 27 norms.

Subjects : All subjects of Management, Commerce Hindi, English, Mathematics, Computer, Political Science, History, Sociology, Economics, Chemistry, Botany, Physics, Zoology, Seed Technology, Pharmacy, Education, Nursing

Non-Teaching : Accountant, Computer Operator, Librarian, Sports Officer, TPO, Counselor, Lab Tech./Admin Staff, Skill Development project and Coaching Co-ordinator.

ALSO REQUIRED DIGITAL MARKETING FACULTY FOR OUR COMPUTER CENTER

Qualification & Salary as per norms. Send CV mentioning location specifically with all testimonials with 2 Photo by email ceo.compfeeder@gmail.com

Corporate office : 3, Gumasta Nagar, Indore.

ANIL PUB.

R-45037/2021

SWAMI VIVEKANAND COLLEGE OF SCIENCE & TECHNOLOGY, BHOPAL

Approved by AICTE & NCTE, New Delhi

Recognized by MP Govt. & Affiliated to Barkatullah University

Applications are invited for the appointment on teaching posts under college code 28 of the university.

S.No.	Subject	Post	Vacancy	Qualification	Salary
1	-	Principal	01	As per UGC Guidlines	As per UGC Norms
2	Computer	Asst. Prof.	02		
3	Mathematics	Asst. Prof.	01		
4	Chemistry	Asst. Prof.	01		
5	Physics	Asst. Prof.	01		
6	Zoology	Asst. Prof.	01		
7	Botany	Asst. Prof.	01		
8	Commerce	Asst. Prof.	01		
9	Economics	Asst. Prof.	01		
10	Finance	Asst. Prof.	01		
11	Electronics	Asst. Prof.	01		

The applications with complete details/Biodata should reach us at the following address by post or **E-mail: svcstcollege@gmail.com,** within 7 days.

SWAMI VIVEKANAND COLLEGE OF SCIENCE & TECHNOLOGY, BHOPAL

Address: Barkhedi Kala, Neelbad Road, P.O. - Suraj Nagar, Bhopal 462044

Contact no: 0755-2696771, Mob.: 8839266755 R-45038/2021

चिटफण्ड कम्पनियों के विरुद्ध करें सख्त कार्यवाही

जबलपुर, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने पुलिस कंट्रोल-रूम जबलपुर में कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए माफियाओं, मिलावटखोरों और चिटफण्ड कम्पनियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने जबलपुर पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था को बनाये रखने के लिये की जा रही त्वरित कार्यवाही की सराहना भी की।

डॉ. मिश्रा ने पुलिस को निर्देश दिये कि जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने वालों को किसी कीमत पर नहीं छोड़ा जाये। चिटफण्ड कम्पनियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उनकी अचल सम्पत्ति को नीलाम करवायें। नीलामी से प्राप्त राशि निवेशकों को वापस दिलाया जाना सुनिश्चित करें। डॉ. मिश्रा ने शराब माफिया, ड्रग माफिया, भू-माफिया और खनन माफिया के विरुद्ध निरंतर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

MADHYA PRADESH RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY, (MPRRDA)

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)

Block 2, 5th Floor, Paryavas Bhawan, Bhopal-462011

No. 1515/MPRRDA/SQM/out source/1/2021 Date : 28.01.2021

PRESS NOTICE FOR REQUEST FOR PROPOSAL

FOR

CONSULTANCY SERVICES OF STATE QUALITY MONITORING OF BRIDGE WORKS BEING CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJANA

1. The Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana (PMGSY), a fully funded programme of Ministry of Rural Development (MoRD), Government of India aims at providing all weather road connectivity to eligible unconnected habitation. The Programme is being implemented by the State Government of Madhya Pradesh with Madhya Pradesh Rural Roads Development Authority (MPRRDA) as the implementing Agency (hereinafter referred to as the Agency).
2. The Consultancy services are required for independent quality monitoring under second tire at State level for bridge works as provided in PMGSY Programme Guidelines issued by Government of India.
3. The Agency invites Technical and Financial proposals on approved TOR from consulting engineering firms or bodies (hereinafter referred as the Consultant) corporate to undertake and perform the duties and functions of State Quality Monitors. The Technical Proposal will be evaluated as per the criteria subject to fulfillment of technical qualifications. The financial offers of only those consultants would be opened whose Technical Proposal is found responsive. The award of services would be made to lowest evaluated Financial Proposal.
4. This Invitation for Proposals is open to all Consultants meeting the eligibility criteria. The applicant should be a private or government-owned legal entity.
5. RFP documents consisting of qualification information and eligibility criterion of bidders and the set of terms & condition of contract to be complied with by the consultants can be seen and downloaded online on the website **http://www.mptenders.gov.in.** RFP document may be purchased online from **http://www.mptenders.gov.in** as per time schedule mentioned in Critical Dates after making online payment of cost of tender document Rs. 11200/- (Including GST). Last date for online submission of proposal is : **up to 17.30 hrs. on 22.02.2021.**

M.P.M./99753/45043/2021 **STATE QUALITY COORDINATOR**

जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राही को समय पर मिले

ग्वालियर, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, राशन के लिये पात्रता पर्ची के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को बिना परेशानी के मिले।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी और नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा से शहर विकास के संबंध में चर्चा के दौरान यह बात कही।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही शासकीय दफ्तरों के चक्कर लगाकर योजना का लाभ प्राप्त करे, इससे पहले सरकार के नुमाइंदे उनके घर पहुंचकर योजनाओं का लाभ पहुंचायें।

उन्होंने कहा कि नगर निगम का अमला और महिला-बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों से संपर्क करें और जो भी जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राही हैं उन्हें लाभ पहुंचाने का कार्य अभियान के रूप में किया जाये। सभी पात्र हितग्राहियों को पात्रता पर्ची मिले, जिससे उन्हें राशन मिल सके।

श्री तोमर ने नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा से कहा कि क्षेत्र विकास के जो भी कार्य स्वीकृत हैं उन्हें जल्द प्रारंभ करें। इसके साथ ही जो कार्य किए जा रहे हैं उनमें पूर्ण गुणवत्ता का ध्यान रखें। शहर के चौराहों का विकास एवं शहर के प्रवेश द्वारों के निर्माण के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि बहोड़ापुर, उरवाई गेट और हजीरा चौराहे का विकास तेजी के साथ किया जाए।

श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि कहीं भी गंदे पानी की शिकायत न मिले।

उन्होंने कहा कि गंदे पानी की शिकायत निगम मुख्यालय अथवा कलेक्टर कार्यालय तक पहुंचने से पहले निगम के मैदानी अमले को मालूम होना चाहिए।

निगम का अमला शिकायत मिलते ही तत्परता से कार्रवाई करे तो कोई कारण नहीं है कि शिकायतकर्ता निगम मुख्यालय या कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।

मध्यप्रदेश की लोक सेवा गारंटी योजना को अन्य राज्यों ने भी अपनाया

सागर, लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी के माध्यम से प्रदेश में सुशासन व्यवस्था लागू की गई। इसमें आमजन को समय-सीमा में उनके द्वारा चाही गई जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। ये बातें राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने सागर में लोकसेवा गारंटी के सफलतम दस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में लोकसेवा गारंटी की व्यवस्था देखकर अन्य राज्यों ने भी इसे लागू किया। श्री राजपूत ने कहा शासकीय सेवक लोकतंत्र के उन पहियों जैसे हैं जिनके सही दिशा में कार्य करने पर जनसेवा का भाव चरितार्थ होता है।

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी.
महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
फोन नं. : 0734-2527715, मोबा. 9406808103
ई-मेल : mpphcl_ujjain@yahoo.in

क्र. 97 /पय/मप्रपुहाइडेकालि/21/उज्जैन दिनांक : 28.01.2021

निविदा सूचना क्र. 02/2020-21 (वाहन)
(मासिक किराए पर वाहन लेने हेतु)

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत **निविदा सूचना क्रमांक 02/2020-21 (वाहन) दिनांक 28.01.2021** के अंतर्गत संभाग उज्जैन हेतु टीयूवी 300 टी4 प्लस या समकक्ष एवं बुलेरो पॉवर प्लस एसएलई बीएस 4 या समकक्ष कुल 2 वाहन मासिक किराए पर हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. **2021_MPPHC_126013** आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 28.01.2021 17.00 बजे से क्रय किये जा सकते हैं एवं **दिनांक 08.02.2021, 18.00 बजे तक** प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/99735/45041/2021 **परियोजना यंत्री**

पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस), मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत आरक्षक संवर्ग की भर्ती हेतु चयन परीक्षा-2020 के संबंध में सूचना

पुलिस मुख्यालय गृह (पुलिस), मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत आरक्षक संवर्ग की भर्ती हेतु भर्ती परीक्षा-2020 के ऑनलाइन आवेदन दिनांक 31.01.2021 तक भरे जाने हैं, आवेदकों के हितों को ध्यान में रखते हुए **परीक्षा के आवेदन पत्र भरे जाने की तिथि में सात दिवस की वृद्धि की गई है,** अतः अब आवेदन **दिनांक 06.02.2021 तक** भरे जा सकते हैं एवं आवेदन पत्र में संशोधन दिनांक 09.02.2021 तक किये जा सकेंगे।

❖ अन्य सभी शर्तें पूर्व अनुसार रहेगी।

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड

'चयन भवन' मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट)
भोपाल-462011, फोन नं. : 0755-2578801-02
फैक्स : +91-755-2550498 वेब. : www.peb.mp.gov.in

विज्ञापन क्रमांक : 48/2020 **संचालक**

म.प्र. माध्यम/99752/45042/2021

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1 भदभदा रोड, भोपाल

क्र./69/तशा/प.यं./2021 दिनांक : 25.01.2021

विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा भोपाल जिले में विभिन्न मरम्मत कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा क्रमांक **2021_MPPHC_125645_1** एवं **2021_MPPHC_125646_1** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र **दिनांक 04.02.2021 समय 12.00 बजे तक** खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/99707/45040/2021 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा के लिये महत्वपूर्ण जानकारी

निबंध लेखन

मार्च 2021 में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा आयोजित होना संभावित है। इस परीक्षा में कुल 6 अनिवार्य प्रश्नपत्रों में अंतिम प्रश्नपत्र निबंध लेखन का होता है। इस प्रश्नपत्र में जहां एक वृहद निबंध 1000 शब्दों में लिखना होता है, वहीं 2 लघु निबंध 250-250 शब्दों में भी लिखने होते हैं। ये क्रमशः 50 और 25-25 अंकों के होते हैं। इस प्रश्नपत्र को 2 घंटे में हल करना होता है।

गांधी दर्शन में जनतंत्र का स्वरूप (लघु निबंध)

हमारे राष्ट्रपिता गांधीजी सच्चे जनतंत्र पर अटूट श्रद्धा रखते थे। वह संयमित व शिक्षित जनतंत्र के प्रबल समर्थक थे। वह कहते थे "लोकतंत्र सारभूत अर्थ में कला और विज्ञान दोनों होना चाहिये, जो राष्ट्र की प्रजा के समस्त वर्गों की सम्पूर्ण शारीरिक, आर्थिक तथा आध्यात्मिक साधन सम्पत्ति का उपयोग लोक कल्याण की सिद्धि के लिये कर सके।" गांधीजी भी अब्राहम लिंकन की तरह लोकतंत्र का अर्थ जनता के शासन और जनता द्वारा नियंत्रित लोक कल्याणकारी शासन के रूप में ही स्वीकार करते रहे हैं। लोकतंत्र की सफलता के लिये वे अनुशासन को सर्वाधिक महत्व देते थे। इसके साथ ही वह सच्चे लोकतंत्र की स्थापना के लिये सत्य व अहिंसा को भी अपरिहार्य मानते थे, क्योंकि हिंसा से दमनकारी व निरंकुश राष्ट्र का निर्माण ही किया जा सकता है। हिंसा आत्मनिर्भरता व आत्मोन्नति के प्रयास को बाधित करती है।

वह कहते थे, "सच्ची लोकसत्ता या जनता का स्वराज्य कभी भी असत्य रूपों (आडम्बरों) या हिंसक साधनों से नहीं आ सकता।" वह जनतंत्रीय सरकार में शक्ति के प्रयोग की तुलना छतरी से करते थे जिसका कम से कम उपयोग किया जाता है। वह निरंकुश व अत्याचारी सरकार को जनता द्वारा उखाड़ दिये जाने का आह्वान करते थे। जनतंत्र की शुरुआत उन्हें ग्राम स्तर से किया जाना स्वीकार था, क्योंकि ऊपर के स्तर का जनतंत्र उन्हें भीड़तंत्र की तरह स्वीकार नहीं था। गांधीजी कहते थे "हिंदुस्तान सच्चा लोकतंत्र गढ़ने का प्रयत्न कर रहा है, ऐसा प्रजातंत्र जिसमें हिंसा के लिये कोई स्थान नहीं होगा। हमारा हथियार सत्याग्रह है तथा उसका व्यक्त स्वरूप चरखा है। ग्राम उद्योग के जरिये प्राथमिक शिक्षा प्रणाली, अस्पृश्यता निवारण, मद्यनिषेध तथा अहिंसक तरीके से मजदूरों का संगठन है।"

जनतांत्रिक विकेन्द्रीकरण को गांधीजी समस्तरीकरण के रूप में देखते थे। उनका मानना था कि सत्ता या साधन का निम्न स्तर तक समान बंटवारा, विकेन्द्रीकृत आत्मानुशासन व आत्मनिर्भरता द्वारा विकास की प्रक्रिया को तेज किया जा सकता है। गांधीजी जनतांत्रिक राज्य के प्रत्येक क्षेत्र में विकेन्द्रीकरण चाहते थे। उनकी नजर में विकेन्द्रित समाज ही आदर्श समाज हो सकता है।

आर्थिक वास्तविकताएं ही सुशासन स्थापित कर सकती हैं। (वृहद निबंध)

चार्ल्स बीयर्ड ने अपनी पुस्तक The Economic Basis of Politics में स्पष्ट लिखा है - "अर्थशास्त्र के ज्ञान के बिना राजनीतिक एवं प्रशासनिक कार्यों को करना पूर्णतः अवास्तविक एवं सारहीन है।" निःसंदेह, प्राचीनकाल से ही आर्थिक पहलुओं ने लगातार शासन-प्रशासन को प्रभावित व निर्धारित किया है, जो कि राजनीति शास्त्र विषयक पुस्तक 'अर्थशास्त्र' के रचयिता चाणक्य (कौटिल्य) के यथार्थवादी विचारों से भी स्पष्ट होता है। चाणक्य ने राजव्यवस्था में 'अर्थ' की महत्वपूर्ण एवं निर्णायक भूमिका को देखते हुए ही अपने ग्रंथ का नाम अर्थशास्त्र रखा था। कौटिल्य की भांति अरस्तू ने भी क्रान्ति का मुख्य कारण आर्थिक असमानता और गरीबी को माना है।

कौटिल्य का वृहद एवं यथार्थवादी दृष्टिकोण

चाणक्य तो राजा को यहां तक परामर्श देता है कि वह जनता से उसी प्रकार कर या शुल्क प्राप्त करे जैसा कि बगीचे से मालिक या उसका माली पके हुए फल चुनता है। वह अपातकाल हेतु राजा को धन संग्रह को जरूरी मानते हुए कहता है- आपदय धन रक्षच्छीमतश्च किमापदः।
कदाधिव्यलिता लक्ष्मी संचिताऽविनश्यति।

अर्थात, हे राजन! आपातकाल के लिए धन बचाना नितांत आवश्यक है, क्योंकि किसी भी समय समृद्ध व्यक्ति या राज्य पर विपत्ति आ सकती है। वस्तुतः लक्ष्मीजी चंचल स्वभाव की हैं, जो कभी एक ही स्थान पर नही रहतीं और संचित धन भी नष्ट हो जाता है।

पाश्चात्य धारणा

यूरोप का चाणक्य कहे जाने वाले राजनीतिज्ञ एवं कूटनीतिज्ञ मैकियावली ने भी कौटिल्य की भांति राजव्यवस्था पर अर्थव्यवस्था की प्रधानता स्थापित की है। इस मध्ययुगीन चिन्तक ने अपने विश्व प्रसिद्ध ग्रन्थ 'द प्रिन्स' में राजा को सावधान करते हुए लिखा है, "राजा को कभी भी किसी की सम्पत्ति नहीं हड़पनी चाहिए, क्योंकि मनुष्य धन के लिए कुछ भी कर सकता है। वह अपने पिता के हत्यारे को भूल सकता है, किंतु धन-सम्पत्ति छीनने वाले व्यक्ति, राजकर्मचारी या राजा को कभी नहीं भूलता।"

आधुनिक काल में कार्ल मार्क्स, एडम स्मिथ, बिस्मार्क, चैम्बरलेन आदि लगभग सभी राजनीतिज्ञों व राजनीतिशास्त्रियों ने आर्थिक गतिविधियों को ही राजनीतिक संस्थाओं की आधारशिला मानकर अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किये हैं। दास केपीटल में कार्ल मार्क्स का यह कथन उल्लेखनीय बन पड़ता है - "हर युग के सामाजिक व राजनीतिक जीवन के स्वरूप का निर्धारण तत्कालीन आर्थिक परिस्थितियों ने ही किया है।" अतः शासन एवं प्रशासन को जनता की रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने पर विशेष ध्यान देते रहना चाहिए।

आधुनिक अर्थशास्त्रियों का दृष्टिकोण

अर्थशास्त्र के जनक एडम स्मिथ ने भी अपनी पुस्तक Wealth of Nations (1776) में राजनीतिक अर्थशास्त्र के दो मुख्य उद्देश्य माने हैं- जनता को पर्याप्त आय प्रदान करना एवं लोक प्रशासन की सफलता हेतु आवश्यक संसाधन जुटाना। इसी प्रकार कौटिल्य ने भी अर्थशास्त्र में व्यापार, कर व्यवस्था, कृषि, मुद्रण, युद्ध एवं शान्ति की विस्तृत विवेचना की है। जॉन मार्शल ने भी स्वीकार किया है कि "अर्थशास्त्र तो पूर्णरूपेण राजनीतिशास्त्र की परछाई है, जिन्हें कभी अलग नहीं किया जा सकता।" यही कारण है कि कोविड-19 संकट से उबरने के बाद सरकारों के साथ-साथ आम लोग भी अर्थोन्मुख कार्य करने पर ध्यान केन्द्रित करने हेतु बाध्य हुए हैं।

सम्भवतः 1952 में यूनेस्को (UNESCO - United Nations Educational, Scientific and Cultural Organisation) ने अर्थशास्त्र व राजनीतिशास्त्र विषयों की घनिष्टता को देखते हुए Cambridge Round Table में यह आग्रह किया था कि राजनीति विज्ञान के पाठ्यक्रम में अर्थशास्त्र के महत्वपूर्ण सिद्धान्तों को अवश्य शामिल किया जाना चाहिए। कालांतर में विश्व व्यापार, ऋण, सीमा शुल्क, आर्थिक सहायता, आर्थिक सहयोग, मुक्त व्यापार एव आर्थिक सन्धियों आदि को शामिल किया जाता रहा है। आज अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF), विश्व बैंक, नई अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था, विश्व व्यापार संगठन (WTO), एशियाई विकास बैंक, अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO), अन्तर्राष्ट्रीय सामुद्रिक संगठन (IMO), यूरोपीय आर्थिक समुदाय (EEC), नाफ्टा, साफ्टा, एशिया-प्रशान्त आर्थिक सहयोग (APEC), पेट्रोल निर्यातक देशों का संगठन (OPEC) आदि दर्जनों आर्थिक संगठनों व संस्थाओं का अध्यापन व अध्ययन राजनीति विज्ञान की अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध शाखा के रूप में बड़े जोर-शोर से किया जा रहा है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में तो आर्थिक वास्तविकताओं को नजरअंदाज करके राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति व्यवस्था के अध्ययन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। निःसंदेह, आज विश्व की महाशक्ति अमरीका जैसा देश भी अपने हितों को दृष्टिगत रखते हुए अपने प्रबलतम शत्रुओं से भी अपना व्यापार बढ़ाने हेतु विवश बना हुआ है।

निष्कर्ष

निःसंदेह, अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में इतने तेजी से परिवर्तनों व सुधारों के पीछे आर्थिक तत्व ही जिम्मेदार रहे हैं। आज बिस्मार्क का यह कथन चरितार्थ हो रहा है कि 'मुझे अब यूरोप के बाहर नए राज्यों (उपनिवेशों) की नहीं, बल्कि नए व्यापारिक केंद्रों की आवश्यकता है।' वास्तव में, अब तो विश्व के अधिकतर छोटे-बड़े देशों में भी पूर्णतः ऐसी ही राजनीतिक-आर्थिक गतिविधियां क्रियान्वित हो रही हैं। आज शीतयुद्ध, निःशस्त्रीकरण, युद्ध, वीटो का प्रयोग आदि राजनीतिक शब्दावली तो आर्थिक गतिविधियों व जरूरतों की चकाचौंध में अदृश्य-सी हो गई हैं।

- **डॉ. नियाज अहमद अंसारी**
(लेखक, शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया में राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विषय के सहा. प्राध्यापक हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये सामान्य ज्ञान–खेल

1. **आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप-2012 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं?**
(अ) शाहिद अफरीदी
(ब) अजंता मेंडिस
(स) ड्वेन ब्रावो
(द) स्टुअर्ट ब्रॉड

2. **वर्ष 2018 में डेविस कप का खिताब किस देश ने जीता था?**
(अ) सर्बिया (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) ब्रिटेन (द) क्रोएशिया

3. **जेरेमी लालरिननुगा किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) वेटलिफ्टिंग (ब) एथेलेटिक्स
(स) साइक्लिंग (द) कबड्डी

4. **एफआईएच हॉकी वर्ल्डकप का पहला संस्करण किस देश ने जीता है?**
(अ) भारत (ब) पाकिस्तान
(स) नीदरलैंड (द) ऑस्ट्रेलिया

5. **डीआरएस तकनीक का उपयोग किस खेल में किया जाता है?**
(अ) क्रिकेट (ब) फुटबॉल
(स) बैडमिंटन (द) बॉस्केटबॉल

6. **असाफा पॉवेल किस देश के दिग्गज स्प्रिंट रनर हैं?**
(अ) अमेरिका (ब) नाइजीरिया
(स) जमैका (द) युगांडा

7. **इनमें से किस गेंदबाज ने टेस्ट क्रिकेट में 500 से ज्यादा विकेट लिए हैं?**
(अ) वसीम अकरम
(ब) स्टुअर्ट ब्रॉड
(स) रिचर्ड हेडली
(द) शॉन पोलक

8. **एशियन गेम्स-2018 में कितने देशों ने हिस्सा लिया था?**
(अ) 48 (ब) 51
(स) 45 (द) 38

9. **वर्ष 2020 में कितने खिलाड़ियों को राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार दिया गया था?**
(अ) दो (ब) तीन
(स) चार (द) पांच

10. **फुटबॉल का प्रसिद्ध मैराकाना स्टेडियम किस शहर में स्थित है?**
(अ) केपटाउन
(ब) रियो डि जेनेरियो
(स) मैक्सिको सिटी
(द) लिस्बन

11. **बॉब विलिस ट्रॉफी किस खेल से संबंधित है?**
(अ) क्रिकेट (ब) फुटबॉल
(स) बॉस्केटबॉल (द) टेनिस

12. **वर्ष 2020 में डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के चैंपियन बने थे?**
(अ) चोउ टिएन चेन
(ब) एंडर्स एंटोनसेन
(स) लक्ष्य सेन
(द) केंटा निशिमोटो

13. **इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथेलेटिक्स फेडरेशंस का मुख्यालय किस देश में है?**
(अ) मोनाको (ब) स्विट्जरलैंड
(स) थाइलैंड (द) कनाडा

14. **दोहा शहर वर्ष 2030 में किस खेल आयोजन की मेजबानी करेगा?**
(अ) ओलिंपिक गेम्स
(ब) कॉमनवेल्थ गेम्स
(स) एशियन गेम्स
(द) इनमें से कोई नहीं

15. **गुरप्रीत सिंह संधू किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) गोल्फ (ब) फुटबॉल
(स) बैडमिंटन (द) क्रिकेट

16. **डेनिल मेदवेदेव ने कितनी बार पेरिस मास्टर्स में एकल खिताब जीता है?**
(अ) एक बार (ब) दो बार
(स) पांच बार (द) इनमें से कोई नहीं

17. **फॉर्मूला-वन चैंपियनशिप-2021 की पहली रेस किस देश में आयोजित होगी?**
(अ) ब्रिटेन (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) सउदी अरब (द) बहरीन

18. **इस वर्ष अबूधाबी ओपन में महिला एकल वर्ग की चैंपियन बनी हैं?**
(अ) जेलेना ओस्तोपेंको
(ब) मारिया शारापोवा
(स) आर्यना सबालेंका
(द) सेरेना विलियम्स

19. **वर्ष 2006 में कॉमनवेल्थ खेल किस शहर में आयोजित किए गए थे?**
(अ) ऑकलैंड (ब) ग्लास्गो
(स) क्वालालंपुर (द) मेलबर्न

20. **वन-डे क्रिकेट में बतौर फील्डर एक मैच में सबसे ज्यादा कैच पकड़ने का रिकॉर्ड किसके नाम है?**
(अ) मोहम्मद कैफ
(ब) कार्ल हूपर
(स) जॉंटी रोड्स
(द) स्टीफन फ्लेमिंग

21. **फीफा वर्ल्डकप-2010 में गोल्डन बॉल का पुरस्कार किस खिलाड़ी को मिला था?**
(अ) डिएगो फॉरलान
(ब) थॉमस मुलर
(स) फिलिप लाम
(द) इकेर कैसिलास

22. **अमेरिका के दिग्गज खिलाड़ी फ्लॉयड मेवेदर किस खेल से संबंधित हैं?**
(अ) आइस हॉकी (ब) वास्केटबॉल
(स) एथेलेटिक्स (द) मुक्केबाजी

23. **भारत और इंग्लैंड के बीच आगामी टी-20 सीरीज के सभी मैच किस शहर में खेले जायेंगे?**
(अ) चैन्नई (ब) मुम्बई
(स) अहमदाबाद (द) कोलकाता

24. **वर्ष 2018 में किस देश ने एफआईएच हॉकी वर्ल्डकप जीता था?**
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) बेल्जियम
(स) अर्जेंटीना (द) पाकिस्तान

25. **इनमें से किस खिलाड़ी को वर्ष 2020 में फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर चुना है?**
(अ) क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(ब) लियोनेल मैसी
(स) साडियो माने
(द) रॉबर्ट लेवानडोवस्की

उत्तर
1. ब, 2. द, 3. अ, 4. ब, 5. अ, 6. स, 7. ब, 8. स, 9. द, 10. ब, 11. अ, 12. ब, 13. अ, 14. स, 15. ब, 16. अ, 17. द, 18. स, 19. द, 20. स, 21. अ, 22. द, 23. स, 24. ब, 25. द।

- **पुष्पेंद्र कुमार सविता**
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

MADHYA PRADESH COUNCIL OF SCIENCE AND TECHNOLOGY
Vigyan Bhawan, Nehru Nagar, Bhopal– 462003
36th M.P. YOUNG SCIENTIST CONGRESS
Hosted on Virtual Platform by Vikram University, Ujjain – 456010

The **36th M.P. Young Scientist Congress** will be organized on Virtual Platform by Vikram University, Ujjain during **March 23-26, 2021**. The Research Scholars, Faculty Members, and Scientists working in Madhya Pradesh in any University, College, Research Institution are encouraged to submit research papers in the following disciplines: (1) Agricultural Sciences (2) Anthropology and Behavioral Sciences (3) Chemical Engineering (4) Chemical Sciences (5) Civil Engineering (6) Computer Science Engineering and Information Technology (7) Earth and Atmospheric Sciences (8) Electrical and Electronics Engineering, (9) Environmental Sciences (10) Home Sciences (11) Life Sciences (12) Mathematical Sciences (13) Mechanical Engineering (14) Medical Sciences including AYUSH (15) New Biology (Biotechnology, Biochemistry, Biophysics, Bioinformatics and Molecular Biology) (16) Pharmaceutical Sciences (17) Physical Sciences (18) Plant Sciences (19) Veterinary Science and Animal Husbandry.
Further details are available on website **www.mpysc.in** and also on Council's website **www.mpcost.gov.in** via link **'M.P. Young Scientist Congress'**. Only online applications will be accepted and may be submitted on or before **February 26, 2021.** The print copy generated after online submission should reach **'Convener, M.P. Council of Science & Technology, Vigyan Bhawan, Nehru Nagar, Bhopal–462003'** on or before **March 02, 2021**. **(Contact : Phone : 0755-2433162, Fax : 0755-2671600; E-mail : mpysc.in@gmail.com)**
M.P. Madhyam/99779/45045/2021 **DIRECTOR GENERAL**

23 जनवरी

प्रवासी श्रमिकों के लिये श्रमशक्ति पोर्टल का हुआ शुभारंभ

●केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने एक राष्ट्रीय प्रवासन पोर्टल श्रमशक्ति

का लोकार्पण किया। यह पोर्टल प्रवासी श्रमिकों के लिये राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों के सुचारु रूप से निर्माण में मदद करेगा। श्री अर्जुन मुंडा ने पोर्टल के संबंध में कहा कि प्रवासियों से जुड़े वास्तविक आंकड़ों की कमी की वजह से प्रवासी श्रमिकों के कल्याण के लिये कारगार रणनीति और नीतिगत निर्णय तैयार करना राज्य और केंद्र सरकार के लिये एक बड़ी चुनौती थी। श्री मुंडा ने बताया कि श्रमशक्ति पोर्टल डाटा से संबंधित अंतर को दूर करने और उन प्रवासी श्रमिकों को सशक्त बनाने में सफल होगा, जो आमतौर पर रोज़गार की तलाश में पलायन करते हैं।

●ट्रेनों में ई-कैटरिंग की सुविधा अगले महीने से दोबारा शुरू होने जा रही है। यह जानकारी इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज़्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) ने दी। आईआरसीटीसी ने बताया कि अभी सिर्फ चुनिंदा स्टेशनों पर यह सुविधा मिलेगी। इस सुविधा के तहत रेल यात्री पसंदीदा खाना ऑनलाइन ऑर्डर कर सकेंगे और उन्हें सीट पर ही इसकी डिलीवरी भी मिलेगी। आईआरसीटीसी के अनुसार रेल मंत्रालय ने इसकी अनुमति दे दी है। उल्लेखनीय है कि मार्च 2020 में कोरोना महामारी के कारण यह सुविधा बंद कर दी गई थी, अब यह सुविधा 30 स्टेशनों और 250 ट्रेनों में उपलब्ध होगी।

●कोरोना काल के कारण संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा में उपस्थित नहीं होने वाले उम्मीदवारों को दूसरा मौका नहीं दिया जायेगा। यह जानकारी केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा के जरिये दी। यूपीएससी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले कुछ अभ्यर्थियों ने कोरोना महामारी के चलते प्रारंभिक परीक्षा में उपस्थित नहीं होने का हवाला देकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि उन्हें परीक्षा में बैठने का एक अवसर और मिलना चाहिये।

24 जनवरी

सशस्त्र बलों के जवानों को मिलेगा आयुष्मान योजना का लाभ

●आयुष्मान भारत योजना का फायदा अब सभी सशस्त्र बलों (सीएपीएफ) को भी मिलेगा। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने आयुष्मान सीएपीएफ योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत भारत के सभी सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मियों को केंद्रीय स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम का लाभ मिलेगा। इस योजना में सभी सशस्त्र बलों के कर्मियों और उनके परिवार के सदस्य आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत देश के 24 हजार अस्पतालों में इलाज करा सकेंगे। गृह मंत्री श्री अमित शाह ने इस अवसर पर कहा कि सरकार सीएपीएफ में 50 हजार कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगी। अगले पांच वर्षों में सीएपीएफ से विदा होने वाले हर कर्मचारी के स्थान पर भर्ती की जायेगी, ताकि हर एक जवान हर साल 100 दिन अपने घर पर बिता सके।

●संसद सदस्यों और आम लोगों को आसानी से तथा त्वरित रूप से बजट संबंधी दस्तावेज मिल सकें इसके लिये केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने यूनियन बजट मोबाइल एप तैयार किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस एप को लॉन्च किया। इस मोबाइल एप में केंद्रीय बजट से संबंधित सभी 14 दस्तावेज उपलब्ध होंगे। इस एप में वार्षिक वित्तीय विवरण, अनुदान की मांग, वित्त विधेयक जैसे दस्तावेज उपलब्ध होंगे, जो संविधान के अनुसार तय किये गये हैं। यह एप विभिन्न फीचर्स के साथ यूजर फ्रैंडली इंटरफेस के रूप में हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। इस एप को केंद्रीय बजट के वेब पोर्टल www.indiabudget.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

●नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता जारी है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाले गुट ने प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। प्रचंड गुट के प्रवक्ता नारायण काजी श्रेष्ठ ने बताया कि के.पी. शर्मा ओली अब नेपाल कम्युनिष्ट पार्टी के सदस्य नहीं हैं। पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में ओली को पार्टी से हटाने का फैसला किया गया है। उल्लेखनीय है कि के.पी. शर्मा ओली और पुष्प कमल दहल प्रचंड के बीच काफी समय से मतभेद हैं।

25 जनवरी

विश्वविद्यालयों में नये शिक्षकों के लिये अनिवार्य होगा प्रशिक्षण

●विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में नियुक्त होने वाले नये शिक्षकों के लिये अब

UGC
University Grants Commission

शुरुआती प्रशिक्षण अनिवार्य होगा। यह फैसला विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने उच्च शिक्षण संस्थानों की शैक्षणिक गुणवत्ता बेहतर करने के लिये लिया है। इस फैसले के अनुसार नये शिक्षकों को संस्थान परिचय के साथ विषय वस्तु, छात्रों के साथ व्यवहार, पढ़ाने का तरीका और शोध से जुड़ाव आदि जानकारी से अवगत कराया जायेगा। इसके साथ संस्थान के मौजूदा शिक्षकों के लिये पहले से चल रहे रिफ्रेशर कोर्स भी जारी रखे जायेंगे। यूजीसी ने शिक्षकों के प्रशिक्षण से जुड़े प्रोग्राम का एक मसौदा तैयार किया है। इस मसौदे पर विश्वविद्यालयों से छह फरवरी तक राय मांगी गई है।

●भारत के हल्के स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस को खरीदने में कई देशों ने दिलचस्पी दिखाई है। अगले कुछ वर्षों में पहला ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। यह जानकारी तेजस विमान का निर्माण करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के चेयरमैन आर. माधवन ने दी। माधवन ने बताया कि भारतीय वायुसेना को मार्च 2024 से तेजस विमानों की आपूर्ति शुरू हो जायेगी। उन्होंने बताया कि तेजस मार्क 1ए विमान का प्रदर्शन चीन के जेएफ-17 लड़ाकू विमान की तुलना में ज्यादा उत्कृष्ट है, क्योंकि इसका इंजन, रडार प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध सुइट बेहतर हैं। इस विमान की सबसे बड़ी खूबी हवा से हवा में ईंधन भरना है।

●पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) से बड़ा झटका लगा है। यूएन ने अपने सभी स्टाफ को पाकिस्तान में रजिस्टर्ड एयरलाइंस में यात्रा न करने की चेतावनी दी है। संयुक्त राष्ट्र सिक्योरिटी मैनेजमेंट सिस्टम (यूएनएसएमएस) ने एक एडवाइजरी जारी करते हुये कहा कि सिविल एविएशन अथॉरिटी की फर्जी लाइसेंस को लेकर जांच चल रही है, ऐसे में पाकिस्तान में रजिस्टर्ड एयरलाइंस से यात्रा न की जाये।

26 जनवरी

वोटर आईडी कार्ड का इलेक्ट्रॉनिक वर्जन हुआ लॉन्च

●आम नागरिक अब घर बैठे मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी कार्ड) डाउनलोड कर सकेंगे। केंद्रीय कानून तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद ने वोटर आईडी कार्ड का इलेक्ट्रॉनिक वर्जन लॉन्च किया है। इस सुविधा के तहत मतदाता वोटर आईडी की डिजिटल कॉपी डाउनलोड कर इसे डिजिटल लॉकर में अपने पास रख सकेंगे। डिजिटल वोटर आईडी कार्ड पर एक सिक्योर्ड क्यूआर कोड भी रहेगा। डिजिटल वोटर आईडी कार्ड भी वोटर कार्ड की तरह मान्य होगा। एक फरवरी से सभी वोटर्स अपने मतदाता पहचान पत्र की डिजिटल कॉपी डाउनलोड कर सकेंगे, इसके लिये मतदाता का मोबाइल नंबर चुनाव आयोग में रजिस्टर होना जरूरी है।

●चीन के लियाओनिंग प्रांत के डालियान शहर में एक गैस पाइप लाइन में रिसाव के कारण भीषण धमाका हुआ। इस धमाके के कारण 3 लोगों की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हुये हैं। इस धमाके में 8 से ज्यादा वाहन भी चपेट में आये हैं। घटना की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि विस्फोट गैस पाइप लाइन में रिसाव के कारण हुआ है।

27 जनवरी

पुराने वाहनों पर ग्रीन टैक्स लगाने के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

●वायु प्रदूषण की स्थिति को देखते हुये केंद्र सरकार पुराने वाहनों पर ग्रीन टैक्स

लगाने की तैयारी कर रही है। केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने प्रदूषण फैलाने वाले पुराने वाहनों पर ग्रीन टैक्स लगाने वाले एक प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। इस प्रस्ताव के तहत 8 वर्ष से पुराने परिवहन वाहनों पर फिटनेस सर्टिफिकेट के नवीनीकरण के समय रोड टैक्स की 25 प्रतिशत राशि ग्रीन टैक्स के रूप में वसूली जायेगी। इसके अलावा निजी वाहनों से 15 वर्ष के बाद वाहन रजिस्ट्रेशन के आवेदन करने पर ग्रीन टैक्स वसूला जायेगा। इस प्रस्ताव को विचार-विमर्श के लिये राज्यों के पास भेजा जायेगा। राज्यों से हरी झंडी मिलने के बाद इस टैक्स को अधिसूचित किया जायेगा।

●संयुक्त राष्ट्र (यूएस) के वीस सदस्यीय उच्च स्तरीय परामर्श मंडल (एडवाइजरी बोर्ड) में भारतीय अर्थशास्त्री जयंती घोष को भी शामिल किया गया है। यह परामर्श मंडल कोरोना महामारी के बाद दुनिया के सामने आने वाली सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का मुकाबला करने के लिये अपनी सिफारिशें देगा। जयंती घोष मैसाचुसेट्स यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने अर्थशास्त्र में कई किताबें भी लिखी हैं।

●जलवायु परिवर्तन से सर्वाधिक प्रभावित देशों की सूची में भारत विश्व के शीर्ष दस देशों में शामिल है। यह जानकारी जर्मनी स्थित पर्यावरण संबंधी थिंक टैंक 'जर्मन वॉच' द्वारा प्रकाशित ग्लोबल क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स 2021 में दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार जलवायु परिवर्तन से होने वाले असर पूरे विश्व में दिखाई दे रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार जलवायु परिवर्तन से प्रभावित देशों की सूची में भारत सातवें स्थान पर है। इस सूची में मोजाम्बिक शीर्ष पर है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019 में जलवायु परिवर्तन से जुड़ी घटनाओं में 4.8 लाख लोगों की मौत हुई थी।

28 जनवरी

राफेल विमान की तीसरी खेप पहुंची भारत

●भारतीय वायुसेना की शक्ति में एक बार फिर इजाफा हुआ है। फ्रांस से तीन और राफेल विमान भारत पहुंच गये हैं। राफेल विमानों की तीसरी खेप ने फ्रांस के बोर्डोक्स से अंबाला स्थित वायुसेना बेस तक 7 हजार किलोमीटर की नॉन स्टॉप यात्रा की। सफर के दौरान इन विमानों में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एयर रिफ्यूलिंग एयर क्राफ्ट के जरिये ईंधन भी भरा गया। भारतीय वायुसेना ने मिड एयर रिफ्यूलिंग के लिये यूएई की वायुसेना को धन्यवाद दिया। इन तीन विमानों के भारत पहुंचने के बाद वायुसेना के बेड़े में राफेल विमानों की संख्या 11 हो गई है। उल्लेखनीय है कि भारत ने फ्रांस के साथ 36 राफेल विमानों की खरीद के लिये सौदा किया है। इनमें से 30 लड़ाकू विमान होंगे और छह प्रशिक्षण विमान होंगे।

●भारत ने अमेरिका के विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) में लौटने के फैसले का स्वागत किया है। भारत के स्वास्थ्य मंत्री तथा डब्ल्यूएचओ कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष डॉ. हर्षवर्धन ने डब्ल्यूएचओ की कार्यकारी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के डब्ल्यूएचओ में वापस लौटने के फैसले का स्वागत करते हैं। इससे कोविड महामारी से लड़ने के हमारे संकल्प को और मजबूती मिलेगी। इस लड़ाई में सभी देशों का सहयोग जरूरी है।

●इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर स्थित सक्रिय माउंट मिरापी ज्वालामुखी में विस्फोट हो गया। तेज धमाके से 1500 मीटर तक लावे की धारा वह निकली। इस विस्फोट की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। ज्वालामुखी से राख, गैस और धूल का गुबार फैल गया। जहरीली गैसों के कारण आसपास के 5 किलोमीटर के दायरे को डेंजर जोन घोषित किया गया है।

29 जनवरी

डब्ल्यूएचओ की टीम ने वुहान में शुरू की जांच

●विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की टीम ने चीन के वुहान शहर में कोरोना वायरस की उत्पत्ति की जांच शुरू कर दी है। यह टीम पता लगायेगी कि कोरोना वायरस की उत्पत्ति वुहान से हुई थी या नहीं। डब्ल्यूएचओ की टीम वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी सहित शहर के विभिन्न स्थानों का दौरा करेगी। यह टीम 14 जनवरी को वुहान पहुंची थी। टीम को 14 दिन तक क्वारेंटाइन रखा गया। उल्लेखनीय है कि चीन के वुहान शहर से दिसम्बर 2019 में कोरोना का पहला मामला सामने आया था।

●भारत ने हथियारों की आपात खरीद की मुहिम के तहत इजराइल से छह हजार नेगेव लाइट मशीनगन (एलएमजी) हासिल कर ली हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारत ने 19 मार्च 2020 को इजराइल के साथ 16 हजार 479 नेगेव लाइट मशीनगन खरीदने के लिये 800 करोड़ रुपये का करार किया था, ताकि अग्रिम मोर्चों पर तैनात जवानों की क्षमता बढ़े। इन मशीनगनों को परखने के लिये ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में भेजा गया है। इस सौदे के तहत बाकी मशीनगन मार्च महीने के अंत तक आने की उम्मीद है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रमांक - 03, गोरखपुर
थाने के पीछे 1558 ऋषि कॉटेज, रतन कॉलोनी, जबलपुर (म.प्र.)-482003
Ph. : 0761-4927003 Email : mpphcjabalpur3@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-03 के अंतर्गत थाना मोतीनाला जिला-मण्डला के अंतर्गत नक्सल बैस केम्प में बैरक का निर्माण एवं पेयजल व्यवस्था हेतु बोरवेल कार्य, जिला-मण्डला स्थित पुलिस चौकी टाटरी में बैरक का निर्माण एवं पेयजल व्यवस्था हेतु बोरवेल कार्य, थाना मोतीनाला जिला-मण्डला के अंतर्गत नक्सल बैस केम्प में बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य एवं 36+32 आवास गृह एवं 12+11 एन.जी.ओ. आवास गृह हेतु सीवर लाइन का कार्य जी.आर.पी. लाइन, जबलपुर कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-12/2020-21 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_126391 से 126394) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 10.02.2021 समय सायं 17.00 बजे तक ऑनलाइन खरीदे एवं सब्मिट (प्रस्तुत) किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/99775/45044/2021 **परियोजना यंत्री**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

वर्ष 38, अंक 05 01.02.2021 से 07.02.2021

रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (रु. पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011,
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

खेल चर्चा

आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की तिथि में हुआ बदलाव

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस वर्ष लंदन में आयोजित होने वाले आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की तारीख में बदलाव किया है। पहले यह मैच लंदन के लॉर्ड्स मैदान में 10 से 14 जून के बीच खेला जाना था, लेकिन अब यह एक सप्ताह बाद 18 से 22 जून 2021 को खेला जायेगा। आईसीसी ने 23 जून को मैच का रिजर्व डे रखा है। मैच में रिजर्व डे का उपयोग तभी होगा जब मैच के पांचों दिनों में निर्धारित ओवर या समय का खेल नहीं हो। उल्लेखनीय है कि आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में भारत शीर्ष स्थान पर काबिज है। ऐसे में चैंपियनशिप के फाइनल में भारत का खेलना तय माना जा रहा है।

ओलिंपिक आयोजित कराने के लिये तैयार – थॉमस बाक

टोक्यो, अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक कमेटी (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है, जिसमें कहा जा रहा था कि जुलाई 2021 में होने वाले टोक्यो ओलिंपिक खेल रद्द किये जायेंगे। बाक ने कहा कि मैं पुष्टि करना चाहता हूं कि यह सभी अटकलें पूरी तरह गलत हैं। हम सभी टोक्यो ओलिंपिक खेलों को सफल बनाने के लिये एकजुट होकर काम कर रहे हैं। आईओसी अध्यक्ष से पहले जापान सरकार ने भी इन अटकलों का खंडन किया था। उल्लेखनीय है कि टोक्यो में वर्ष 2020 में ओलिंपिक खेल आयोजित होने थे, लेकिन वैश्विक कोरोना महामारी के कारण इन्हें एक वर्ष के लिये स्थगित किया गया था।

डस्टिन पोइरियर ने वर्ल्ड चैंपियन मैक्ग्रेगोर को हराया

अबूधाबी, तीसरी बार संन्यास तोड़कर वापसी करने वाले आयरलैंड के 32 वर्षीय मिक्स्ड मार्शल आर्ट खिलाड़ी कोनोर मैक्ग्रेगोर की वापसी अच्छी नहीं रही। मैक्ग्रेगोर को अमेरिका के डस्टिन पोइरियर ने दूसरे राउंड में ही नॉक आउट कर दिया। इस मुकाबले के पहले राउंड में मैक्ग्रेगोर अमेरिकी फाइटर पर हावी रहे थे। लेकिन दूसरे राउंड में डस्टिन ने बाजी पलट दी। डस्टिन ने दूसरे राउंड में मैक्ग्रेगोर को 2 मिनट 32 सेकेंड में ढेर कर दिया। इस जीत के साथ डस्टिन ने वर्ष 2014 में मैक्ग्रेगोर से मिली हार का भी बदला लिया है। उल्लेखनीय है कि मैक्ग्रेगोर अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) में दो अलग-अलग भार वर्ग में वर्ल्ड चैंपियन रह चुके हैं।

अफगानिस्तान ने 3-0 से जीती वन-डे सीरीज

अबूधाबी, अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम ने आयरलैंड के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की वन-डे सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप किया है। अफगानिस्तान ने सीरीज का पहला मैच 16 रन से, दूसरा मैच 7 विकेट से तथा तीसरा मैच 36 रन से अपने नाम कर सीरीज पर कब्जा किया। तीसरे और अंतिम मैच में अफगानिस्तान ने राशिद खान की 48 रनों की उपयोगी पारी के बदौलत 266 रन बनाये। इसके जवाब में आयरलैंड की टीम 47.1 ओवर में 230 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। मैच में आयरलैंड के लिये सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग ने 118 रनों की पारी खेली, लेकिन अन्य बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे पाये।

टाइम ट्रायल टेस्ट

बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के लिये नये फिटनेस टेस्ट को दी मंजूरी

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और मैचों की बढ़ती संख्या को देखते हुये खिलाड़ियों को मानसिक और शारीरिक तौर पर मजबूत बनाने के लिये एक नया फिटनेस टेस्ट शुरू करने जा रहा है। यह फिटनेस टेस्ट पहले से चल रहे यो-यो टेस्ट के साथ ही रहेगा।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नये टेस्ट का नाम टाइम ट्रायल टेस्ट होगा। बीसीसीआई के सभी अनुबंधित खिलाड़ियों को अब यो-यो टेस्ट के साथ ही इस टेस्ट को भी पास करना जरूरी होगा। टाइम ट्रायल टेस्ट में खिलाड़ियों की गति और सहनशीलता लेवल की परीक्षा होगी।

टाइम ट्रायल टेस्ट का पैमाना

टाइम ट्रायल टेस्ट में खिलाड़ियों को 2 किलोमीटर तक की दूरी कवर करनी होगी। तेज गेंदबाजों को यह दूरी 8 मिनट 15 सेकेंड में तय करनी होगी, जबकि बल्लेबाजों, स्पिन गेंदबाजों और विकेटकीपर को यह दूरी 8 मिनट 30 सेकेंड में पूरी करनी होगी। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय क्रिकेट टीम में जगह बनाने के लिये अब खिलाड़ियों को दोनों टेस्ट (यो-यो टेस्ट और टाइम ट्रायल टेस्ट) पास करने होंगे। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया की सफलता के लिये फिटनेस का बेहतर होना जरूरी है। टाइम ट्रायल टेस्ट खिलाड़ियों को बेहतर बनाने में मददगार होगा।

- भारतीय क्रिकेट टीम का फिटनेस स्तर विश्व में उत्कृष्ट माना जाता है।
- खिलाड़ियों को शानदार खेल के साथ इन फिटनेस टेस्ट को पास कर ही भारतीय टीम में जगह मिलेगी।
- खिलाड़ियों को यो-यो टेस्ट में कम से कम 17.1 स्कोर करना जरूरी होता है।
- बीसीसीआई ने वर्ष 2017 में यो-यो टेस्ट को अनिवार्य बनाया था।

बीसीसीआई ने खिलाड़ियों को दी जानकारी

टाइम ट्रायल टेस्ट को बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह की मंजूरी मिलने के बाद बीसीसीआई ने सभी अनुबंधित खिलाड़ियों को नये टेस्ट तथा इसके मापदंडों के बारे में अवगत कराया है। बीसीसीआई के अनुसार इस टेस्ट के लिये इस साल में विंडो- फरवरी, जून और अगस्त-सितम्बर रखे गये हैं। बीसीसीआई ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेलने वाले खिलाड़ियों को फरवरी में होने वाले इस टेस्ट से छूट दी गई है, लेकिन लिमिटेड ओवर (वन-डे और ट्वेंटी-20) सीरीज के लिये चुने गये बाकी खिलाड़ियों को इस टेस्ट को पास करना जरूरी होगा।

फीफा की चेतावनी

यूरोपियन सुपर लीग में खेलने वाले खिलाड़ी होंगे प्रतिबंधित

ज्यूरिख, विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने चेतावनी दी है कि प्रस्तावित यूरोपियन सुपर लीग में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को प्रतिबंधित किया जायेगा। ये खिलाड़ी फीफा विश्वकप में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। फीफा ने कहा कि वह इस तरह के किसी टूर्नामेंट को मान्यता नहीं देगा। इसमें हिस्सा लेने वाले क्लब को भी फीफा और कन्फेडरेशन के टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति नहीं मिलेगी। फीफा अध्यक्ष गियानी इन्फेंटिनो ने यूईएफए सहित अन्य महाद्वीपों के कन्फेडरेशन के साथ इस संबंध में एक साझा बयान जारी किया है।

एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी दोबारा हुई स्थगित

क्वालालंपुर, एशियन हॉकी फेडरेशन (एएचएफ) ने एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी को एक बार फिर स्थगित कर दिया है। एएचएफ ने यह निर्णय कोरोना महामारी की मौजूदा स्थिति के बाद लिया है। एएचएफ के मुख्य कार्यकारी तैयब इकराम ने बताया कि हमें कई मसलों को ध्यान में रखकर यह फैसला लेना पड़ा। खिलाड़ियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण है, हम अपने खिलाड़ियों को जोखिम में नहीं डालना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि टीम की तैयारियों के अभाव को ध्यान में रखकर भी यह फैसला लेना पड़ा। एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 11 से 19 मार्च तक बांग्लादेश में होना था।

थाईलैंड ओपन

मारिन और एक्सेलसन ने जीते खिताब

बैंकॉक, स्पेन की महिला बैडमिंटन खिलाड़ी कैरोलिना मारिन तथा डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ने अपने-अपने वर्ग में थाइलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीता है। दोनों खिलाड़ियों ने लगातार दूसरी बार यह खिताब जीते हैं।

मारिन ने यिंग को हराया

टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग में कैरोलिना मारिन के सामने चीनी ताइपे की ताई जू यिंग की चुनौती थी। मारिन ने फाइनल मैच में यिंग को 21-19, 21-17 से हराया। मैच के पहले गेम में मारिन और यिंग के बीच कड़ी टक्कर दिखी, लेकिन दूसरे गेम में मारिन ने यिंग को आसानी से हरा दिया।

एक्सेलसन को मिली एकतरफा जीत

डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन को पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में अपने हमवतन खिलाड़ी हांस क्रिस्टियन विटिंगुस से भिड़ना पड़ा। यह मैच पूरी तरह एक तरफा रहा। मैच में एक्सेलसन ने विटिंगुस को 21-11, 21-7 से हरा दिया। टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग का खिताब चीनी ताइपे के ली यंग और वांग ची लिन की जोड़ी ने जीता, वहीं महिला युगल वर्ग का खिताब दक्षिण कोरिया की किम सो योंग और कांग ही योंग की जोड़ी ने जीता।

- मारिन ने वर्ष 2015 के बाद ताई जू यिंग को लगातार दो बार हराया है।
- मारिन ने रियो ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीता है।
- एक्सेलसन एक सीजन में लगातार तीन सुपर-1000 टूर्नामेंट जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गये हैं।

इंग्लैंड ने टेस्ट सीरीज में श्रीलंका को 2-0 से किया क्लीन स्वीप

गाले, इंग्लैंड की क्रिकेट टीम ने भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिये अपनी पुख्ता तैयारी का नमूना पेश किया है। इंग्लैंड ने श्रीलंका को उसी के घर में टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया है। इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट मैच में श्रीलंका को 6 विकेट से हराया।

मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 381 रनों का स्कोर बनाया। श्रीलंका के लिये दिग्गज ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज ने 110 रनों की शतकीय पारी खेली, वहीं निरोशन डिकवेला (92), दिलरूवान परेरा (67) और दिनेश चांडीमल (52) ने अर्धशतकीय पारी खेली। इसके जवाब में इंग्लैंड के बल्लेबाज (जो रूट को छोड़कर) असहज नजर आये। जो रूट ने एकतरफा संघर्ष करते हुये 186 रन बनाये। इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 344 रन ही बना सकी। श्रीलंका को पहली पारी के आधार पर 36 रनों की बढ़त मिली।

पहली पारी में शानदार खेल दिखाने वाले श्रीलंकाई बल्लेबाज दूसरी पारी में पूरी तरह नाकाम रहे। श्रीलंकाई टीम दूसरी पारी में महज 36 ओवर ही खेल सकी और 126 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड को जीत के लिये 164 रनों का लक्ष्य मिला।

मैच के आखिरी दिन टर्न लेती पिच पर मुश्किल माने जा रहे इस लक्ष्य को हासिल करने में इंग्लिश टीम कामयाब रही। दूसरी पारी में इंग्लैंड के चार विकेट 89 रन के स्कोर पर गिर गये थे। इसके बाद जोस बटलर ने 48 गेंदों पर 46 रनों की पारी खेलकर जीत को इंग्लैंड की तरफ मोड़ दिया। डोम सिबले ने बटलर का बखूबी साथ निभाया और नाबाद 56 रनों की पारी खेली। जो रूट को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज अवॉर्ड से नवाजा गया है। रूट ने पहले टेस्ट मैच में दोहरा शतक बनाया था।

इटैलियन सुपर कप

जुवेंट्स ने नौवीं बार जीता खिताब

रोम, इटली के लोकप्रिय क्लब जुवेंट्स ने इटैलियन सुपर का खिताब अपने नाम किया है। जुवेंट्स ने रिकॉर्ड नौवीं बार यह खिताब जीता है। टूर्नामेंट के फाइनल में जुवेंट्स ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी नेपोली को 2-0 से हराया।

जुवेंट्स की जीत में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अहम भूमिका रही। मैच के पहले हॉफ में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। दूसरे हॉफ में जुवेंट्स ने नेपोली पर लगातार दबाव बनाया। जुवेंट्स को 64वें मिनट में पहली सफलता मिली। रोनाल्डो ने शानदार मैदानी गोल कर जुवेंट्स को बढ़त दिलाई। इस गोल के बाद दोनों टीमों ने आक्रमण तेज कर दिया। नेपोली के पास मैच को अतिरिक्त समय तक खींचने का मौका था, लेकिन उसके कप्तान लोरेंजो इन्साइन आखिरी क्षणों में मिली पेनाल्टी को गोल में तब्दील नहीं कर पाये। हालांकि जुवेंट्स के अल्वारो मोराता ने इंजरी टाइम में मिले मौके का फायदा उठाकर गोल किया और जुवेंट्स की जीत पर मुहर लगा दी।

रोनाल्डो बने शीर्ष गोल स्कोरर

मैच के दौरान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। रोनाल्डो फुटबॉल इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। मैच के दौरान रोनाल्डो ने 760वां गोल कर ऑस्ट्रिया के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर जोसेफ बिकॉन का रिकॉर्ड तोड़ा है। बिकॉन ने अपने फुटबॉल कॅरियर में 759 गोल किये थे।

- जुवेंट्स ने सर्वाधिक 9 बार इटैलियन सुपर कप जीता है।
- जुवेंट्स के बाद मिलान ने 7 बार जीता है इटैलियन सुपर कप।
- नेपोली ने वर्ष 1990 तथा 2014 में जीता था यह खिताब।

फीफा ने घोषित की टीम ऑफ द ईयर-2021

ज्यूरिख, फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने वर्ष 2021 की फीफा टीम ऑफ द ईयर घोषित की है। फीफा की टीम-2021 के लिये 10 मिलियन से ज्यादा लोगों ने वोट दिये हैं। टीम में मैनुएल नुएर (गोलकीपर) अल्फांसो डेविस, सर्जियो रामोस, वर्जिल वान डिजिक, ट्रेंट एलेक्जेंडर अर्नोल्ड, ब्रुनो फर्नांडीज, जोशुआ किमिच, केविन डि ब्रुएन, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, रॉबर्ट लेवानडोवस्की और किलियन एम्बाप्पे शामिल हैं। फीफा टीम-2021 में सबसे ज्यादा चार खिलाड़ी बायर्न म्यूनिख क्लब से हैं। टीम में लिवरपूल के 2 तथा रियल मैड्रिड, मैनचेस्टर सिटी, पेरिस सेंट जर्मेन और यूवेंट्स के 1-1 खिलाड़ी शामिल हैं। फीफा टीम-2021 में अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनेल मेसी को जगह नहीं मिली है। यह पिछले 11 वर्षों में पहला मौका है, जब मेसी को फीफा टीम ऑफ द ईयर में जगह नहीं मिली है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

सामयिकी

आकाश-एनजी मिसाइल का सफल परीक्षण

डीआरडीओ ने स्वदेशी आकाश मिसाइल के नये संस्करण का परीक्षण सफलतापूर्वक किया। ओडिशा स्थित

- **आकाश-एनजी नई पीढ़ी की सरफेस-टू-एयर मिसाइल है। जिसका उपयोग भारतीय वायुसेना द्वारा उच्च पैंतरेबाजी वाले हवाई खतरों को रोकने के उद्देश्य से किया जाता है।**

एकीकृत परीक्षण केंद्र से इसे दागा गया। इसे आकाश-एनजी मतलब न्यू जेनरेशन की आकाश मिसाइल नाम दिया गया है। यह सतह से हवा में मार करने में सक्षम है। इसे खासतौर पर भारतीय वायुसेना की मारक क्षमता बढ़ाने के लिये बनाया गया है।

पराक्रम दिवस

भारत के पराक्रम और प्रेरणा के प्रतीक हैं नेताजीः प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कोलकाता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती के अवसर पर हुए कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कोलकाता में विक्टोरिया मेमोरियल में 'पराक्रम दिवस' के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर नेताजी पर एक स्थायी प्रदर्शनी और एक प्रोजेक्शन मैपिंग शो का उद्घाटन किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया गया। इसके साथ ही नेताजी पर आधारित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'आमरा नूतोन जोउबोनेरी दूत' का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मां भारती के उस वीर सपूत की जयंती है, जिसने स्वतंत्र भारत के सपने को नई दिशा दी थी। आज वह दिन है, जब हम उस चेतना का जश्न मनाते हैं जो गुलामी के अंधेरे से बाहर निकली थी और जिसने 'मैं स्वतंत्रता की भीख नहीं लूंगा, मैं इसे हासिल करूंगा' जैसे शब्दों से दुनिया की सबसे ताकतवर शक्ति को चुनौती दी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने नेताजी के अदम्य साहस और राष्ट्र

की निःस्वार्थ सेवा को सम्मान देने और याद करने के क्रम में नेताजी की जयंती 23 जनवरी को हर साल 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया है। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि नेताजी भारत की ताकत और प्रेरणा के प्रतीक हैं।

प्रधानमंत्री ने इसे अपनी खुशकिस्मती करार दिया कि 2018 में सरकार ने अंडमान द्वीप का नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप के नाम पर कर दिया था। उन्होंने कहा कि देश की भावनाओं का सम्मान करते हुए नेताजी से संबंधित फाइलों को सरकार द्वारा सार्वजनिक कर दिया गया है। उन्होंने गर्व के साथ 26 जनवरी की परेड में आईएनए वेटरंस परेड की भागीदारी और आजाद हिंद सरकार की 75वीं वर्षगांठ के स्मरण में दिल्ली में लाल किले पर तिरंगा फहराने का सपना पूरा करने का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'यदि, आज हर भारतीय अपने दिल पर अपना हाथ रखे और नेताजी की उपस्थिति को महसूस करे, तो उन्हें वही सवाल सुनाई देगाः क्या तुम मेरे लिए कुछ करोगे? यह काम, यह लक्ष्य आज भारत को आत्मनिर्भर बनाने का है। देश के लोग, देश के हर क्षेत्र के लोग, देश का हर व्यक्ति इसका हिस्सा है।'

प्रधानमंत्री ने संकेत किया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस गरीबी, निरक्षरता, बीमारी को देश की सबसे बड़ी समस्याओं में गिना करते थे। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि हमारी सबसे बड़ी समस्या गरीबी, निरक्षरता, बीमारी और वैज्ञानिक उत्पादन की कमी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि समाज को इन समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होना होगा, हमें इस दिशा में मिलकर प्रयास करने होंगे। श्री मोदी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस आत्मनिर्भर भारत के साथ ही सोनार बांग्ला की भी सबसे बड़ी प्रेरणा हैं। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि देश की स्वतंत्रता में नेताजी ने जो भूमिका निभाई, वही भूमिका पश्चिम बंगाल को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में निभानी है। प्रधानमंत्री ने अंत में कहा कि आत्मनिर्भर भारत देश में आत्मनिर्भर बंगाल और सोनार बांग्ला के लिए भी मार्ग प्रशस्त करेगा।

'न्यू स्टार्ट'

अमेरिका और रूस समयावधि बढ़ाने पर राजी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन फोन पर हुई चर्चा में 'न्यू स्टार्ट'

- **व्हाइट हाउस की तरफ से जारी बयान के अनुसार दोनों नेताओं ने कई अहम सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की।**
- **दोनों ही देश न्यू स्टार्ट समझौते को 5 साल तक और बढ़ाने पर सहमत हुये।**

(स्ट्रेटिजिक आर्म रिडक्शन ट्रिटी) की समयावधि बढ़ाने पर सहमत हो गये हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी जेन साकी ने इस वार्ता की पुष्टि की है। दोनों ही नेता इस बात पर सहमत हुये हैं कि 5 फरवरी तक इस संधि को विस्तार देने की प्रक्रिया पर योजना प्रारूप तैयार किया जाना है। इसके अलावा हथियार नियंत्रण से लेकर सुरक्षा से जुड़े तमाम मसलों पर भी उन्होंने बात की। अमेरिका ने कहा कि अमेरिका, यूक्रेन की संप्रभुता का मजबूती से समर्थन करता रहेगा।

पुर्तगाल में मार्केलो रेबेलो दोबारा राष्ट्रपति चुने गये

पुर्तगाल में पिछले दिनों हुये राष्ट्रपति चुनाव में मार्केलो रेबेलो डिसूजा को फिर से चुन लिया गया है। उन्हें 61 प्रतिशत वोट मिले हैं। पुर्तगाल में संसद और सरकार के पास ही विधायी शक्तियां होती हैं। ज्ञात रहे कि पुर्तगाल में निर्वाचन के लिये उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करना होता है।

वैज्ञानिकों का दावा

पिछले 30 वर्षों में 28 ट्रिलियन बर्फ पिघली

ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने कहा है कि ग्लोबल वार्मिंग और अन्य कारणों की वजह से पिछले 30 वर्षों में लगभग 28 ट्रिलियन

- **धरती के बढ़ते तापमान की वजह से बर्फ लगातार तेजी से पिघल रही है।**
- **तेजी से पिघलती बर्फ की वजह से समुद्र का जलस्तर बढ़ा है।**

बर्फ पिघल गयी है। लीड्स यूनिवर्सिटी की शोध टीम ने कहा कि इतनी बर्फ से तो हम पूरे ब्रिटेन को 300 फीट मोटी चादर से ढंक सकते थे। टीम ने सेटेलाइट के जरिये पाये रिसर्च परिणाम से जाना कि बर्फ पिघलने की दर 1994 के बाद 65 फीसदी बढ़ गई है। तीन दशकों के दौरान उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव से पिघली बर्फ ने इस नुकसान को काफी हद तक बढ़ा दिया है। इस अवधि के दौरान पिघली बर्फ की वजह से समुद्र का जलस्तर बढ़ा है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस तरह से बर्फ का पिघलना और समुद्र के जलस्तर के बढ़ने से वन्यजीव के लिये भी खतरा बढ़ गया है। माना जा रहा है कि यह दुनिया का पहला ऐसा सर्वे है जिसमें सेटेलाइट से मिली तस्वीरों का अध्ययन कर इससे मिले आंकड़ों का प्रयोग बर्फ के नुकसान का आकलन लगाने के लिये किया गया है। इस रिसर्च टीम के प्रमुख और वैज्ञानिक थॉमस स्लेटर के अनुसार वैज्ञानिकों ने पाया कि ग्रीनलैंड और आर्कटिक में बर्फ की चट्टानें तेजी से पानी में समा गई हैं।

नेशनल मरीन टर्टल एक्शन प्लान लॉन्च

विशाल समुद्री जीवों और कछुओं के लिए एक संरक्षण प्रतिमान रखने की आवश्यकता को देखते हुए पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 'मरीन मेगा फौना स्ट्रैंडिंग गाइडलाइन्स' और 'नेशनल मरीन टर्टल एक्शन प्लान' जारी किया। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि समुद्री जैव विविधता सहित पुष्प और जीव विविधता दोनों भारत की सुंदरता है और हमें अपने अतिरिक्त प्रयासों से इन्हें संरक्षित करने की आवश्यकता है। भारत में 7,500 किमी से अधिक की विशाल समुद्र तट के साथ समृद्ध समुद्री जैव विविधता है। व्हेल शार्क, कछुओं और खड़े स्तनधारियों जैसे व्हेल, डॉल्फिन और डॉगोंग से लेकर चमकदार समुद्री चट्टानों सहित रंगीन मछलियों और शार्क से न केवल समुद्री जीवन की विविधता बढ़ती है बल्कि इनसे

मानव हित के कई संसाधन भी पैदा होते हैं। समुद्री व्यापार और परिवहन, भोजन, खनिज संसाधनों, सांस्कृतिक परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों के इन संसाधनों पर लाखों लोग निर्भर हैं और इसी से प्रेरणा लेकर दुनिया भर से पर्यटक भी इनकी ओर आकर्षित होते हैं। भारत में समुद्री जीवन के विशाल आर्थिक, पारिस्थितिक और सांस्कृतिक मूल्यों के बावजूद, यहां की समुद्री जीव प्रजातियों और समुद्री कछुओं को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और इनमें इनका अवैध शिकार शामिल है। ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थितियों के प्रबंधन के लिए समन्वय, कार्रवाई और लोगों की भागीदारी की आवश्यकता होती है जो समुद्री प्रजातियों और उनके आवासों के दीर्घकालिक संरक्षण में मदद करेगा। ये दोनों दस्तावेज समुद्र में, समुद्री किनारों या नाव में फंसे हुए समुद्री जीवों के बचाव प्रबंधन संबंधी कार्यों पर प्रकाश डालते हैं। बेहतर समन्वय के साथ की गई कार्रवाई से समुद्री प्रजातियों और उनके आवासों को होने वाले खतरे को कम किया जा सकता है, समुद्री जीवों के बर्बाद हो चुके आवासों को पुर्नस्थापित किया जा सकता है, लोगों की भागीदारी बढ़ाई जा सकती है, वैज्ञानिक अनुसंधान में आगे बढ़ा जा सकता है, समुद्री स्तनधारियों, समुद्री कछुओं और उनके आवासों के बारे में जानकारियों के आदान-प्रदान को और बढ़ाया जा सकता है।

समुद्री लुटेरों ने तुर्की का मालवाहक जहाज लूटा

समुद्री लुटेरों के गैंग ने तुर्की के मालवाहक जहाज को लूट लिया। उन्होंने एक की हत्या भी कर दी और 15 लोगों को बंधक भी बना लिया। अधिकारियों के अनुसार तुर्की के समुद्री निदेशालय ने बताया कि एम-वी मोजार्ट नाम के पोत के चालक दल के सदस्यों ने

शुरुआत में खुद को सुरक्षित स्थान पर बंद कर लिया था, लेकिन तकरीबन 6 घंटे बाद लुटेरे वहां पहुंच गये, इस दौरान हुये संघर्ष में अजरबैजान निवासी और पेशे से इंजीनियर फरमान इस्मायीलोव की मौत हो गई, जो पोत पर एक मात्र गैर तुर्की सदस्य थे।

भारत

शांति मिशन के लिये संयुक्त राष्ट्र को डेढ़ लाख डॉलर की मदद देगा

भारत ने संयुक्त राष्ट्र को शांति मिशन के लिये डेढ़ लाख डॉलर की मदद देने की घोषणा की है। संयुक्त राष्ट्र में

- **कोरोना महामारी के संदर्भ में वैश्विक समुदाय में शांति स्थापित करने के लिये भारत यह मदद दे रहा है।**

भारत के राजदूत टीएस त्रिमूर्ति ने कहा कि भारत शांति स्थापना की गतिविधियों के लिये अनुदान का हमेशा से समर्थन करता है। ज्ञात रहे कि भारत इस वर्ष शांति स्थापना की गतिविधियों और कार्यक्रम के लिये 150,000 अमेरिकी डॉलर देना चाहता है। भारत के राजदूत ने यह भी कहा कि शांति स्थापना गतिविधियों में महिलाओं और युवाओं द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका से भी भारत वाकिफ है।

रूस ने हटाया ट्रैवल बैन

कोरोना महामारी के चलते भारत सहित चार अन्य देशों पर लगाया गया ट्रैवल बैन रूस ने अब हटा लिया है। रूसी दूतावास ने ट्वीट करते हुये कहा कि भारत, फिनलैंड, वियतनाम और कतर के नागरिकों को रूस में अब प्रवेश मिल सकेगा। इससे संबंधित आदेश पर रूसी सरकार के चेयरमैन मिखाइल मिशुस्तिन ने 25 जनवरी को हस्ताक्षर कर दिये हैं। इन देशों के नागरिकों को हवाई चेक प्वाइंट के जरिये रूस में प्रवेश की इजाजत होगी। इन देशों में आवास की अनुमति वाले लोगों को भी यह सुविधा दी जायेगी। बदले में रूस के नागरिक भी इन देशों की यात्रा कर सकेंगे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।